जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 14 संख्याः 81 प्रभात हिण्डौन सिटी, शुक्रवार 21 जनवरी, 2022 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.



*अमेरिका के सैन डिएगो ज़ू में गंभीर रुप से संकटग्रस्त प्रजाति, सुमात्रन ओरांगुटान के एक बच्चे का जन्म हुआ है। जनवरी के आरंभ में 35 वर्षीय मादा ओरांगुटान, जिसका नाम इन्दाह है, ने एक संतान को जन्म दिया, जिसका नाम काजा रखा गया है। यह नाम इण्डोनेशिया के बोर्निओ के एक आईलैण्ड, कालीमंथन से प्रेरित है। सैनडिएगो में जन्मे ओरांगुटान का बोर्निओ के जंगलों में ही पुनर्वास किया जाता है। ज्ञातव्य है कि, सुमात्रन ओरांगुटान बेहद संकटग्रस्त प्रजाति है। असल में मादा ओरांगुटान तीन से पांच साल में एक बार एक बच्चे को जन्म देती है। इन्दाह ने भी इससे पहले 2014 में एक मादा को जन्म दिया था। सैनडिएगो ज़ू की अंतरिम एग्ज़ीक्युटिव डायरैक्टर, एरिका कोलर ने कहा कि ''गंभीर रुप से संकटग्रस्त इस प्रजाति के बच्चे के जन्म से भविष्य के लिए उम्मीद जगी है। काजा स्वस्थ है, उसकी मां को अवश्य प्रसव के बाद कुछ समस्या हो गई हैं। वन्यजीव विशेषज्ञ, मां और बच्चे की पूरी निगरानी कर रहे हैं।'' लाल रंग के फर वाले ये ओरांगुटान अपना पूरा जीवन पेड़ों पर गुजार देते हैं। असल में इनके नाम, ''ओरांगुटान'' का मलय भाषा में अर्थ है जंगल का मानव। ओरांगुटान की कुल तीन प्रजातियां हैं। सुमात्रन, बोर्निअन और तापानुली। ये सभी बोर्निओ व सुमात्रा के वर्षावनों में रहती हैं। तापानुली को तो 2017 में ही अलग प्रजाति के रुप में मान्यता मिली है। इन्टरनैशनल यूनियन फॉर द कंज़र्वेशन ऑफ नेचर की रैड लिस्ट में तीनों प्रजातियां गंभीर रुप से संकटग्रस्त बताई गई हैं। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड के अनुसार एक सदी पहले तक 2.30 लाख ओरांगुटान थे लेकिन अब सुमात्रन ओरांगुटान की आबादी 14,000, बोर्निअन ओरांगुटान की आबादी लगभग एक लाख और तापानुली ओरांगुटान की आबादी 800 रह गई है। तीनों प्रजातियों की संख्या निरंतर कम हो रही है। इसका मुख्य कारण प्राकृतिक आवास का विनाश जंगल की कटाई और पामऑइल प्लान्टेशन तथा सड़क निर्माण आदि है। कई बार तो स्थानीय लोग भोजन के लिए भी इनकी हत्या कर देते हैं।*

# यू.पी. चुनाव ''बैकवर्ड व फॉरवर्ड'' के संघर्ष में तब्दील होगा?

**योगी आदित्यनाथ (राजपूत) गोरखपुर से व अखिलेश यादव (बैकवर्ड) के करहल (मैनपुरी) से चुनाव लड़ने की घोषणा से यू.पी. का चुनाव फॉरवर्ड-बैकवर्ड के संघर्ष में परिवर्तित होना ही था**

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। उत्तर प्रदेश का चुनाव एक अध्यक्षीय चुनाव के रूप में उभरकर आ रहा है। बताया जाता है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह निर्णय ले लिया है कि वे मैनपुरी जिले की करहल सीट से चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गोरखपुर सदर सीट से खड़ा कर दिया है तथा यहां से सपा के प्रत्याशी की घोषणा चंद रोज़ में ही संभावित है– इस प्रकार उत्तर प्रदेश की चुनावी लड़ाई ''व्यक्तित्वों के टकराव'' (पर्सनलिटी क्लैश) के ईद-गिर्द केन्द्रित होती प्रतीत हो रही है। इस प्रकार की लड़ाई, चुनाव-प्रचार को ''पिछड़े बनाम अगड़े'' की लड़ाई का रूप देने का अवसर यादव को उपलब्ध करा रही हैं। लेकिन चुनाव लड़ने को निर्णय लेना तथा विधान परिषद के माध्यम से विधायक बनने का विकल्प नहीं चुनने के सपा प्रमुख के लिए नुकसान भी हैं।

- **28 साल बाद कोई मु.मंत्री चुनाव लड़ने उतरा है यू.पी. में। अब तक मु.मंत्री, चाहे मायावती हों या अखिलेश यादव, विधान परिषद का सदस्य बनने का आसान रास्ता अपनाते आये हैं।**
- **अखिलेश के चुनाव लड़ने के फैसले के बारे में यह भी कहा जा रहा है कि, अखिलेश भाजपा के ''ट्रैप'' में फंस गये, क्योंकि वे अब अपने चुनाव क्षेत्र में बंधकर रह जायेंगे तथा पूरे राज्य में प्रचार के लिये उपलब्ध नहीं हो पायेंगे।**
- **पर अखिलेश समर्थक कह रहे हैं कि, अपनी सीट पर बंध जाने का कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि चुनाव आयोग के आदेशों के अंतर्गत रैली, जुलूस व आमसभाएं तो वैसे भी आयोजित नहीं की जा सकतीं।**
- **इन समर्थकों के अनुसार, अखिलेश के चुनाव लड़ने से सपा को लाभ ही मिलेगा, क्योंकि ''फ्लोटिंग वोट'' अब सपा की ओर झुकेंगे।**

योगी आदित्यनाथ पिछले 28 वर्षों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद के पहले प्रत्याशी हैं जो चुनाव लड़ रहे हैं। अपने वर्तमान कार्यकाल में वे भी विधान परिषद के सदस्य रहे थे, ठीक वैसे ही जैसे मुख्यमंत्री के रूप में अपने पूर्ववर्ती कार्यकालों में मायावती और यादव रहे थे। इसलिये प्रश्न यह है: क्या अखिलेश चुनाव लड़ने के दबाव के आगे झुककर भाजपा की चाल का शिकार हो गये हैं?

यादव ने पहले तो स्वयं के चुनाव लड़ने की संभावना सिरे से खारिज कर दी थी, हाँ, उन्होंने अपनी स्थिति पर पुनर्विचार करते हुये कहा कि ''अगर पार्टी ने चाहा तो वे चुनाव लड़ेंगे। सपा सूत्रों ने कहा कि अखिलेश ने अतिरिक्त या वैकल्पिक उपाय के रूप में दो विधानसभा क्षेत्र चिन्हित किये थे– आज़मगढ़ जिले की गोपालपुर सीट तथा बदायूँ जिले की गुन्नौर सीट। लेकिन रिपोर्टों के अनुसार, सपा अध्यक्ष का झुकाव करहल सीट से चुनाव लड़ने की तरफ ज्यादा है, जो 2007 के अलावा, 1993 से लेकर अब तक सपा के पास ही रही है। 2007 में, यहाँ से भाजपा प्रत्याशी की जीत हुई थी, जो बाद में सपा में शामिल हो गया था।

चुनाव लड़ने या न लड़ने के यादव के निर्णय से सपा की संभावनाओं पर कोई विशेष प्रभाव पड़ने की संभावना नहीं है। लेकिन सपा के नेतागण फिलहाल ऐसा सोच रहे हैं कि अखिलेश के चुनाव लड़ने से वास्तव में मदद मिलेगी, क्योंकि इस प्रकार के परिदृश्य में किधर भी मुड़ जाने वाले मतदाताओं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विदेशी पक्षी कुरजां के 10 से ज्यादा शव मिले

जैसलमेर, 20 जनवरी (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के लाठी इलाके में विदेशी पक्षी कुरजां के 10 से ज्यादा शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। वन्यजीव प्रेमियों ने लाठी इलाके के डेलासर गांव के निकट कोजेरी नाडी के पास कुरजां बिखरे शवों को देखा है। उन्होंने इसकी जानकारी वन विभाग को दी है। वन्य जीव प्रेमियों ने पक्षियों में बर्ड फ्लू या फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है। अब वन विभाग की जांच के बाद ही विदेशी पक्षियों की मौत की वजह का खुलासा होगा।

- **इन मौतों का कारण बर्ड फ्लू होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।**

वन्य जीव प्रेमी राधेश्याम पेमानी ने बताया कि गुरुवार सुबह जब वो डेलासर गांव के पास घूमने निकले तब कोजेरी नाडी के आसपास के इलाके में कुरजां पक्षियों के 10 से अधिक शव पड़े मिले। एक साथ इतने पक्षियों के शव देखकर वे चौंक गए। उन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। पेमानी ने बताया कि संभवतया इनकी मौत खेत में यूरिया आदि खाने से हुई होगी । अगर ऐसा नहीं है तो फिर बर्ड फ्लू से भी मौत हो सकती है। जैसलमेर के वन्य जीव इलाकों में इन दिनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## '2024 से पहले, दिल्ली को जोड़ने वाले, सभी सड़कों के प्रोजैक्ट पूरे करें'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नैशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एन.एच.ए.आई.) को निर्देश दिये हैं कि वह राष्ट्रीय राजधानी से जुड़े सभी राजमार्गों को 2024 के आम चुनावों से पहले निर्धारित समय से पूर्व ही पूरा कर दे ताकि चुनावों के समय इस काम को मोदी सरकार की उपलब्धि एवं सफलता के रूप में जनता के सामने रखा जा सके।

8 लेन का ग्रीन फील्ड दिल्ली–मुम्बई एक्सप्रेस वे मार्च 2024 में पूरा होना था लेकिन एन.एच.ए.आई. ने मंत्री को आश्वस्त कर दिया है कि यह दिसमबर 2023 तक पूरा हो जायेगा। हो सकता है कि नॉएडा के नजदीक स्थित न्यू जेवर एयरपोर्ट को जोड़ने वाले इस एक्सप्रेस वे के हिस्से को पूरा होने में मार्च 2024 तक का समय लग जाये। एन.एच.ए.आई. एक्सप्रेस वे को समय पर पूरा कर देने का विश्वास जताया है। इसके अधिकारियों का कहना है कि गुड़गाँव से जुड़ने वाला इस एक्सप्रेस वे का 156 किमी लम्बा भाग इस वर्ष जून तक ट्रैफिक के लिये खुल जायेगा।

- **सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 के चुनाव तक सरकार के प्रति माहौल चमकाने के लिये, अपने विभाग को आदेश दिये।**

दिल्ली और हरियाणा के बीच 8 लेन का द्वारका एक्सप्रेस वे इस वर्ष ही जनता के लिये खुल जायेगा, जबकि इसके पूरे होने की मूल अंतिम तिथि अगस्त 2023 थी। इस एक्सप्रेस वे का 19 किमी का हिस्सा अगस्त तक तथा शेष 10 किमी हिस्सा दिसम्बर तक खुल जायेगा, जिसके बाद सड़क के इस हिस्से में ट्रैफिक जाम की समस्या समाप्त हो जायेगी।

दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस वे की पूर्णता की अंतिम तिथि भी जनवरी 2024 से बदलकर नवम्बर 2023 कर दी गई है। वस्तुतः, 210 किमी लम्बा यह एक्सप्रेस वे मार्च 2023 तक पूरा हो जाता, लेकिन देहरादून के निवासियों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में दायर की गई जनहित याचिकाओं के कारण ऐसा नहीं हो सका। शीर्ष अदालत ने अब इस एक्सप्रेस वे को चौड़ा करने की स्वीकृति दे दी है जिससे कि चीन सीमा तक हमारे सैन्य वाहनों के पहुँच सकने की जरूरत पूरी हो सके।

## सीसीटीवी में दिखी बस के साथ घटना स्थल पहुंची पुलिस

अलवर, 20 जनवरी (निसं)। पुलिस ने लहूलुहान मिली मूकबधिर नाबालिग बालिका की गुत्थी सुलझाने के लिए बुधवार आधी रात को पुलिस ने सीन रिक्रिएट किया। पुलिस नाबालिग की जगह डमी लेकर गई। लोक परिवहन बस वही थी, जो 11 जनवरी को पुलिया पर सवारी उतारने रुकी थी। सीन रिक्रिएट करने के बाद निकले नतीजों का पुलिस ने अभी तक खुलासा नहीं किया है।

- **अलवर पुलिस ने आधी रात को मौके पर सीन रीक्रिएट किया। हालांकि बस चालक का कहना है कि, उसने ना तो किसी लड़की को देखा ना ही एक्सीडैंट।**

उधर, बस ड्राइवर का कहना था कि वह पूरे घटनाक्रम से अंजान है। ड्राइवर के अनुसार उसने न तो नाबालिग को देखा और न ही एक्सीडेंट। हां, पुलिया के ऊपर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ब्रिटेन लगभग सभी कोविड प्रतिबंध हटायेगा

**उदाहरण के लिये पब्लिक ट्रांसपोर्ट, स्कूलों व कक्षाओं में मास्क लगाने की अनिवार्यता समाप्त होगी। कर्मचारियों को काम पर लौटने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा**

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 19 जनवरी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा है कि इंग्लैंड में कोविड संबंधी लगभग सभी शेष प्रतिबंध अगले सप्ताह से समाप्त होने शुरु हो जायेंगे, क्योंकि उन पर आरोप लगाये थे कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान ''डाउनिंग स्ट्रीट'' में पार्टियों के विषय में झूठ बोला था, उन आरोपों को लेकर अपेक्षित समर्थ–सहयोग के जबरदस्त अभाव को समाप्त करने के लिये संघर्षरत हैं।

''न्यूयॉर्क टाइम्स'' के अनुसार, ऐसा प्रतीत होता है कि जॉनसन की बुधवार की यह घोषणा उन करीब 100 कन्ज़र्वेटिव जनप्रतिनिधियों को अपने पक्ष में लाने की एक कोशिश है, जो उस समय उनके खिलाफ हो गये थे, जब उन्होंने पिछले महीने कोविड नियंत्रण के लिये विभिन्न कदम उठाये थे। ''डाउनिंग स्ट्रीट'' पार्टियों के विषय में हुये अनेक रहस्योदघाटनों के कारण उन सांसदों में यह साहस पैदा हो गया कि वे जॉनसन सरकार को गिराने के लिय अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिये जोर लगायें।

- **न्यूयॉर्क टाइम्स का कहना है कि, यह प्र.मंत्री बोरिस जॉनसन का, उन 100 कंज़र्वेटिव सांसदों का विश्वास प्राप्त करने का प्रयास है, जो उनके विरोध में आ गये थे, जब उन्होंने ये प्रतिबंध लगाये थे।**
- **जैसा कि विदित ही है, बोरिस जॉनसन पर त्याग पत्र देने का भारी दबाव था, जब से यह खबर लीक हुई थी कि, कोविड के दौरान उनके ऑफिशियल निवास, 10, डाउनिंग स्ट्रीट पर पार्टियों का दौर चलता था।**

कोविड–नीति में परिवर्तनों का अर्थ होगा कि सार्वजनिक आवागमन तथा स्कूल–कक्षाओं में फेस मास्क लगाना जरूरी नहीं होगा, कर्मचारियों को दफ्तर आने के लिये प्रेरित–प्रोत्साहित किया जायेगा तथा बड़े समारोह–स्थलों में प्रवेश के लिये वैक्सीन प्रमाण–पत्र या हाल ही हुये

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सुप्रीम कोर्ट में कोविड संक्रमण

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। शीर्ष अदालत के कई जजों के कोविड–19 की नई लहर में संक्रमित हो जाने से सामान्य कामकाज प्रभावित हुआ है। इसकी वजह से चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया (सी.जे.आई.) एन.वी. रमना को कोर्ट में देर शाम तक रूककर यह तय करना पड़ रहा है कि विभिन्न बैंचों की अध्यक्षता के लिए अगले दिन कौन–कौन से जज मौजूद रह सकते हैं।

- **सुप्रीम कोर्ट के एक दर्जन जज करोना संक्रमित हो गए हैं, जिससे कोर्ट का दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहा है।**

सुप्रीम कोर्ट में कई बैंचों में तीन जज है लेकिन सी.जे.आई. अब मजबूरी में दो जजों की बैंचे ही गठित कर रहे हैं।

वरिष्ठ वकील सी.ए. सुंदरम द्वारा सटलाईट इण्डस्ट्री के मामले की सुनवाई शीघ्र किए जाने की इच्छा जताने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एक के बाद एक सर्वे, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन को ''फेलियर'' बता रहा है

**15 व 16 जनवरी के बीच किये गये नवीनतम सर्वे के अनुसार, 37 प्रतिशत जनता बाइडन को असफल (फेलियर) मानती है, राष्ट्रपति के रूप में**

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 20 जनवरी। अमेरिका के लोगों का मूड यह बयां करता है कि जनवरी 2021 में डैमोक्रेट्स के सत्ता में आने का जश्न अब लगभग समाप्त हो गया है।

एक के बाद एक सर्वेक्षणों में मिली हार बाइडन के सामने है, क्योंकि मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया है। सी.बी.ए. न्यूज/यू.जी.ओ.वी. सर्वे के एक दिन बाद आया पॉलिटिको/मॉर्निंग कन्सल्ट का नवीनतम सर्वेक्षण कार्य प्रदर्शन को लेकर बाइडन को ''विफल'' ग्रेड देता है।

37 प्रतिशत प्रतिभागियों ने उन्हें ''विफल'' अंक दिए, जबकि 12 प्रतिशत ने ''डी'' और 18 प्रतिशत ने ''सी'' ग्रेड दी और 20 प्रतिशत ने कहा कि वे ''बी'' ग्रेड के योग्य हैं। सिर्फ 11 प्रतिशत वोटर्स ने कहा कि जो ने ''ए'' ग्रेड अथवा ''उत्कृष्ट'' अंक दिए जाने योग्य कार्य किया है।

- **इसके अतिरिक्त 12 प्रतिशत जनता उनके कामकाज को ''डी'' ग्रेड स्तर का मानती है। 18 प्रतिशत उन्हें ''सी'' ग्रेड (एवरेज) स्तर का राष्ट्रपति आंकती है। केवल 20 प्रतिशत जनता उन्हें ''बी'' ग्रेड देने को राजी है तथा केवल 11 प्रतिशत जनता उनके कामकाज को ''उत्तम'' (एक्सलैंट) आंकती है।**
- **अधिकतर जनता राष्ट्रपति बाइडन को विदेशी राष्ट्रों से संबंधों के मामलों में, कोविड-19 से निपटने में तथा इकॉनमी को स्वस्थ रखने में असफल मानती है।**
- **और अधिक दुखद समाचार यह है कि, सर्वे के अनुसार 41 प्रतिशत जनता मानती है कि, समय के साथ बाइडन का कामकाज और गिरता जायेगा।**
- **बाइडन के साथ-साथ उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को भी असफल मानती है जनता।**

विदेशी मामलों, कोविड–19 और अर्थव्यवस्था को लेकर करीब आधे वोटर्स ने भी बाइडन को एक विफल ग्रेड दी।

पॉलिटिको एण्ड मॉर्निंग कन्सल्ट ने 15 से 16 जनवरी के बीच 2005 रजिस्टर्ड वोटर्स का सर्वे किया था।

न्यूज़वीक की एक रिपोर्ट कहती है कि पिछले वर्ष के जनवरी माह में जब राष्ट्रपति बाइडन ने पदभार ग्रहण किया था, तब उनकी अप्रूवल रेटिंग 50 से भी अधिक थी, लेकिन अमेरिकी फौज की अफगानिस्तान से वापसी की गलती करोना वायरस की ओमक्रॉन लहर और बढ़ती महंगाई सहित पिछले छह माह में हुए श्रृंखलाबद्ध संकटों के बाद उनकी रेटिंग गिरकर 41 प्रतिशत रह गई है। राष्ट्रीय एकता के मुद्दे पर बाइडन को न्यूनतम अंक मिले। प्रतिभागियों के 52 प्रतिशत ने उन्हें इस मामले में एक विफल ग्रेड दी। यह निष्कर्ष अमेरिकी संसद कैपिटॉल हिल में हुए उपद्रवों की पहली बरसी के बिल्कुल बाद सामना आए हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मूल निवास

जोधपुर, 20 जनवरी (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने गुरूवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय दिया। इसमें कहा गया कि शादी होने के आधार पर किसी महिला का मूल निवास स्थान नहीं बदला जा सकता। वह अपने माता–पिता के रहने के स्थान से मूल निवास प्रमाण पत्र की हकदार है। टीएसपी क्षेत्र का मूल निवास प्रमाण पत्र आवेदन खारिज किए जाने के बाद एक महिला ने इसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

- **शादी होने पर भी महिला का मूल निवास नहीं बदला जा सकता, हाई कोर्ट ने निर्णय लिया।**

बड़ी सादड़ी निवासी 26 वर्षीय अनिता सुथार ने याचिका दायर कर कहा था कि उसका जन्म चित्तौड़गढ़ में हुआ। बरसों तक वह अपने माता–पिता के साथ वहां रही। उसके पास चित्तौड़गढ़ का मूल निवास प्रमाण पत्र भी है। शादी के बाद वह अपने ससुराल बड़ी सादड़ी आ गई। चित्तौड़गढ़ टीएसपी क्षेत्र में आता है। ऐसे में उसने तहसीलदार के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

देह एक रथ है, इन्द्रिय उसके घोड़े, बुद्धि सारथी और मन लगाम है।
केवल देह पोषण करना आत्मघात है। –ज्ञानेश्वरी

# चुनाव, मीडिया व मतदाता

देश के पाँच राज्यों में वहां की विधान सभा के लिये चुनाव होने जा रहे हैं। अनेक राजनैतिक पार्टियां चुनाव मैदान में हैं। चुनावों में जातिवाद, धर्म निरपेक्ष ताकतें, आरक्षण, हिन्दुत्व, भू-माफिये, पूंजीपति सभी सक्रिय होकर खलनायक के रूप में मतदाता के सामने, चुनाव दंगल को नया रंग देने पर तत्पर दिखाई दे रहे हैं। मतदाताओं को भ्रमित करना चाहते हैं। मतदाता चौराहे पर खड़ा है, भ्रम में है, कहां जावे सोच रहा है। यों गत चुनावों ने यह सिद्ध कर दिया है भारत का मतदाता समझदार है। वह जानता है दागी लोग फिर न आ जावें। उसे चिन्ता है कहीं वे आ गये तो देश का सौहार्द्र बिगड़ जावेगा। वह तो समता, समरसता व समानता में विश्वास रखता है विकास चाहता है, आगे बढ़ना चाहता है। उसे डर है सभी तथाकथित धर्म निरपेक्ष ताकतों से। उसे विश्वास है संविधान की उद्दात भावनाओं में, जिनका संकल्प संविधान की उद्देशिका में उनने स्वयं लिया है। उसके इस संकल्प में राजनीति हावी होना चाहती है। ये ताकतें भ्रम पैदा करने को आमादा हैं। चुनाव आयोग नये नये प्रयोग कर अपेक्षा कर रहा है, चुनाव निष्पक्ष हों। चुनावों में डिजीटलाइजेशन का प्रयोग होगा। कई प्रतिबंध लगाये गये हैं, क्योंकि कोरोना व उसके वैरिएंट की महामारी का खतरा पैर पसार चुका है। अन्नदाता भी चुनावों में अपनी राजनैतिक भूमिका अदा करने पर तत्पर हैं।

चुनाव एक संवैधानिक प्रक्रिया है। मतदान मतदाता का अधिकार है। मत देने के हेतु निर्णय लेना अभिव्यक्ति का मूल अधिकार है। मतदाता जागृत है वह सोचता है, उसके लिये कानून बनाने वाला आदमी कौन है? क्या वह चरित्रवान है, पढ़ा-लिखा है, सुसंस्कृत है? क्या उसका विश्वास जातिवाद में है? क्या वह धर्म निरपेक्ष है? क्या वह जातिवाद, वंशवाद, लिंगभेद का विरोधी है? क्या उम्मीदवार उन कर्त्तव्यों की पालना कर रहा है, जिनका उल्लेख संविधान के अनुरूप 51क में दिये हैं?

चुनाव तो 1951 से ही हो रहे हैं, और चुनाव कानून भी लगभग वही है। मतदाताओं को पहले भी लुभाया जाता था, किन्तु तरीका भिन्न था। कुछ समय से एक नये तरीके को काम में लिया जा रहा है। अब जब चुनाव का समय होता है, राजनैतिक पार्टियां बढ़-चढ़ कर कई सेवाओं का मुफ्त में देने की घोषणायें करती हैं। कोई बिजली-पानी मुफ्त देता है, कोई अनाज, तो कोई केश ग्रान्ट, स्कूटी, टेबलेट व न जाने क्या-क्या। जनता तमाशा देखती है। कोई नहीं पूछता यह पैसा कहां से आयेगा। जनता का पैसा और जनता को ही दान। ऐसा प्रतीत होता है, जनता हर चीज मुफ्त में चाहती है। जनता को निकम्मा बना देगी ये राजनैतिक पार्टियां। समय है, इस प्रवृत्ति पर लगाम लगाने का। यही समय है जब हमें अपने को भी बदलना होगा। कानून को भी बदलना होगा। लोग अधिकारों की बात करते हैं, किन्तु संविधान में जो मूल कर्त्तव्य दिये हैं, उनकी बात कोई नहीं करता है, उनकी उपेक्षा अवश्य हो रही है। धर्म व जाति वाद बेरोजगारी व मंहगाई चुनावों में हावी है कानून प्रभावशाली नहीं है। चुनावों में सर्वोच्च न्यायालय व चुनाव कमीशन ने उम्मीदवार को रिजेक्ट करने का अधिकार दिया, किन्तु इसका प्रयोग नगण्य है।

चुनाव में खड़े होने वाले व्यक्ति के लिये आवश्यक है वह शपथ पत्र भरकर घोषणा करेगा कि वह किसी केस में सजायाफ्ता नहीं है और न गम्भीर अपराध में उसके विरूद्ध चार्ज लगाया गया है। उसकी मय परिवार कितनी सम्पत्ति है। वह योग्य व्यक्ति है और उसकी योग्यता क्या है? फार्म में इन बातों को भरना होगा। इनकी जांच भी होगी, किन्तु इसका अभिप्राय इतना ही है कि झूठे तथ्य पाने पर उसे फौजदारी सजा अपराध के लिये हो सकती है, चुनाव पर इसका कोई प्रभाव नहीं होगा। क्या यह कार्यवाही कागजी मात्र नहीं है? समझ से परे है कि क्यों नहीं उम्मीदवार के लिये योग्यता का मापदण्ड निश्चित कर दिया जावे? यह योग्यता मानी जावे कि चुनाव वही लड सकता है जो अच्छा पढ़ा-लिखा हो व जिसने संविधान के अनुच्छेद 51क के अनुसार अपने कर्त्तव्यों की पालना की है।

**मतदान आपका अमूल्य अधिकार है, सोचो कहीं आप अपनी तकदीर को तो नहीं बेच रहे हो। आपकी समझदारी से ही अच्छी सरकार को जो विकासशील हो, भ्रष्टाचार मुक्त हो, पढ़े-लिखों की तथा चरित्रवान व्यक्तियों की हो, तथा संविधान के प्रति निष्ठावान हो व मूल कर्त्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्प हो, लानी होगी।**

दिनांक 2 जनवरी 2017 को 7 जजों की पीठ ने 4-3 के बहुमत से निर्णय दिया है वह स्पष्टत: शंका से ग्रसित है। किन्तु दोनों निर्णयों में यह स्पष्ट रूप से माना कि धर्म, जाति के नाम पर वोट मांगना और देश में द्वेषता का वातावरण स्थापित कर एक दूसरे के प्रति घृणा की प्रवृत्ति उत्पन्न करना सर्वथा अनुचित आचरण है और यदि कोई ऐसा करता है तो निश्चित ही उनका कृत्य करप्ट प्रेक्टिस है और ऐसे व्यक्ति का निर्वाचन रद्द होना चाहिये। बहुमत के निर्णय को जन प्रतिनिधित्व कानून में आवश्यक संशोधन कर सार्थक व उपयोगी बनाना चाहिये।

लोकतंत्रात्मक गणराज्य (डेमोक्रेसी) में प्रिन्ट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया का अपना स्थान है, उसे न्यायिक व्यवस्था, विधायिका व एक्जीक्यूटिव के बाद चतुर्थ स्तम्भ का स्थान दिया है। सबल, सुसंगठित और समाजवादी धर्म निरपेक्ष प्रेस, जनता का सजग प्रहरी है। मीडिया का कर्त्तव्य है कि वह स्वयं अपने स्व:विवेक से काम करे। इलेक्शन के समय प्राय: यह सुनने को मिलता है कि कुछ अखबार अपनी स्पेस बेच रहे हैं तथा सनसनी खेज खबरों का अधिक महत्व दे रहे हैं, मीडिया के प्रति यह आलोचना हो, यह उचित नहीं है। याद रहे, मीडिया जनता की आंख व कान होता है वह जनता के हितैषी है। मतदाता को सही रास्ता बताने का कार्य मीडिया ही कर सकता है। मीडिया का कर्त्तव्य है कि वह कानून की, चुनाव आयोग के निर्देशनों की, न्यायालय के निर्णयों की सही जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाये। मीडिया ही है जो समाज को सुधार सकता है, सामाजिक परिवर्तन ला सकता है और मतदाता को सही व्यक्ति को चुनने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। नये भारत का निर्माण कर सकता है।

मतदाता को अपने सांसद/विधायक को चुनना है इसलिये आवश्यक यह है कि वह यह तो अपेक्षा करेगा ही कि उसके हेतु कानून बनाने वाला व्यक्ति पढ़ा-लिखा है, विवेकशील है, संविधान की समझ रखता है, तथा शुद्ध चरित्र का व्यक्ति है। मतदाता से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने मत का प्रयोग किसी लाभ के बिना किसी प्रलोभन व दबाव के करेगा।

चुनाव के समय यह सुनने को मिल रहा है बीजेपी के विधायक, विपक्ष की पार्टियों में जा रहे हैं और कांग्रेस समाजवादी पार्टियां अन्य पार्टी के विधायक बीजेपी में जा रहे हैं। यह ट्रेन्ड उचित नहीं है। ऐसे व्यक्तियों के संबंध में जो लगभग पांच वर्ष तक विधायक रहने के बाद यह कह रहे हैं कि पार्टी ने जाति विशेष के हेतु कोई काम नहीं किया उन्हें कानून बनाकर अथवा वर्तमान कानून में संशोधन कर डिसक्वालीफाई किया जाना चाहिये कि वे अन्य पार्टी के टिकिट पर चुनाव नहीं लड़ सकेंगे, न सदस्य ही बनेंगे और इन्हें विधायक की पेंशन से वंचित किया जाना चाहिये। गणतंत्र में दलबदलुओं के लिये कोई स्थान नहीं होना चाहिये। यदि कोई व्यक्ति पार्टी छोड़ना चाहता है तो उसके एक वर्ष बाद पार्टी छोड़नी होगी, और वह पेंशन का अधिकारी नहीं होगा। यों मेरी धारणा तो यह है कि सांसदों/विधायकों को पेंशन दिया जाना संवैधानिक नहीं है।

हमारा अपना संविधान है। राष्ट्र धर्म निरपेक्ष है। यहां रूल ऑफ लॉ की व्यवस्था है। देश के लोगों ने धर्म निरपेक्षता को संविधान में ऊँचा स्थान दिया है, किन्तु हम बनते जा रहे हैं धर्म विहीन। हमारा धर्म व कर्म सभी अपनी नीति खो चुके हैं। राजनीति धर्म व जातिवाद में बंट गई है। भ्रष्टाचार मय जीवन ही कला बनता जा रहा है। राजनीति आधार हीन है। देश को प्रगति पथ पर विकास की ओर ले जाना है तो जन जन को शिक्षित करना ही होगा। अब तक राजनैतिक दलों ने जनता को आरक्षण व पिछडों को अशिक्षित रखकर वोटों की राजनीति की है। हमें शिक्षित सांसदों/विधायकों को जो चरित्रवान हैं उन्हें संसद/विधान सभा में भेजना है। भ्रष्टाचार समाप्त करना है।

हे! देश के मतदाताओं जरा सोचो ये मुफ्त सुविधाओं के वायदे व लोभ केवल मात्र स्वार्थ के हेतु हैं, ये हमें बेकार बना देंगे। अपनी मेहनत पर विश्वास करो। बिजली, पानी, निवास, अन्न, शिक्षा व स्वास्थ्य की रक्षा यह सब देना गरिमा मय जीने के अधिकार में आते हैं और राज्य का कर्त्तव्य है कि ये सब आपको प्राप्त हों। अच्छी सरकार चुनों ये सुविधायें आपको प्राप्त होंगी ही। कैसे राज्य करेगा, यह राज्य का दायित्व है। मतदान आपका अमूल्य अधिकार है, सोचो कहीं आप अपनी तकदीर को तो नहीं बेच रहे हो। आपकी समझदारी से ही अच्छी सरकार को जो विकासशील हो, भ्रष्टाचार मुक्त हो, पढ़े-लिखों की तथा चरित्रवान व्यक्तियों की हो, तथा संविधान के प्रति निष्ठावान हो व मूल कर्त्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्प हो, लानी होगी। जहां हिंसा को कोई स्थान न हो बन्धुत्व की भावना हो तथा प्राणी मात्र के प्रति करूणा की भावना हो व पर्यावरण की रक्षा का संकल्प हो।


जय हिन्द !

–अतिथि सम्पादक
पानाचन्द जैन
पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट

# दीवान टोडर मल जैन–अभूतपूर्व त्याग की मिसाल



डॉ. पी. सी. कंठालिया






हाल ही में सिखों के दसवें गुरु श्री गोविन्द सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह, बाबा फ़तेह सिंह और माता गुजरी जी के क़ुर्बानी को नमन करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रति वर्ष 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की है परन्तु दीवान टोडर मल जैन द्वारा राष्ट्र और धर्म के लिए गए त्याग एवं बलिदान को भुला चुके हैं।

खालसा पंथ की स्थापना के बाद मुगल शासकों, सरहिंद के नवाब वजीर खां के आक्रमण के बाद 20-21 दिसंबर 1704 को मुगल सेना से युद्ध करने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी ने परिवार सहित श्री आनंदपुर साहिब का किला छोड़ा। सरसा नदी पर गुरु गोबिंद सिंह जी का परिवार जुदा हो गया। बड़े साहिबजादे अजीत सिंह, जुझार सिंह गुरु जी के साथ रह गए, जबकि छोटे बेटे जोरावर सिंह और फतेह सिंह माता गुजरी जी के साथ थे। रास्ते में माता गुजरी जी को गंगू मिला, जो किसी समय पर गुरु महल की सेवा करता था। नौकर गंगू उन्हें बिछड़े परिवार से मिलाने का भरोसा देकर अपने घर ले गया। इसके बाद सोने की मोहरों के लालच में गंगू ने वजीर खां को उनकी खबर दे दी। वजीर खां के सैनिक माता गुजरी और 9 वर्ष के साहिबजादा जोरावर सिंह और 6 वर्ष के साहिबजादा फतेह सिंह को गिरफ्तार करके ले आए। उन्हें लाकर ठंडे बुर्ज में रखा गया और उस ठिठुरती ठंड से बचने के लिए कपड़े का एक टुकड़ा तक ना दिया।

रात भर ठंड में ठिठुरने के बाद सुबह होते ही दोनों साहिबजादों को वजीर खां के सामने पेश किया गया, जहां उन्हें इस्लाम धर्म कबूल करने को कहा गया। लेकिन गुरु जी के दोनों बेटों ने इनकार कर दिया। उन्हें सिर झुकाने के लिए कहा तो दोनों ने जवाब दिया कि हम अकाल पुरख और अपने गुरु पिता के अलावा किसी के भी सामने सिर नहीं झुकाते। वजीर खां ने दोनों को काफी डराया, धमकाया और प्यार से भी इस्लाम कबूल करने के लिए राजी करना चाहा, लेकिन दोनों अटल रहे। आखिर में दोनों साहिबजादों को जिंदा दीवारों में चुनवाने का आदेश दिया। सिरहिन्द के फतेहगढ़ साहिब में दोनों साहिबजादों को जीवित ही दीवार में चुनवा दिया दोनों साहिबजादों की शहीदी की खबर सुनकर माता गुजरी जी ने प्राण त्याग दिए। गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब उस स्थान पर खड़ा है जहां दो साहिबजादों एवं माता गुजरी की 12 दिसंबर, 1705 के दिन क्रूर हत्या की गई थी। वर्तमान कैलेंडर के अनुसार 26 दिसंबर को आता है। साहिबजादों के त्याग की वीर गाथा आप-हम सबने कही न कहीं सुनी होगी पर दीवान टोडर मल जैन की अनुठे त्याग के बारे में बहुत कम को जानकारी है।

दीवान टोडर मल जैन, जो कि इसी क्षेत्र (सिरहिन्द, पंजाब) के एक धनी व्यक्ति थे, सामाना में जन्मे टोडरमल जैन जमीनी मामलों के जानकार होने के कारण सरहिंद के नवाब वजीर खां के दरबार में दीवान के पद पर असीन थे टोडर मल जैन ने राष्ट्र और धर्म के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गुरु गोविंद सिंह जी एवं उनके परिवार के लिए अपना सब कुछ क़ुर्बान करने को तैयार थे। उन्होंने वज़ीर खान से साहिबज़ादों के पार्थिव शरीर की माँग की, और वह भूमि, जहाँ वे शहीद हुए थे वहीं पर उनकी अंत्येष्टि करने की इच्छा प्रकट की। टोडर मल जी ने कई बार वजीर खान से मन्नते की परन्तु उसने भूमि देने से साफ़ मना दिया बार-बार अनुरोध करने पर वज़ीर खां ने धृष्टता दिखाते हुए भूमि देने के लिए एक अटपटी और अनुचित माँग रखी। वज़ीर खां ने माँग रखी कि इस भूमि पर सोने की मोहरें बिछाने पर जितनी मोहरें आएँगी वही इस भूमि का दाम होगा दीवान टोडर मल जी जैन ने अपने सब भंडार ख़ाली करके जब मोहरें भूमि पर बिछानी शुरू की तो वज़ीर खां ने धृष्टता की पराकाष्ठा पार करते हुए कहा कि मोहरें बिछा कर नहीं बल्कि खड़ी करके रखी जाएँगी ताकि अधिक से अधिक मोहरें वसूली जा सकें। दीवान टोडर मल जी जैन ने अपना सब कुछ बेच-बाच कर और मोहरें इकट्ठी कीं और 78,000 सोने की मोहरें देकर चार गज़ भूमि को ख़रीदा ताकि गुरु जी के साहिबज़ादों का अंतिम संस्कार वहाँ किया जा सके विश्व के इतिहास में ना तो ऐसे त्याग की कहीं कोई और मिसाल मिलती है, ना ही किसी भूमि के टुकड़े का इतना भारी मूल्य कहीं और आज तक चुकाया गया।

गुरु गोविन्द सिंह जी को जब बाद में इस बारे में पता चला तो उन्होंने दीवान टोडर मल जैन से कृतज्ञता प्रकट की और उनसे कहा कि वे उनके त्याग से बहुत प्रभावित हैं, और उनसे इस त्याग के बदले में कुछ माँगने को कहा। दीवान टोडर मल जी जैन ने गुरु जी से कहा कि यदि कुछ देना ही चाहते हैं तो कुछ ऐसा वर दीजिए कि मेरे घर पर कोई पुत्र ना जन्म ले और मेरी वंशावली यहीं मेरे साथ ही समाप्त हो जाए। इस अप्रत्याशित माँग पर गुरु जी सहित सब लोग हक्के-बक्के रह गए। गुरु जी ने दीवान जी से इस अद्भुत माँग का कारण पूछा तो दीवान जी का उत्तर ऐसा था जो रोंगटे खड़े कर दे। दीवान टोडर मल जैन ने उत्तर दिया कि गुरु जी, यह जो भूमि इतना महंगा दाम देकर ख़रीदी गयी और आपके चरणों में न्योछावर की गयी, मैं नहीं चाहता कि कल को मेरी आने वाली नस्लों में से कोई कहे कि यह भूमि मेरे पुरखों ने ख़रीदी थी। यह थी राष्ट्र एवं धर्म के लिए किये गए नि:स्वार्थ त्याग की सबसे बड़ी मिसाल जिसे सरकार भूल चुकी है।

जिन तीनों महान् विभूतियों का स्वयं अंतिम संस्कार किया। उसी स्थान पर फतेहगढ़ साहिब में गुरुद्वारा श्री ज्योति स्वरूप बना हुआ है जिसके बेसमैंट का नाम सिख समाज ने स्मृति स्वरूप दीवान टोडरमल जैन हॉल रखा है। टोडर मल की हवेली को जहाज महल के नाम से प्रसिद्ध है एवं फतेहगढ़ साहिब से एक किलोमीटर दूर है हवेली का रखरखाव गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पास है लेकिन उसे भव्य बनाने की आवश्यकता है। पंजाब सरकार को चाहिए कि इस ऐतिहासिक हवेली को अपने कब्जे में लेकर इसे बड़े स्मारक के तौर पर विकसित करे ताकि आने वाली पीढ़ियों को उनके इतिहास से रूबरू करवाया जा सके। त्याग और बलिदान की इस गाथा को भी हमारे गौरवशाली इतिहास से गायब कर दिया गया।


**–डॉ. पी. सी. कंठालिया**
**पूर्व प्रोफेसर एवं प्रमुख मृदा वैज्ञानिक**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रो. विश्वविद्यालय, उदयपुर**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "आज़ादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान" का आगाज़ किया

**आबूरोड,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरूवार को ब्रह्माकुमारीज संस्था के आबूरोड स्थित शांतिवन परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके साथ सात अभियानों को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि त्याग और कर्त्तव्य भाव से करोडों देशवासी आज स्वर्णिम भारत की नींव रख रहे हैं। राष्ट्र की प्रगति से ही हमारी प्रगति है। यही भाव एक ताकत बन रहा है। सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास देश का मूलमंत्र बन रहा है। हम ऐसी व्यवस्था बना रहे है। जिसमें भेदभाव की जगह ना हो। ब्रह्माकुमारीज संस्थान का प्रभाव पूरे विश्व में है। मुझे उम्मीद है आने वाले समय में इस अभियान में एक नयी उर्जा का संचार होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस अभियान में स्वर्णिम भारत के लिए भावना भी है और साधना भी है। अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों के लिए इदं न मम् का भाव जागने लगता है तो समझिए हमारे संकल्पों के जरिए एक नए कालखंड का जन्म होने वाला है। एक नया सवेरा होने वाला है।

प्रधानमंत्री ने ब्रह्माकुमारी बहनों से आव्हान किया कि हमारा दायित्व है कि दुनिया भारत को सही रूप में जाने। ऐसी संस्थाएं जिनकी एक अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति है, वे दूसरे देशों के लोगों तक भारत की सही बात को पहुंचाएं। भारत के बारे में जो अफवाहें फैलाई जा रही हैं, उनकी सच्चाई वहां के लोगों को बताएं, जागरूक करें, ये हम सबका कर्तव्य है। भारत की आध्यात्मिक सत्ता आप सभी ब्रह्माकुमारी बहनें इसी परिपक्वता के साथ निभाएं।

- **इसके साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सात अभियानों को हरी झंडी दिखाई**
- **'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास देश का मूलमंत्र बन रहा है'**
- **ब्रह्माकुमारीज संस्था के आबूरोड स्थित शांतिवन परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया**
- **हमारा देश हमेशा से वसुधैव कुटुम्बकम की भावना वाला रहा है : मुख्यमंत्री गहलोत**




**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रह्माकुमारीज संस्था के आबूरोड स्थित शांतिवन परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर अभियान का वर्चुअल शुभारंभ किया।**


इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि हमारा देश हमेशा से वसुधैव कुटुम्बकम की भावना वाला रहा है। शांति, अहिंसा, एकता और सदभाव हमारे मूलमंत्र है। यह बहुत खुशी की बात है कि ब्रह्माकुमारीज के चार हजार केन्द्रों से इसे बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि बचपन से ही यहां आता रहा हूं। यहां दादियों ने मुझे मूलमंत्र दिया है कि जब भी तनाव हो तो तीन बार ओम शांति बोलना। यह संस्थान आने वाली पीढी को अच्छे संस्कार देने का कार्य कर रही है। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि यह अभियान स्वर्णिम भारत की झलक और आधुनिक भारत की छवि दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यहां की आध्यात्मिक जीवनशैली समाज को नई दिशा दिखा रही है। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जे किशन रेड्डी ने कहा कि अमृत महोत्सव के तहत ब्रह्माकुमारीज के आयोजनों से दुनिया को नया रास्ता मिलेगा। इसके तहत संस्थान का 15 हजार कार्यक्रमों के जरिए दस करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा है।

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज अच्छा काम कर रही है। आजादी के अमृत महोत्सव से जन-जन को लाभ मिलेगा। इस अभियान से समाज में अच्छा संदेश जाएगा, इसलिए ब्रह्माकुमारीज को बधाई देता हूं। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मोहिनी ने कहा कि सभी के जीवन मूल्यों का विकास हो उसके लिए हम सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। संस्थान के महासचिव बीके निर्वेर, अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन तथा कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये।

समारोह में राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र, संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी, फिल्म निदेशक सुभाष घई समेत कई लोग उपस्थित थे। ग्रेमी अवार्ड विनर रिक्की केज की ओर वीडियो एलबम भी रिलीज किया गया।

**इन सात अभियानों का प्रधानमंत्री ने किया शुभारंभ :** मेरा भारत स्वसथ भारत के तहत वैक्सीनेसन अभियान जिसमें गांव-गांव में लोगों के लिए वैक्सीन लगाने और जागरूक किया जायेगा। आत्मनिर्भर किसान में किसानों को यौगिक-जैविक खेती के प्रति जागरूक करने, महिलाएं नए भारत की ध्वजवाहक अभियान, 'अनदेखा भारत' साइकिल रैली, सड़क सुरक्षा के लिए देशभर में 1500 बाइक रैली, आबूरोड़ से दिल्ली जाने वाली 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' मोटरसाइकिल रैली रवाना व युवाओं को सशक्त बनाने के लिए 'बस यात्रा' और 'स्वच्छ भारत अभियान चलाया जायेगा। वही ब्रह्माकुमारी संस्था से प्रधानमंत्री के तीन बड़े आव्हान किये जिसमें नागरिकों में कर्तव्य भावना का विकास करें। भारत की सच्चाई को दूसरे देशों के लोगों तक पहुंचाए तथा आत्म निर्भर भारत को गति देवे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### शुक्रवार 21 जनवरी, 2022

माघ मास कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2078, मघा नक्षत्र प्रात: 9:43 तक, सौभाग्य योग दिन 3:04 तक, विष्टि करण प्रात: 8:52 तक, चन्द्रमा आज सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग दिन 9:43 से सूर्योदय तक है। भद्रा प्रात: 8:52 तक है। आज सौभाग्य सुंदरी व्रत, संकष्ट चतुर्थी और तिलकुटा चौथ व्रत है। चन्द्रोदय जयपुर में रात्रि 9:09 पर होगा। आज से राष्ट्रीय माघ मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर सूर्योदय से 8:40 तक, लाभ-अमृत 8:40 से 11:19 तक, शुभ 12:38 से 1:57 तक, चर 4:36 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:55

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**वृष**
परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। परिवार में सुसंदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य व्यवस्थित होने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण परामर्श मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। आज अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु**
शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं रहेगा। स्वभाव की तेजी पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। अनावश्यक धन खर्च होगा। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

**कुंभ**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**मीन**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यावसायिक व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी।

# सैनी समाज जिलाध्यक्ष सीएल सैनी का अभिनंदन

■ कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों हिस्सा लिया

**गंगापुर सिटी।** सैनी समाज जिलाध्यक्ष सी. एल. सैनी के सानिध्य में कोविड-19 की पालना करते हुए बुधवार रात्रि को नववर्ष मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों सहित सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व सर्वसमाज के गणमान्य नागरिकों ने हाल ही निर्विरोध निर्वाचित हुए सैनी समाज के जिलाध्यक्ष सी. एल. सैनी का माला व साफा पहनाकर स्वागत-सत्कार किया। गुलदस्ते भेंट कर शुभकामनाएं दी। विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर नगर परिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, सैनी विकास संस्थान अध्यक्ष भागचंद सैनी, सैनी समाज युवा जिलाध्यक्ष राजेश सैनी, त्रिलोक ठेकेदार, दीपक नरूका, लाला ठेकेदार, पार्षद मदन पचौरी, राजकुमार खण्डेलवाल, हनुमान गुप्ता, विजय ठाकुरिया, बाबूलाल बीटीसी, कौशल बोहरा, राजेंद्र खारवाल, रामकिशोर रलावता वाले, दीपक खण्डेलवाल, उत्तम आदिवासी, बाबूलाल गुप्ता, महेश गुप्ता, हनुमान अग्रवाल नारौली वाले, कमलेश प्रोप्टी औलाबाडा, राजेंद्र दुसाद, थोक फल-सब्जी मण्डी अध्यक्ष दीवान पंजाबी, बाबू खान, मुंशी आडतिया मौजूद थे।

इनके अलावा कल्लू आडतिया, मोहनलाल सैनी ठेकेदार, तहसील अध्यक्ष सैनी समाज, रामफूल सैनी, मिर्जापुर अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा समिति, पप्पू मुंशी अध्यक्ष मुंशी संघ, मदमोहन सैनी जिला परिषद सदस्य, मोहरसिंह रिटेल सब्जी मंडी अध्यक्ष, हरिचरण सैनी धर्मशाला अध्यक्ष, कुंजीलाल अध्यक्ष निशुल्क कोचिंग क्लासेज, सुरज्ञानी सरपंच हिंगोट्या, हरकेश पं. समिति सदस्य गंगाजी की कोठी, घनश्याम डायरेक्टर महूकला, सीताराम मिर्जापुर, गोपाल प्रॉपर्टी बालाजी, हरिकिशन नंदपुरा, रघुवीर सैकेट्री जाट बडौदा, रामकेश खानपुर बडौदा, डॉ. बीएल बंदरपुरा, गोपाल गार्ड बगीची, बच्चू आडतिया महूकला, काडूराम सैनी पूर्व पार्षद, गिर्राज ठेकेदार सलारपुर, मोतीलाल पूर्व सरपंच चौकी, दिनेश सैनी उप सरपंच नौगांव, के आर गंडस, रामलाल गहलोत नगर, दुर्गालाल पेमापुरा, मोहनलाल पाटोला, रामप्रसाद जलोखरा, डॉ. बद्रीलाल बाढकलां, जगदीश अध्यापक सेवा, किशोरी पूर्व सरपंच, रामकेश सलारपुर, रामसिंह पूर्व सरपंच टोकसी, दिनेश चिरौली, जगमोहन नेता पैमापुरा, मानसिंह बंदरपुरा, रामजीलाल जलोखरा, टिंकू चौकी, भरतलाल हबीबपुर, तहसील मीडिया प्रभारी मनमोहन सलारपुर, अशोक, राधेश्याम नौगाँव, बबलू महूकलां, राज मिर्जापुर, टाइगर युवा टीम सवाई माधोपुर, एवं गंगापुर सिटी युवा टीम सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## वैर में साढ़े आठ बजे ध्वजारोहण होगा

**वैर, (निसं)।** गणतंत्र दिवस को गरिमा पूर्वक मनाने के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। पंचायत समिति समिति सभागार में आयोजित हुई बैठक में राष्ट्रीय पर्व की तैयारियो की समीक्षकी गई जिसमें राज्य सरकार द्वारा कोविड 19 की गाइडलाइन के तहत गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के दिशा निर्देश दिए।

मुख्य समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान में आयोजित होगा जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।सरकारी विद्यालय व कार्यालयों में साढ़े आठ बजे ध्वजारोहण किया जायेगा।

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह स्थल पर सैनिटाइजर की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा की जाएगी। चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेने वाले आगंतुकों की थर्मल स्क्रीनिंग तथा सैनिटाइजेशन किया जायेगा।कुर्सियां गाइडलाइन के अनुसार सोशल डिस्टेंस के अनुसार लगाई जायेगी।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कोविड 19 की जागरूकता के भाषण व मेडिकल प्रदर्शनी की जायेगी। बिना मास्क के कोई भी समारोह स्थल पर प्रवेश नहीं करेगा।

# लूटेरी दुल्हन लाखों के जेवर व नगदी लेकर फरार

**बयाना (निस)।** बयाना के गांव सिकंदरा निवासी एक जनें की पत्नी बीती रात्रि को अपने ही पति को नशीला पदार्थ मिला दूध पिलाकर पति के मूर्छित होने के बाद घर में रखे लाखों रूपए के जेवरात व नगदी और एंड्रॉयड फोन को लेकर चम्पत हो गई। वारदात का पता सुबह 10 बजे बाद तब लगा जब पति घर से बाहर नही निकला और उसकी पत्नी भी घर में नजर नही आई तो पड़ोसियों ने आवाजें दीं। पीड़ित पति भगवान सिंह निवासी सिकंदरा को अर्द्धमूर्छित अवस्था में परिजन व गांव वासी बयाना के अस्पताल लाए, जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया है। लुटेरी दुल्हन की तलाश में उसके पति के परिजन दो अलग अलग गाडियां लेकर उसके रिश्तेदारों के यहां गए हुए है। जिसके चलते समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नही कराई जा सकी है। सूचना पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची। पीडित भगवानसिंह निवासी सिकंदरा ने बताया है कि उसकी शादी धौलपुर जिले के बाडी थाना क्षेत्र के गांव मोहरीकापुरा में उसके मामा के एक रिश्तेदार ने 10 लाख रूपए लेकर इस दुल्हन से कराई थी। शादी हुए करीब ढाई माह हुए है। बीती रात्रि को उसकी पत्नी नीलम पुत्री सतीष गूजर निवासी गुडो गांव धौलपुर घर में रखे करीब 1 लाख रूपए के जेवरात, एक एंड्रायड फोन व 40 हजार रूपए लेकर रफूचक्कर हो गई। नीलम के मायके पक्ष में केवल उसकी मां बताई । उसके पिता की पूर्व में हत्या हो चुकी बताई और उसके दो भाई जेल में बताए है।






## आग लगने से सामान जलकर राख

**भरतपुर (निसं)।** भरतपुर जिले के थाना अटलबंद के कोतवाली समीप देर रात्रि को एक खोखा में आग लग गई जिसमे उसमें रखा 50 हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया। मौके पर रात्रि को गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों को आग लगने की सूचना मिली जिस पर उन्होंने अपने अधिकारियो और आग बुझाने के लिए दमकल कर्मियों को सूचना दी जिस पर मौके पर पहुंचकर दो दमकलों ने आग पर काबू पाया।

## जांच के लिए खाद्य के नमूने लिए

**करौली (निं.स)।** मिलावट खोरी रोकने के लिए जिले में त्रैमासिक शुद्ध के लिए युद्ध अभियान संचालित है, जिसके तहत खाद्य निरीक्षण टीम ने कार्यवाही करते हुए खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश चंद मीणा ने बताया कि प्रदेश व्यापी शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत जिले में मिलावटी वस्तुओं के सैंपल लिए जा रहे हैं। जिनकी जांच कर मिलावट खोरों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि एफएसओ जगदीश प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में गठित टीम ने करौली में मानवी डेरी से दूध का सैम्पल लिया।

## सिलिकोसिस पीड़ित ने तोड़ा दम

**बयाना।** बयाना क्षेत्र के गांव तुरतीपुरा निवासी सिलिकोसिस बीमारी से पीडित बुजुर्ग कैलाषी जाटव पुत्र नत्थी ने उपचार के दौरान दम तोड दिया जिसका आज बयाना के अस्पताल में पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा।

# आरबीएम चिकित्सालय का निरीक्षण किया

■ **जिला कलेक्टर ने औचक निरीक्षक कर चिकित्सालय में संचालित विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी ली, अस्पताल में मिल रही हैं आमजन को सुविधाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके आवश्यक दिशा-निर्देश दिये**

**भरतपुर (निसं)।** भरतपुर संभाग के सबसे बड़े आरबीएम अस्पताल का जिला कलेक्टर अलोक रंजन ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नए जिला कलक्टर आलोक रंजन ने अपना पद्भार सभालने के अगले दिन गुरूवार को राजकीय हॉस्पीटल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ नगर निगम आयुक्त कमल राम मीणा, आरबीएम पीएमओ डॉ जिज्ञासा साहनी, सहित अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी और डॉक्टर मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने आरबीएम अस्पताल के मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के काउण्टर का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सालय में ओपीडी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली साथ ही चिकित्सालय में संचालित विभिन्न सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी को कोविड-19 की तीसरी लहर को दृष्टिगत देखते हुए ऑक्सीजन प्लांट का भी जायजा लेकर व्यवस्थाऐं दुरूस्त रखने के निर्देष दिये। उन्होंने चिकित्सालय के प्रभारी अधिकारी को चिकित्सालय में बेहतर सफाई व्यवस्था करवाने के निर्देष दिये। उन्होंने चिकित्सालय में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों के बारे में भी जानकारी ली।

आरबीएम अस्पताल पहुंचकर उन्होंने वहां चल रही गतिविधियों को समझा और अस्पताल में चल रहे कार्यो को देखा। भरतपुर कलेक्टर अलोक रंजन ने बताया ड्रॉक्टरो और विभाग में अटके कार्य, अस्पताल में आए मरीजों की विभिन्न समस्याओ , इस समय चल रहे कोरोना को देखते हुए अस्पताल में चल रही गतिविधियों को जानना जरुरी था। राजस्थान सरकार की चल रही चिरंजीवी योजना को जानने के लिए और चिरंजीवी योजना का आमजन को क्या सुविधाएं अस्पताल में मिल रही हैं आमजन को इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। पदभार ग्रहण के बाद जिला कलेक्टर अलोक रंजन का ये पहला निरिक्षण हैं।

कोरोना काल के दौरान अस्पताल की गतिविधियों को जानने के लिए वे अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों , मरीजों और स्टाफ की समस्याओ को समझा, सफाई कार्य को देखा और आरबीएम अस्पताल की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के दिएनिर्देश, आरबीएम हॉस्पिटल में चल रहे कार्य का अवलोकन किया।

## दवा वितरण केन्द्र को 24 घण्टे खोलने की मांग

**मण्डरायल (निं.स)** युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंचायती राज मंत्री एवं जिला कलेक्टर व सीएमएचओ को दवा वितरण केंद्र 24 घंटे खोलने की मांग करते हुए पत्र लिखा है।

मण्डरायल उपखंड मुख्यालय पर एक लाख से अधिक आबादी क्षेत्र होने के चलते आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुदृढ़ चिकित्सा व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मण्डरायल उपचार के लिए पहुंचते हैं लेकिन राज्य सरकार की निशुल्क दवा योजना का केंद्र महज ओपीडी समय में खुलने से लोगों को ओपीडी समय के बाद दवाइयां बाहर से लेने को मजबूर हैं मण्डरायल युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राज भारद्वाज ने बताया कि मण्डरायल उपखंड क्षेत्र के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा वितरण केंद्र 24 घंटे नहीं खुलने से परेशानी हो रही है। जिसके चलते क्षेत्रीय विधायक एवं पंचायती राज ग्रामीण विकास मंत्री रमेश मीणा एवं करौली जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत के नाम पत्र लिखकर समस्या समाधान की मांग की है।

# कौडिया गैंग के मुख्य सरगना सहित तीन गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी (का.सं.)।** जिला स्पेशल टीम और श्री महावीर जी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने कौडिया के मुख्य सरगना 5000 रुपये के इनामी बदमाश लाला कौडिया सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से इस गैंग से जुड़े अन्य बदमाशों के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौरिया ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप और ऑपरेशन वांटेड चलाया जा रहा है जिसके तहत कार्रवाई करते हुए जिला स्पेशल टीम एवं श्री महावीरजी थानाधिकारी धर्म सिंह ने मय जाप्ता संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पूर्वी राजस्थान में आतंक का पर्याय बने 5000 के इनामी बदमाश कौडि़या गैंग के मुख्य सरगना लाला और कमल किशोर पुत्र कालूराम और कार्ड जाति मीणा निवासी कौडि़या थाना श्री महावीर जी व उसके सहयोगी बने गैंग के सक्रिय सदस्य 2000 रुपये के इनामी बदमाश पप्पू उर्फ पीएल पुत्र गोपाल मीणा निवासी भड़क्या थाना कुड़गांव तथा ओमप्रकाश उफ ओपी पुत्र मानसिंह जाति मीणा निवासी नयागांव थाना सरमथुरा जिला धौलपुर को एक 12 बोर बंदूक व चार अवैध देसी कट्टा सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे 9 जिंदा कारतूस और परिवहन में काम में ली जा रही बोलेरो गाड़ी भी जप्त कर ली है। उल्लेखनीय है कि श्री महावीरजी के कौडि़या गांव में दो गैंग सक्रिय हैं। जिनमें एक भोरू कोडिया जिसका सरगना भोरू उर्फ भूर सिंह मीणा निवासी कौडिया है। वहीं गैंग के सक्रिय सदस्य उसके दोनों भाई राजेश मीणा व राजकुमार मीणा तथा उसके चचेरे भाई अजय और हनी मीना है। जिन्हें थाना श्री महावीर जी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। दूसरी गैंग लाला कोडिया गैंग है। जिसका मुख्य सरगना लाला उर्फ कमल किशोर मीणा जिस के सक्रिय सदस्य पप्पू उर्फ पी एल, ओपी उर्फ ओमप्रकाश सहित हिस्ट्रीशीटर मुकेश मीणा है।

## चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट, 4 घायल

**हिण्डौन सिटी (का.सं.)।** समीप के गांव खेड़ीहैवत मे चुनावी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में दो 4 जने घायल हो गये, जिन्हें राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने घायलों के पर्चा बयान पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

राजकीय अस्पताल में भर्ती समीप के गांव खेड़ीहैवत निवासी कुम्हेर सिंह ने बताया कि चुनावी रंजिश के चलते बुधवार की सायं को गांव के ही निवासी कुछ लोगों ने चुनाव में पराजित हुए एक पक्ष के कुछ लोगों पर लाठी, डंडा व धारदार हथियार से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि इस दौरान बीच-बचाव करने आए उसके भाई कमल सिंह पत्नी विमला देवी तथा लक्ष्मी देवी को भी लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इधर मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉक्टर ओपी मीणा ने बताया ने कि चुनावी रंजिश को लेकर अपने झगड़े में कुबेर सिंह पुत्र भरोसे लाल कमल सिंह पुत्र भरोसी लाल विमला देवी पत्नी कुम्हेर सिंह, तथा लक्ष्मी देवी पत्नी कमल सिंह घायल हो गयी।

# मूक बधिर निर्भया से हुई घटना के विरोध में राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**सूरौठ (नि.सं.)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज गुरुवार को अलवर में मूक बधिर दिव्यांग निर्भया के साथ गैंग रैप की बर्बर घटना को अंजाम देने वाले दरिंदों की गिरफ्तारी मूक बधिर निर्भया को शीघ्र न्याय की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम सूरौठ तहसीलदार बाबू को ज्ञापन सौंपा गया।

राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के करौली जिला अध्यक्ष उदय सिंह चौधरी ने बताया कि घटना के नौ दिन बीतने पर भी अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं होने पर दिव्यांगों के प्रति असंवेदनशीलता के विरोध में ज्ञापन के माध्यम से दिव्यांग नाबालिग मूक बधिर बालिका के दरिंदों को फांसी के फंदे तक पंहुचाने, दिव्यांग के साथ कोई गैंग रैप नहीं होने के गैर जिम्मेदार बयान देने वाले संवेदनहीन अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने तथा दिव्यांग बालिका के सरकारी खर्चे पर संपूर्ण इलाज, परिवार को समुचित सुरक्षा, पुनर्वास हेतु पचास लाख का नगद मुआवजा तथा पीडिता व उसके परिजनों को उच्च स्तरीय सुरक्षा प्रदान की जाए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो उसके लिए ठोस कदम उठाए जाएने की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मांग की व इस मौके पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के महामंत्री मगन सिंह चौधरी तहसील उपाध्यक्ष जसवंत सिंह भारतीय किसान यूनियन टिकट है राजनीतिक के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश डागुर सोमली सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपने के मौके पर उपस्थित रहे।

## बाल कल्याण समिति अध्यक्ष ने कलेक्टर से की मुलाकात

**करौली (निं.स)।** जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ने सदस्यो के साथ जिला कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हे गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने जिला कलेक्टर राजेन्द्र सिंह शेखावत से मुलाकात करते हुए करौली जिला बाल कल्याण समिति के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में एवं जिले में बाल श्रम,भिक्षा वृत्ति रोकने हेतु समिति,चाइल्ड लाइन,श्रम विभाग एवं मानव तस्करी यूनिट द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के बारे में चर्चा की। जिससे जिला कलेक्टर ने बाल कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस मौके पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा,सदस्य फजले अहमद एकट बोध ग्राम के मनोज शर्मा उपस्थित थे।

# स्कूली छात्रों में झगड़ा, चार घायल

**हिण्डौन सिटी (का.सं.)।** समीप के गांव फाजिलाबाद में विद्यालय में दरी पटटी जलाने को लेकर कुछ छात्रों में झगडा हो गया जिसमें चार विधार्थी घायल हो गये। घायलों में से दो को राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। जिनका पुलिस तहरीर पर मेडिकल भी करवाया गया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

सदर थानाधिकारी कृपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र के गांव हरिनगर निवासी बनैसिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका पुत्र नितिन सहित गांव के कई विद्यार्थी समीप के गांव फाजिलाबाद स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पढने जाते है।

आरोप है कि वहां कुछ विधार्थी दरी पटिटयों को जलाकर ताप रहे थे जिस पर उसके पुत्र नितिन व उसके साथियों ने इन छात्रों से दरी पटटी जलाने के लिए मना किया तो आरोपी विधार्थी हरिशंकर, हरिओम, अंकुश, विकास, इशांत आदि ने उनसे गाली गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। जिसमें नितिन,अजय, दीपक और राहुल चार विधार्थी घायल हो गये। बताया जा रहा है कि इन घायल विधार्थियों को परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इधर मामले में सदर थाने में प्राथमिकी भी पेश की।

सदर थाना पुलिस ने पेश की गई प्राथमिकी के आधार पर पीडित विधार्थी नितिन और अजय का राजकीय अस्पताल मोहन नगर में मेडिकल करवाया है। इधर पुलिस मामले में कार्रवाही कर रही है। इधर इस मामले में विद्यालय की प्रधानाचार्य एनजी राम मीणा ने बताया कि विश्राम काल में विद्यालय के गेट के बाहर कुछ बाहरी लोगों ने छात्रों के साथ मारपीट की घटना की थी जानकारी मिलने पर तुरंत उनको बीच-बचाव किया गया।

## कलेक्टर का स्वागत किया

**भरतपुर (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत जिला भरतपुर टीम के द्वारा भरतपुर के नवपदस्थापित जिला कलेक्टर आलोक रंजन का भव्य स्वागत किया।

जानकारी देते हुए जिला महामंत्री तेजसिंह महावर ने बताया कि जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मीणा के नेतृत्व में आज जिला कलेक्टर से सौहार्द पूर्वक मुलाकात कर उनका स्वागत किया। साथ ही शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए एक से आठवीं कक्षा तक के छात्रों की छुट्टी करने वाले निर्णय की सराहना की।इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष प्राची कुमकुम सिंह ने कलेक्टर महोदय को संगठन की जानकारी दी। नवीन जिला कलेक्टर महोदय ने शिक्षक समस्याओं के समाधान का वादा किया। स्वागत कार्यक्रम में इस अवसर पर महिला प्रवक्ता अंजू डागुर व अखिलेश कुमारी एवं किशन सिंह, नरेंद्रसिंह, राकेश कुमार, प्रेमसिंह सहित, शशिरानी, वीरेन्द्रसिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने अस्पताल का निरीक्षण किया

**हिण्डौन सिटी (का.सं.)।** कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को राजकीय अस्पताल का निरीक्षण किया निरीक्षण के बाद डॉक्टरों की मीटिंग लेकर कोविड-19 के मरीजों के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा डॉक्टर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गुरुवार को कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने राजकीय अस्पताल के आईसीयू वार्ड में 2 भर्ती कोविड,19 के मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने अस्पताल की ऑक्सीजन प्लांट तथा आईसीयू सहित कई वाडी का निरीक्षण किया। कलेक्टर शेखावत को आईसीयू कब से मोर्चरी की तरफ भरे दूषित पानी को देखकर नाराजगी जतायी। शीघ्र सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के निर्देश दिये। अन्य व्यवस्थाएं सही पाई गयी। इस पर कलेक्टर ने संतोष व्यक्त किया।

जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत ने उपखंड अधिकारी अनूप सिंह सीएमएचओ दिनेश चंद मीणा, सीओ किशोरी लाल, आयुक्त कीर्ति कुमारी,पीएमओ डॉ नमो नारायण मीणा, बीसीएमओ दीपक चौधरी, डॉ आशीष शर्मा, डॉक्टर अजय गुप्ता, डॉ रामहरि मीणा, डॉक्टर अजय शर्मा, सहित सभी डॉक्टरों की मीटिंग ली। मीटिंग में मौजूद सभी डॉक्टर्स को कोरोना व ओमिक्रोन वायरस के मरीजों के उपचार में कोई भी कमी नहीं आये। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाये।तथा लोगों को मास्क व दो गज की दूरी बनाने तथा एडवाइजरी की पालना कराने के निर्देश दिये।वैक्सीनेशन के शतप्रतिशत लक्ष्य को हासिल करने के दिशा निर्देश दिये।

खांसी बुखार के सामान्य मरीजों की विशेष जांच करें और सेंपलिंग के कार्य पर विशेष जोड़ दें संक्रमण को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये।

## किशोर गृह का किया निरीक्षण

**करौली (निं.स)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश प्रशान्त अग्रवाल द्वारा गुरूवार को राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह करौली का निरीक्षण किया गया।

अपर जिला एवं सेंशन न्यायाधीश प्रशान्त अग्रवाल के निरीक्षण के दौरान गृह के अधीक्षक कृष्णकान्त सांखला,किशोर न्याय बोर्ड सदस्य माधवलाल शर्मा उपस्थित थे। इस दौरान गृह में 08 विधि से संघर्षरत बालक निवासरत मिले। जिनमें से 07 बालकों को कोविड वैक्सीनेशन कराया जा चुका था। तथा एक बालक को वैक्सीन नहीं लगवाई गई जिसके लिए शीघ्र वैक्सीनेशन के निर्देश दिये गये निरीक्षण के दौरान प्रशांत अग्रवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण करौली द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह में आवश्यक मूलभूत सुविधओं तथा सरकार द्वारा समय-समय पर जारी कोविड-19 से बचाव हेतु जारी दिशा निर्देशों की कठोरता से पालना सुनिश्चित की जा रही है अथवा नहीं का निरक्षण किया गया। इस दौरान उन्होने गृह में उपस्थित बालकों से सौहार्दपूर्ण वार्ता कर उनकी समस्याओं व सुविधाओं के बारे में जाना।

# ‘बच्चों को खेल-खेल में सिखाने का प्रयास करें’

**सवाई माधोपुर, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी ने गुरूवार को शिक्षा विभाग की जिला निष्पादक समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि दिए गए लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति की जाए। उन्होंने कहा कि अब अतिरिक्त मेहनत कर बच्चों के बेहतर शिक्षण को बनाए रखते हुए उन्हें खेल-खेल में सिखाने का प्रयास करें। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर जिले की शिक्षा रैंकिंग सुधारने के लिए गहन मंथन किया। जिले में प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले ब्लॉक के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रशंषा पत्र देने तथा नीचे के तीन स्थान पर रहने वाले ब्लॉकों को भीं रैंकिंग सुधार के लिए समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सीडीईओ से कहा कि जिन बिन्दुओं में जिला पीछे चल रहा है, उनमें माइक्रो मेनेजमेंट प्लान तैयार कर उन कमियों को दूर करने का प्रयास करें। जिला रैंकिंग के बिंदुओं में पिछडने पर सभी ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को विशेष प्रयास कर स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने आईसीटी लेब में जन सहभागिता प्राप्त करने में पीछे रहने वाले ब्लॉक के सीबीईओ को विशेष प्रयास करने तथा सभी सीबीईओ शीघ्र शेष बचे हुए विद्यालयों में आईसीटी लेब के लिए सहभागिता राशि जमा करवाकर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। बैठक में सीबीईओ चौथ का बरवाडा, खंडार, गंगापुर ने सहभागिता राशि के चेक भी जमा करवाए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विद्यालयों में साफ-सफाई तथा अनुपयोगी सामानों की नीलामी/निस्तारण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रारंभ कार्य जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों के लिए आने वाले पोषाहार के गेहूं एवं चावल के संबंध में प्राप्ति एवं वितरण की समीक्षा की तथा सीबीईओ एवं अन्य अधिकारियों को इसकी सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कॉम्बो पैक का वितरण के संबंध में सैंपल प्राप्त होने के प्राप्त पूरी पारदर्शिता रखते वितरण करवाने के निर्देश दिए।

## पांच दिन बाद सूर्य की किरणे पड़ी

**भरतपुर (निसं)।** भरतपुर में पड़ रही कड़ाके की सर्दी से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया हैं। आज पांच दिन बाद सूर्य नारायण ने दर्शन दे थोड़ी बहुत राहत जरूर दी लेकिन धूप लोगो को सिर्फ पांच घंटे ही नसीब हुई। पांच दिन बाद सूर्यनारायण के निकलने से आमजन ने धूप का आनंद लेने के बाद थोड़ी राहत की सांस जरूर ली लेकिन कहावत सही कही हैं ।

सिर मुढाते ही पड़ गए ओले आज पांच दिन बाद धूप तो निकली लेकिन बूंदा बांदी के पड़ने से मौसम ने करवट ली और कुछ देर की धूप से खिले लोगो के चेहरे थोडी देर बाद ही वापिस मुरझा गए। मावट पडने के साथ ही आसमान में बादल छा जाने से धूप ओझल हो गई जिससे सुबह हुए खुशनमा मौसम को फिर से सर्दी ने आपने आगोस में ले लिया। हल्की मावट पडने से मौसम में उतार आ गया जिससे ठिठुरन बढ गई हैं तापमान में गिरावट आने से आमजन फिर से परेशान हो गए। मावट से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे है फसल के लिहाज से खेतो के लिए मावट अच्छी बताई जा रही हैं वही आमजन को सर्दी से राहत के लिए अभी और गर्म कपडे और गर्म पदार्थो व अलाव का सहारा लेना पड़ेगा।

# पर्यटन मंत्री जिला स्तरीय गणत्रंत दिवस पर करेंगे झण्डारोहण

**भरतपुर (निसं)।** पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री विष्वेन्द्र सिंह 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित जिला स्तरीय गणत्रंत दिवस समारोह-2022 में मुख्य अतिथि के रूप में झण्डारोहण करेंगे। इसके पष्चात वे दोपहर 1 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

इसके अलावा गणतंत्र दिवस 2022 को हर्शोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाये जाने के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर(षहर) रघुनाथ खटीक की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) खटीक ने मुख्य समारोह स्थल पर सफाई, पेयजल, दमकल वाहन की व्यवस्था नगर निगम आयुक्त को, विद्युत व्यवस्था के लिए बीईएसएल को, सचल चिकित्सा वाहन मय चिकित्सा टीम, दवाएं रखने के लिए चिकित्सा विभाग को, टेंट व्यवस्था, माइक व्यवस्था, सामान्य एवं वीआईपी बैठक व्यवस्था, गमलों की व्यवस्था, स्टेज की व्यवस्था करने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय ध्वज की व्यवस्था के लिए रिजर्व पुलिस निरीक्षक को, मुख्य अतिथि को परेड के निरीक्षण के लिए वाहन की व्यवस्था के लिए उपवन संरक्षक वन्य जीव को, कानून एवं यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस विभाग को, समारोह की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी के लिए उपनिदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क को निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चौराहों एवं ऐतिहासिक दरवाजों सहित प्रशासनिक कार्यालयों पर रोशनी की व्यवस्था नगर निगम, मुख्य चौराहों पर रंगोली की व्यवस्था भारत स्काउट गाईड संघ द्वारा करने के निर्देश दिये। मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के सम्भागीयों एवं दर्शकों की कोविड-19 चिकित्सकीय प्रोटोकॉल के तहत प्रवेश द्वार पर थर्मल स्क्रीनिंग कराने, हैंड सैनेटाईजेशन कराने एवं मास्क लगाने की अनिवार्यता रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये साथ ही मुख्य समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सोशल डिस्टेंसिंग की सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि समस्त राजकीय, निगम बोर्ड, स्वायत्तशाषी, निजी कार्यालय, शिक्षण संस्थाऐं एवं प्रतिष्ठान गरिमापूर्ण रूप से ध्वजारोहण करेंगे।

**आकस्मिक निरीक्षण किया :** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने गुरूवार को जिला कलक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं एवं कोश कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर रंजन ने सतर्कता शाखा में विभिन्न पोर्टलों एवं जनसुनवाई के तहत प्राप्त प्रकरणों के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये साथ ही उन्होंने कार्मिकों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कार्यप्रणाली में और अधिक सुधार लाकर चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश कार्मिकों को दिये। उन्होंने षाखाओं में संधारित किये जा रहे रजिस्टरों की जांच की। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई रखने के भी निर्देश दिये।

## अवैध बजरी खनन व परिवहन का आरोपी गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी।** बाटोदा थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन और परिवहन में एक बदमाश को गुरुवार शाम गिरफ्तार किया है। वह पिछले 11 महीने से फरार चल रहा था। पुलिस मामले में फरार चार अन्य साथियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में आरोपी ओमप्रकाश मीना निवासी गांव कोडिया को गिरफ्तार किया गया है। पिछले करीब 11 महीने से पुलिस आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही थी। गुरुवार शाम मुखबिर से सूचना मिली कि वह गांव में दिखा है। सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी ओमप्रकाश मीना को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके चार साथियों के बारे में पूछताछ करने के साथ पकडने के लिए दबिश दे रही है। गौरतलब है कि 2० फरवरी 2०21 को पुलिस जाब्ते को सूचना मिली कि टिगरिया बरनाला रोड पर अवैध बजरी से भरी 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली निकल रही है। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की तो पांचों ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोडकर ड्राइवर मौके से भाग निकले। बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर मालिका को पहचान की।

# लगातार बढ़ रहे करोना ग्राफ ने प्रशासन की चिंता बढ़ाई, जोधपुर में फिर हुई एक मौत

## गुरुवार को 851 करोना संक्रमित मिले, 750 को डिस्चार्ज किया

**जोधपुर, (कासं)।** शहर में कोरोना का बढ़ता ग्राफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार इसके केसों में बढोत्तरी हो रही है। हालांकि गुरुवार का दिन राहत भरा रहा। आज जोधपुर में 851 संक्रमित मिले। इससे पूर्व बुधवार को एक दिन में ही 1212 संक्रमित मिलने से प्रशासन भी सकते आ गया था। आज एक जने की मौत भी हुई है। पिछले तीन दिन में पांच मौतों ने चिंता बढ़ा दी है।

कोरोना की तीसरी लहर के उठा होते ही नगर निगम भी अलर्ट मोड में आ गया है और अपने कर्मचारियों से शहर के श्मशान स्थलों की सूची मांगी है, ताकि कोरोना संक्रमितों का दाह संस्कार पूरी गाइड लाइन के अनुसार किया जा सके। वहीं प्रशासन व चिकित्सा विभाग पहले से अलर्ट मोड में चल रहे है।

- **बुधवार को एक दिन में ही 1212 संक्रमित मिलने से प्रशासन भी सकते आ गया था**

**दूसरी लहर में गई कई जानें:-** जोधपुर में कोरोना की दूसरी लहर के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। उस समय मृतकों के अंतिम संस्कार में लकड़ियों की कमी न हो इसके लिए कई समाज के लोग आगे आए थे। हालांकि इस बार हालात इतने बेकाबू नहीं है। कल बुधवार को 253 दिन बाद 1212 संक्रमित मिले थे। इससे पहले 12 मई 2021 को 1260 रोगी मिले थे। आज 750 संक्रमितों को ठीक होने पर डिस्चार्ज भी किया गया। मौतों के लिहाज से शांत कोरोना पिछले तीन दिन से सक्रिय हुआ है। आज कुल 4374 लोगों की जांच की गई उसमें 851 पोजीटिव पाए गए। एक्टिव केस का आंकड़ा 5384पर जा पहुंचा है।

**नगर निगम भी अलर्ट मोड़ पर:-** जनवरी माह में कोरोना संक्रमित दो लोगों की मौत के बाद नगर निगम उत्तर अलर्ट मोड़ में आ गया है। निगम (उत्तर) आयुक्त राजेंद्रसिंह कविया ने निगम उत्तर के सभी छह मुख्य सफाई निरीक्षक (सीएसआई) से उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले श्मशान-कब्रिस्तान की तत्काल सूची पेश करने को कहा है ताकि कोरोना संक्रमित की मृत्यु के बाद उसका कोविड प्रोटोकॉल का सम्मानपूर्वक निःशुल्क अंतिम संस्कार किया जा सके।

## उदयपुर जिले में 810 पॉजिटिव मिले, 590 रिकवर, 66 भर्ती

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में गुरूवार को 810 संक्रमित मिले है। जिले में आज 590 संक्रमित रिकवर हुए है वहीं अस्पताल में 66 भर्ती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 3532 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 2722 नेगेटिव व 810 पॉजीटिव मिले है।

शहरी क्षेत्र में मिले 502 संक्रमितों में 66 कोरोना वॉरियर्स, 291 नए संक्रमित, 142 क्लॉज कांटेक्ट व 03 माइग्रेंट शामिल है। ग्रामीण क्षेत्र में मिले 308 संक्रमितों में 46 कोरोना वॉरियर्स, 44 क्लॉज कांटेक्ट व 218 नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 64140 हो गया है। जिले में लगातार बड़ी संख्या में मिल रहे संक्रमितों के बीच राहत की बात यह है कि जिले में रिकवर भी बडी संख्या में हो रहे है। आज 598 संक्रमित रिकवर हुए है। जिले में एक्टिव केस की संख्या 4730 है इनमें से अधिकांश 4664 होम आइसोलेटेड है वहीं अस्पताल में भर्ती संक्रमितों की संख्या 66 है।

## जैसलमेर में करोना से बुजुर्ग की मौत, 185 नये पॉजिटिव आए

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर शहर में करोना की तीसरी लहर के बीच एक व्यक्ति की कोरोना से मौत हो गई। दरअसल जैसलमेर के मजदूर पाड़ा निवासी एक 55 साल के बुजुर्ग की कोरोना के चलते जोधपुर के एम्स हॉस्पिटल में मौत हो गई। मृतक का कोरोना गाइडलाइन के तहत गुरुवार को अंतिम संस्कार किया गया।

जैसलमेर में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बीच तीसरी लहर में इस साल में यह पहली मौत है। जिले में कोरोना से मौत की बात करें तो अब तक जिले में 143 लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है। कोरोना की तीसरी लहर में पहली मौत होने से लोगों में थोड़ा भय भी आया है और कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चलते लोग कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण करवा रहे है। सीएमएचओ डॉ कुणाल साहू ने बताया कि शहर के मजदूर पाड़ा निवासी 55 साल के बुजुर्ग का जोधपुर के एम्स अस्पताल में दिल कि बीमारी का इलाज चल रहा था। 13 जनवरी को उनकी कोरोना की रिपोर्ट पोजिटिव आई थी।

बुधवार रात को उनकी कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो गई। गुरुवार को जैसलमेर में उनका कोरोना गाइडलाइन के तहत अंतिम संस्कार किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है लेकिन वो ज्यादा गंभीर नहीं है। जिले में 185 जने गुरुवार को कोरोना से पॉजिटिव पाए गए। जैसलमेर शहर में 31 व ग्रामीण क्षेत्र में 07 जिले के सम ग्रामीण इलाकों में 45, पोकरण शहर में 35 और पोकरण ग्रामीण क्षेत्र में 67 कोरोना से पॉजिटिव पाए गए।वहीं 174 जने गुरुवार को कोरोनामुक्त घोषित किए गए।

# सीआईडी ने चौमूं में एक करोड़ रुपये की चरस पकड़ी

**जयपुर, (निसं)।** सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर की टीम द्वारा सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध लगातार बड़ी कार्रवाईयां की जा रही है। गुरुवार को भी टीम ने जयपुर आयुक्तालय के चौमूं थाना क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए 5 किलो अवैध मादक पदार्थ चरस बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध डॉ.रवि प्रकाश ने बताया कि बरामद की गई चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड रुपए आंकी गई है। गुरुवार को

- **पुलिस ने बरामद की गई चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपए बताई**



सीआईडी क्राइम ब्रांच जयपुर की टीम ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग से लाई गई 5 किलो चरस के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया।

सीआईडी क्राइम के डीएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के दिशा निर्देशन एवं सीआई राम सिंह के नेतृत्व में टीम ने चोमू थाना क्षेत्र के टाटियावास टोल टैक्स के पास चौमू थाना पुलिस के सहयोग से नाकाबंदी कर अमृतसर पंजाब से जयपुर आ रही प्राइवेट बस में बैठे तस्कर मोहम्मद आरिफ अली पुत्र इकबाल निवासी कुम्हारों का मोहल्ला अजमेर के पास से 5 किलो चरस बरामद की है।

उप महानिरीक्षक पुलिस अपराध राहुल प्रकाश ने बताया कि आरिफ यह चरस अजमेर में सप्लाई करने के लिए ले जा रहा था। आरिफ पहले भी कई बार जम्मू कश्मीर व पंजाब से चरस लाकर सप्लाई कर चुका है। पूछताछ में आरिफ ने बताया कि वह चरस जम्मू कश्मीर के अनंतनाग निवासी बशीर से लाया है। बसीर यह चरस पाकिस्तान से मंगवाता है और फिर संपूर्ण भारत में मुस्लिम बाहुल्य में रहने वाले तस्करों को सप्लाई करता है।

डीआईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि 3 पैकेट में मिली 5 किलो चरस जप्त कर तस्कर आरिफ को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरूद्ध चौमूं थाने पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपी से तस्करी से जुड़े संपूर्ण नेटवर्क के बारे में गहनता से पूछताछ जारी है। जिससे और भी कई खुलासे होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि आरोपी को डिटेन करने वाली टीम में सीआई राम सिंह नाथावत एएसआई दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली व शंकर दयाल शर्मा एवं कांस्टेबल रविंद्र सिंह शामिल थे। इस संपूर्ण कार्रवाई में हेड कांस्टेबल शाहिद अली की विशेष भूमिका रही।

## हाईकोर्ट ने खारिज की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने कहा है कि बाल कल्याण समिति की ओर से किशोर न्याय (जेजे) एक्ट के तहत जारी आदेश की समीक्षा बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में नहीं किया जा सकती। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने जालोर निवासी युवक की तरफ से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को खारिज कर दिया। जालोर निवासी एक युवक ने याचिका पेश कर कहा कि बाड़मेर निवासी एक युवती कानूनन उसकी पत्नी है। उसे जबरन जोधपुर के बालिका गृह में रखा जा रहा है। ऐसे में उसे मुझे सौंपा जाए। इस मामले में न्यायाधीश संदीप मेहता व न्यायाधीश विनोद कुमार भारवाणी की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई के दौरान बताया गया कि लडक़ी फिलहाल नाबालिग है। स्कूल की मार्कशीट के अनुसार लडक़ी की जन्म तिथि 5 जून 2006 है। ऐसे में वह अभी तक नाबालिग है। बाल कल्याण समिति ने सभी पक्ष की तहकीकात के बाद लडक़ी को नाबालिग माना और उसे अपने पिता के साथ भेजने का आदेश दिया था। बाड़मेर के एसपी से कहा गया था कि लडक़ी को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाए। बाद में लडकी ने अपने बयान में सुरक्षा की मांग की। इस पर 11 दिसम्बर 2021 को बाल कल्याण समिति ने उसे जोधपुर के बालिका गृह में भेजने का आदेश दिया। तब से यह लडकी जोधपुर के बालिका गृह में रह रही है।

खंडपीठ ने कहा कि जन्मतिथि के अनुसार लडकी नाबालिग है। और उसे बालिका गृह में जबरन नहीं रखा गया है। उसे बाल कल्याण समिति के आदेश के अनुसार ही यहां रखा गया है। नाबालिग लडकी को अपने साथ ले जाने का अधिकार सिर्फ उसके माता-पिता को ही है। खंडपीठ ने कहा कि बाल कल्याण समिति की ओर से जेजे एक्ट के तहत जारी किए गए आदेश की समीक्षा बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के तहत नहीं किया जा सकता है। इसके साथ खंडपीठ ने याचिका खारिज कर दी।

## ग्रेड सैकंड टीचर्स के 10 हजार पदों पर भर्ती की कवायद शुरु

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान में 10 हजार ग्रेड सेकंड टीचर्स की जल्द भर्ती होगी। आरपीएससी के माध्यम से होने वाली नियुक्तियों के लिए योग्यता व भर्ती नियमों के लिए चर्चा चल रही है। इस भर्ती में हिन्दी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और गणित विषय के टीचर्स का चयन होगा।

उम्मीद की जा रही है कि सभी पदों के लिए अलग-अलग भर्ती विज्ञापन अगले महीने से निकलने शुरू हो जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक कानाराम स्वयं इस भर्ती प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। राज्य के महात्मा गांधी स्कूल के साथ ही सामान्य स्कूल में भी इनकी नियुक्ति होगी। दरअसल, विभाग का प्रयास है कि राज्य के किसी भी महात्मा गांधी स्कूल में कोई पद रिक्त नहीं रहे।

पीटीआई ग्रेड सेकंड के 461 और पीटीआई ग्रेड थर्ड के 420 पदों पर भर्ती के लिए भी प्रयास चल रहा है। साथ ही लैब असिस्टेंट ग्रेड थर्ड के 461 और लाइब्रेरियन के भी 460 पदों पर भर्ती होगी। इन सभी के लिए निदेशालय ने नियम तैयार कर लिए हैं और भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए हैं। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को ग्रेड सेकंड, पीटीआई, लैब असिस्टेंट के साथ लाइब्रेरियन की भर्ती के लिए तैयारी निर्देश जारी कर दिए हैं।

## अवैध बजरी खनन माफिया बनास नदी के सीने को कर रहे छलनी

**देवली, (निसं)।** राज्य सरकार चाहे बनास नदी की खूबसूरती को बचाने के लिए कितने ही जतन कर ले परंतु खनन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से बनास नदी छलनी हो रही है।

गुरुवार को ऐसा ही मामला सामने आया जिसमें बनास नदी क्षेत्र में अवैध खनन माफिया बेखौफ एलएनटी मशीनों से बनास नदी को खोदकर कतार में खडे बड़े-बड़े वाहनों में बजरी भर रहे हैं। अवैध खनन की जानकारी बनास नदी क्षेत्र के ग्रामीणों से भी मिली। जिसमें बताया कि देवली उपखंड एवं टोडा उपखंड क्षेत्र में बीसलपुर बांध क्षेत्र की बनास नदी के पूर्व और उत्तर क्षेत्र में माफिया के द्वारा बेरोकटोक बजरी का अवैध खनन किया जा रहा है। यहां बनास नदी क्षेत्र के ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया एवं बनास नदी से बजरी का अवैध खनन किए जाने का वीडियो वायरल करते हुए जानकारी दी की अभी हाल ही में कुछ माह पहले राज्य सरकार ने यहां बनास नदी से बजरी खनन हेतु पट्टा लीज जारी किए हैं। ऐसे में जारी पट्टा प्लीज स्थल पर अभी नाम मात्र का बजरी खनन किया जाना शुरू हुआ है। परंतु यहां बजरी माफिया बनास नदी के लीज स्थल से दूर नदी में एलएनटी मशीनों के जरिए अवैध तौर पर बजरी का खनन कर रहे हैं। जिसकी जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को बखूबी प्राप्त होने के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी बजरी माफियाओं के आगे नमस्तक बने हुए हैं। ग्रामीणों से यह भी जानकारी मिली की बजरी माफिया बनास नदी के सीने को भी 20-20 फीट तक गहरा कर छलनी कर रहे हैं। इधर नदी पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि बजरी माफियाओं द्वारा बनास नदी का सीना छलनी कर देने से बनास नदी गहरे गड्ढों में तब्दील हो रही है।

## जैसलमेर में विंड कंपनी के वेयर हाउस में आग लगी

**जैसलमेर, (निसं)।** बुधवार रात को भू गांव में विंड एनर्जी की कंपनी सुजलोन के वेयर हाउस में भीषण आग लग गई। रात को करीब 11 बजे लगी भीषण आग ने तांडव मचा दिया। आग की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा आग बुझाने के काम में मदद की। सदर थाना पुलिस ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी थी तथा आग से वेयर हाउस के पास खुले में रखा स्क्रैप जलकर राख हो गया। हालांकि कंपनी के प्रतिनिधियों ने नुकसान का आकलन अभी तक नहीं किया है, लेकिन बताया जा रहा है कि कंपनी को इस आग से लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। सदर थानाधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि पुलिस को रात करीब 11 बजे सूचना मिली कि जैसलमेर से 20 किलोमीटर दूर भू गांव के पास बने विंड कंपनी के वेयर हाउस में आग लगी है।

## झुंझुनूं के सोती गांव में दिखा हरियल पक्षी

**झुंझुनूं, (निसं)।** यूं तो आपने बहुत से पक्षी देखे और उनके बारे में सुना होगा। लेकिन आज हम आपको एक ऐसे पक्षी के बारें में बताने जा रहे हैं जो अपने जीवनकाल में कभी जमीन पर पैर नहीं रखता है। महाराष्ट्र राज्य का राजकीय पक्षी कहे जाने वाले हरियल (येलो फुटेज ग्रीन पिजन) की कुछ ऐसी ही विशेषताएं हैं। गुरुवार को जिले के निकटवर्ती गांव सोती में एक घर में खड़ी झाड़ी पर बैर खाते दिखे इस हरियल पक्षी को दैनिक उद्योग आस-पास के लिए पाठक धर्मपाल गुर्जर ने अपने कैमरे में कैद किया। जैसे ही ग्रामीणों को रौचक पक्षी दिखाई दिया तो इसे देखने के लिए होड़ लग गई। बहरहाल ग्रामीण भी इस रंग बिरंगे हरियल पक्षी के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं जुटा पाएं।

**शर्मीला स्वभाव का पक्षी:-** वन अधिकारियों की मानें तो यह पक्षी एक तरह से शर्मिला स्वभाव का होता है। जो इंसान को देखकर चुप्पी मार जाते हैं। इसलिए इस पक्षी को शर्मिला पक्षी के नाम से भी जाना जाता है। इसका रंग चमकीला पीला और हरा होता है। हरियल पक्षी झुंड में रहना पसंद करते हैं तथा इसकी आवाज सीटी जैसी है।

**यहां पाएं जाते हैं हरियल :-** हरियल पक्षी महाराष्ट्र का राजकीय पक्षी भी है। यह भारत में हिमालय से लेकर कन्याकुमारी और राजस्थान से पूर्व असम में पाएं जाते हैं। इसके अलावा पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, बर्मा, चीन इत्यादि देशों में भी पाएं जाते हैं।



हरियल पक्षी ( येलो फुटेज ग्रीन पिजन )

- **यह पक्षी अपने जीवनकाल में कभी जमीन पर नहीं रखता**
- **महाराष्ट्र राज्य का राजकीय पक्षी कहा जाता है हरियल (येलो फुटेज ग्रीन पिजन)**

**जमीन पर पैर नहीं रखता :-** हरियल पक्षी की सबसे खास विशेषता तो यह हैं कि ये अपने जीवनकाल में कभी जमीन पर पैर नहीं रखता है। पीपल और बरगद के पेड़ों पर घोंसला बनाकर रहने वाले हरियल ऊंचे पेड़ों पर रहना पसंद करते हैं। हरियल पक्षी जामुन, बैर, चिरोंजी के ताजा फल खाते हैं।

वन अधिकारियों की मानें तो हरियल पक्षी के शिकार के चलते इनकी संख्या में कमी आ रही हैं। यह पक्षी अब बहुत ही मुश्किल से देखने को मिलते हैं। इनके संरक्षण को लेकर जागरूक होना होगा।

गुलजारीलाल जाट, सहायक वन संरक्षक, झुंझुनूं का कहना है कि हरियल पक्षी को झुंझुनूं में देखकर खुशी हुई हैं। इनकी आबादी काफी घट चुकी हैं। इनके संरक्षण को लेकर जागरूकता जरूरी है।

## 18 किलो गांजा व एक बाइक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर, (निसं)।** सीएसटी की एक ईकाई खलील अहमद पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर खास से प्राप्त सूचनाओं पर थाना बस्सी जिला जयपुर (पूर्व) की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही कर आरोपी तस्कर गिरिराज सैनी पुत्र परसादी लाल सैनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा 18 किलोग्राम एवं परिवहन में प्रयुक्त बाइक बरामद करने में सफलता अर्जित की गई है। जिसके संबंध में पुलिस थाना बस्सी जिला जयपुर (पूर्व) में कार्यवाही जारी है।

गिरफ्तार आरोपी गिरिराज सैनी मूलत: गांव खानपुर बड़ौदा, प्रेमपुरा की ढ ाणी, गंगापुर सदर जिला सवाईमाधोपुर का निवासी है। उक्त मादक पदार्थ गांजा राजस्थान की सीमाओं पर स्थित राज्य उत्तरप्रदेश के आसपास गांवों से तस्करी कर लाना बताया है। आरोपी स्वयं ही उतरप्रदेश जाकर बाइक के जरिये मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर जयपुर शहर में सप्लाई करता है। उक्त मादक पदार्थ गांजा पांच-छह हजार रूपये प्रतिकिलो के भाव से खरीदकर जयपुर शहर में 10,000-120,00 हजार रूपये प्रति किलोग्राम में सप्लाई करना बताया है।

## काजरी की तरफ से अंजीर की उपज की मारवाड़ में कवायद

**जोधपुर, (कासं)।** सेंट्रल एरिज जोन काजरी की तरफ से मारवाड़ में अंजीर की उपज के लिए कवायद तेज की गई है। ताकि अंजीर मारवाड़ में उपलब्ध हो सके। इसका फायदा टिशू कल्चर टेक्निक के जरिए भारत में नॉन ट्रेडिशनल क्रॉप को उपजाने के ट्रेंड से मिल रहा है। इसी तकनीकी से महाराष्ट्र कर्नाटक व अहमदाबाद में अंजीर जैसे नॉन ट्रेडिशनल क्रॉप का उत्पादन किया जा रहा है। काजरी की तरफ से मारवाड़ में जोधपुर, पाली व बाड़मेर में इसके उपज की संभावनाएं तलाशी जा रही है। काजरी द्वारा 260 पौधे मंगाकर उगाए गए हैं। अगर सफलता मिली तो मोरक्को, तुर्की, अल्जीरिया व इजिप्ट आदि देशों का यह फल यहां भी उग सकेगा।

काजरी के प्राचार्य वैज्ञानिक डॉ. अकथ सिंह ने बताया कि जून में इसकी एक किस्म डायना अंजीर के प्लांट्स मंगवाकर ट्रायल शुरू किया गया था। ये दिखने में पारंपरिक अंजीर से बेहतर होते हैं। पीले रंग का यह फल 80 से लेकर 120 ग्राम वजनी होता है। अंजीर की ड्राई वैल्यू का अधिक महत्व होता है, क्योंकि जिस फल को सुखाने के बाद उपयोग में लिया जाता है उसकी वैल्यू ज्यादा महत्व रखती है। इसकी साइज भी बड़ी होने के कारण ड्राई वैल्यू 20 प्रतिशत मिलती है।

**कृषि अनुसंधान केन्द्र दाहोद रोड़, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001**

क्रमांक : एफ( )/कृअके/स्टोर/2022/1467 -72 दिनांक 19.01.2022

**नीलामी सूचना (2021-22)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा पर लगभग 554 क्वि. गेहूं ( अनग्रेडेड गेहूं बीज ) जहां है जैसा है की स्थिति में जुट बारदान सहित नीलामी हेतु दरे बंद लिफाफे में दिनांक 07/02/2022 को दोपहर 02.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा निविदा उसी दिन निविदादाता के समक्ष दोपहर 2.30 बजे खोली जायेगी। अत: इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार धरोहर राशि रू. 20,000/- नगद के साथ बंद लिफाफे में दरें भरकर निश्चित तिथि, समय एवं स्थान पर नीलामी में उपस्थित होवे। उच्चतम दर जिस निविदादाता की होगी उसे निविदा की कुल राशि का 50 प्रतिशत तुरन्त जमा करवाना होगा। गेहूं का सेम्पल व निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय समय में सम्पर्क करे। निविदा जानकारी https://www.mpuat.ac.in पर भी देख सकते है।

संभागीय निदेशक अनुसंधान

# टिकेत ने राज्यसभा सांसद मीणा को राजनीति नहीं कर केन्द्र सरकार से पॉलिसी बनवाने की नसीहत दी

**रामगढ़-पचवारा, (निसं)।** उपखंड की जामुन वाली ढाणी में मृतक किसान की जमीन नीलामी प्रकरण को लेकर गुरुवार को किसान आंदोलन के अगुआ राकेश टिकैत ने राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा पर इस मामले में राजनीति नहीं करने एवं केंद्र सरकार से किसानों के लिए पॉलिसी बनवाने की मांग करने की नसीहत दी गई है।

टिकैत ने कहा कि जब प्रदेश सरकार द्वारा नीलामी को निरस्त कर होने वाली आगामी नीलामी को स्थगित कर दिया गया है तो इस मामले को लेकर राजनीति नहीं करने की बजाय केंद्र सरकार में किसानों का पक्ष रखकर उनके हक की लड़ाई लेनी चाहिए। वहीं इस प्रकरण के तूल पकड़ने के बाद अब जिम्मेदार अधिकारियों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है।

किसान की मौत के बाद उसकी पूरी जमीन की नीलामी करने के मामले में राज्यसभा सांसद डॉ. किरोडी लाल मीणा द्वारा गुरुवार को मृतक पीड़ित किसानों को मुख्यमंत्री निवास के सामने ले जाकर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया था। वहीं इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा पूरे प्रदेश में कर्जदार किसानों की भूमि की नीलामी को स्थगित करने की सूचना के बाद ऐसे किसान जिनकी जमीन पर नीलामी की तलवार लटक रही थी ऐसे किसानों को राहत मिली है। वहीं दूसरी ओर मृतक किसान की जमीन को गलत तरीके से नीलाम करने के मामले को लेकर स्थानीय विधायक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा द्वारा भी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए जा रहे हैं।

गुरुवार को मामले को लेकर रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय पर किसान आंदोलन के अगुवा टिकेत के द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए



रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय पर राकेश टिकेत ने किसानों को संबोधित किया।

- **नीलामी प्रकरण में जिम्मेदारों पर गाज गिरना तय, सीएम की नीलामी स्थगन सूचना के बाद राहत**

मृतक किसान की भूमि को गलत तरीके से नीलाम करने का आरोप लगाते हुए पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने एवं पीड़ित परिजनों को सहायता देने की मांग की गई है। वहीं किसान नेता टिकेत द्वारा पत्रकारों के सवालों पर स्पष्ट किया गया कि यूपी आदि में हो रहे चुनाव में वे किसी भी पार्टी के साथ नहीं है एवं हिंदू मुसलमान एवं जिन्ना द्वारा ढाई महीने की मौजूदगी में किया गया प्रचार प्रसार ही तय करेगा कि आगामी समय में किस पार्टी के हाथ संबंधित प्रदेश की बागडोर होगी। इस दौरान क्षेत्र के कई किसान नेता प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**Office of the Chairman,**
**NEET PG Admission / Counseling Board-2021**
**Government Dental College (RUHS College of Dental Sciences)**

**Notice for Caveat**

In relation to Counseling/Admission of NEET-PG-2021 and NEET-UG 2021 whereby, admission in UG (MBBS and BDS) and PG (MD,MS) courses in Govt. & Private Medical/Dental Colleges in the State of Rajasthan will be given, undersigned has entered into caveat on behalf of:-

1. Chairman NEET UG & PG Admission / Counseling Board 2021, Govt. Dental College, RUHS Subhash Nagar, Jaipur.

The vakalatnama of Dr. Bharat Sankhla, Associate Professor, Govt. Dental College, RUHS Jaipur (on behalf of the Chairman NEET UG/PG admission/counseling board is submitted herewith.

It is informed to all that who wants to approach the Hon'ble Rajasthan High Court, Jodhpur in relation to matter (NEET UG 2021 and NEET PG 2021), shall provide an advance copy of the writ petition in the office of the undersigned before filing the same in Hon'ble Rajasthan High Court, Jodhpur.

**Manish Vyas**
**(Additional Advocate General)**

# ''पायलट राष्ट्रीय नेता, स्टार प्रचारक के रूप में कांग्रेस हर जगह भेजती है, केवल एमएलए के तौर पर उन्हें नहीं देखा जा सकता''

■ पायलट समर्थक राजेन्द्र चौधरी बोले- ''जब पद चला जाता है तो कोई साथ खड़ा नहीं होता''

**जयपुर** (का.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद से अब तक सचिन पायलट को कोई पद नहीं मिलने के सवाल पर पायलट समर्थक और प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि पायलट को राष्ट्रीय नेता और स्टार प्रचारक के रूप में कांग्रेस पार्टी हर जगह भेजती है। उन्हें केवल एक एमएलए के तौर पर नहीं देखा जा सकता।

राजस्थान में सियासी बदलाव और एंटी इनकम्बेंसी को लेकर बात करने पर चौधरी ने कहा कि सियासी बदलाव को लेकर निर्णय पार्टी लेती है और पार्टी आलाकमान ने जब पंजाब में चन्नी को सीएम बनाया तो कैप्टन अमरिंदर सिंह अकेले रह गए और सब जानते हैं कि पंजाब में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। इसी के साथ राजेंद्र चौधरी ने सचिन पायलट को राष्ट्रीय नेता बताते हुए यह तो नहीं कहा कि राजस्थान में सियासी बदलाव होगा, लेकिन उनके बयानों के मायने अलग ढंग से निकाले जा रहे हैं।

राजस्थान में मंत्रिमंडल पुनर्गठन और सियासी नियुक्तियों की बात पर उन्होंने कहा कि यह एक सिस्टम है। राजस्थान में जब मंत्रिमंडल पुनर्गठन हुआ तो मंत्रियों के विभागों को बदला गया और मंत्रियों से किसी ने उसके बाद बात भी नहीं की।

पद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वसुंधरा राजे जब मुख्यमंत्री थी, तो गोविंद मोहन गुप्ता उनके सचिव थे और पूरी ब्यूरोक्रेसी उनके पीछे रहती थी, लेकिन जब उनको वसुंधरा राजे ने हटाया तो वह एक अटैची के साथ अकेले ही एयरपोर्ट गए। यह सब बताता है कि पद के साथ हर कोई खड़ा होता है लेकिन जब पद चला जाता है तो कोई साथ खड़ा नहीं होता।

राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर हुए सवाल पर उन्होंने कहा की अशोक गहलोत भी इस मामले में प्रियंका गांधी और अजय माकन से बात कर चुके हैं। जल्द ही राजनीतिक नियुक्तियां होंगी। इसी के साथ सचिन पायलट को लेकर उन्होंने फिर कहा कि वे राष्ट्रीय नेता हैं और राजस्थान में जब 21 सीट कांग्रेस की आई थीं, तो सोनिया गांधी ने सचिन पायलट को जिम्मेदारी सौंपकर राजस्थान भेजा था और उन्होंने राजस्थान के दौरे कर फिर से सत्ता लाने के लिए मेहनत की।

# लोहामंड़ी के विकास पर 19 करोड़ रु. खर्च करेगा जेडीए

**जयपुर** (कासं)। सीकर रोड पर करीब 135 बीघा की स्कीम लोहामंडी के विकास पर जेडीए प्रशासन 19 करोड़ रुपये खर्च करेगा।

आयुक्त गौरव गोयल ने बताया कि वर्तमान में लोहामण्डी शहर के मध्य चांदपोल क्षेत्र के पास स्थित है जो कि काफी भीड़भाड़ वाला क्षेत्र है। इससे वाहनों के आवागमन में असुविधा रहती है। लोहामण्डी को शहर से बाहर विकसित किये जाने से स्थानीय निवासियों व व्यवसायियों दोनों को लाभ होगा तथा यातायात भी सुगम होगा। जयपुर विकास प्राधिकरण की लोहामण्डी योजना माचेडा में विभिन्न विकास कार्य करवाये जा रहे हैं।

जेडीए की लोहामण्डी योजना माचेडा सीकर रोड और बैनाड रोड के मध्य स्थित है जो कि 135.39 हैक्टेयर में सृजित है। लोहामण्डी योजना में 1174 व्यवसायिक भूखण्ड एवं 962 रहवासीय भूखण्ड है।

योजना में भूखण्डों का डिमार्केशन, सुविधा क्षेत्र में कम ऊँचाई की परिधि वॉल, योजना की सम्पर्क सड़क का सुदृढीकरण, मुख्य सड़को का 3.90 कि.मी. लम्बाई में डामरीकरण व आन्तरिक सड़कों का 54.17 कि.मी. समतुल्य लम्बाई में जीएसबी द्वारा निर्माण कार्य पर राशि रुपये 19.81 रोड़ व्यय करते हुये कार्य सितम्बर, 2022 में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। योजना का 18.30 प्रतिशत रहवासीय, 28.15 व्यवसायिक रखा गया है, कुल क्षेत्रफल का 52.77 प्रतिशत सुविधा हेतु यथा रोड पार्क, आमजन के लिए रखा गया है साथ ही 47.03 प्रतिशत क्षेत्र में व्यवसाय के लिए रखा गया है।

# किसानों के साथ सांसद किरोड़ी ने किया सिविल लाइंस कूच, पूर्ण कर्ज माफी की मांग उठाई

## दंडवत प्रदर्शन कर किसानों ने विरोध जताया, पुलिस ने किरोड़ी को सीएमओ ले जाकर करवायी वार्ता

जयपुर (कासं)। सांसद किरोड़ी मीणा ने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए याद दिलाया कि प्रदेश के किसानों का पूरा माफ होना चाहिए था। मुख्यमंत्री ने अभी किसानों की कृषि भूमि नीलामी आदेश को स्थगित किया है, जबकि पूर्ण कर्जा माफ करते हुए 15 लाख से अधिक किसानों की कृषि भूमि नीलामी के आदेश को निरस्त किया जाए।

डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने गुरूवार को बड़ी संख्या में पीड़ित किसानों के साथ सिविल लाइंस कूच करते हुए धरना दिया। सिविल लाइन फाटक पर दंडवत प्रदर्शन के बाद पुलिस किरोड़ी को सचिवालय ले गई। जहां सीएमओ में सरकार के साथ बातचीत में रामगढ़ पचवारा में पिछले दिनों की गई किसान आत्महत्या मामले में विधवा को 5 लाख के सरकारी सहायता की घोषणा करवाई।

डॉ. मीणा ने कहा कि सत्ता में आने से पूर्व चुनाव में राजस्थान के किसानों का 10 दिन में कृषि ऋण माफ करने का वादा किया था जिसे राहुल गांधी ने भी दौहराया था।

मुख्यमंत्री गहलोत ने भी राजस्थान के किसानों के कृषि ऋण माफ करने की घोषणा की थी। किंतु घोषणा के विपरीत किसानों की जमीन कुर्क किए जाने की कार्यवाही बड़े पैमाने पर जारी है। मीणा ने बताया कि अकेले दौसा में 800-1000 किसानों, सवाई माधोपुर में 600-700 किसानों, करौली में करीबन 800 किसानों, अलवर जिले में करीबन 3000 किसानों, धौलपुर एवं भरतपुर में भी सैकड़ों किसानों की जमीन कुर्क करने के नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं।



संपूर्ण कर्ज माफी की मांग को लेकर किसानों ने सिविल लाइन्स फाटक पर दंडवत विरोध प्रदर्शन किया।

■ रामगढ़ पचवारा में पिछले दिनों आत्महत्या करने वाले किसान की विधवा को 5 लाख रु. की सरकारी मदद की घोषणा करवाई

■ कृषि भूमि नीलामी आदेश को स्थगित के बजाय निरस्त करे सरकार : किरोड़ीलाल

थानागाजी में करीबन 11 किसानों की जमीन नीलाम कर दी एवं रैण में आज करीबन 11 किसानों की जमीन नीलाम की जारी है। यह सब वो ऋण हैं जो सहकारी बैंक और भूमि विकास बैंक से लिए गए है।

उन्होंने कहा कि मोटे अनुमान के अनुसार करीबन 15 लाख किसानों का 10 हजार करोड रुपए के करीबन सहकारी बैंकों के कर्जे की तलवार किसानों पर लटकी हुई है। दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा उपखंड मुख्यालय के कजोड़ मीणा ने अपने खेत में ट्ययूबवेल कराने के लिए वर्ष 2017 में 3 लाख 87 हजार रुपए का लोन लिया, जो इस समय ब्याज सहित करीब रुपए 7 लाख का हो गया।

बैंक के अधिकारी-कर्मचारी ने लोन जमा कराने का बार-बार तगादा किया, जिससे तंग आकर किसान कजोड़ ने 26 अक्टूबर को आत्महत्या कर ली।

घटना के 2 माह बाद इस परिवार के घर फिर बैंक वाले जा धमके और लोन जमा कराने के लिए तंग करने लगे। तब 13 जनवरी को दर्जनों किसानों ने उपखंड अधिकारी रामगढ़ पचवारा को एक ज्ञापन देकर मांग की, जिस ट्यूबवेल के लिए लोन लिया गया था वह फेल हो गई। इसलिए सेटेलमेंट कराकर लोन माफ कर जमा करा लिया जाए। इनकी जमीन को कुर्क नहीं किया जाए, करीबन 4 लाख 25 हजार रुपए का सेटलमेंट हो जाने तथा जमीन नीलाम नहीं किए जाने के आश्वासन के बाद परिवार घर लौटे।

इसके बावजूद 18 जनवरी को बैंक कर्मियों और राजस्व अधिकारियों ने मिलकर समूची जमीन करीबन 15 बीघा को जिस की डीएलसी रेट के हिसाब से कीमत 75 लाख बनती है तथा मार्केट रेट के हिसाब से 1 करोड रुपए है, उसको 46 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से नीलाम कर दिया। मात्र 7 लाख रुपये के लोन के लिए पूरी जमीन को नीलाम कर दिया और नीलामी के समय किसानों को भी नहीं बुलाया गया और ना ही अखबारों में विज्ञिप्त जारी की गई।

इस प्रकार अधिकारियों ने कानून को ताक में रखकर इस कजोड़ मीणा के परिवार को सड़क पर ला दिया। मेरे ट्वीट करने के बाद आनन-फानन में 19 जनवरी को उस नीलामी को रद्द कर दिया गया, इससे स्पष्ट है कि नीलामी अवैध थी। डॉक्टर मीणा ने कहा कि ऐसे और भी कई मामले आपके सामने लाऊंगा जहाँ सरकारी अधिकारियों ने किसानों की परिवार के परिवार उजाड़ दिए जो आत्महत्या करने पर मजबूर है।

# सहकारी भूमि विकास बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए नाबार्ड को भेजा जाएगा एक्शन प्लान

**जयपुर,** (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव सहकारिता एवं कृषि दिनेश कुमार ने कहा कि सहकारी भूमि विकास बैंकों के सुदृढ़ीकरण के लिए एक्शन प्लान बनाकर नाबार्ड को भेजा जाएगा ताकि किसानों को कृषि ऋण एवं अन्य ऋणों की सुविधा बेहतर तरीके से उपलब्ध कराई जा सके। कुमार गुरूवार को शासन सचिवालय में एसएलडीबी एवं पीएलडीबी के लिए टर्न-अराउन्ड-प्लान को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने निर्देश दिए कि नाबार्ड को जाने वाले एक्शन प्लान में ओटीएस स्कीम, अल्पकालीन पुनर्वित्त, विशेष तरलता सुविधा सहित अन्य बिंदुओं का समावेश कर तीन दिन के भीतर राज्य सरकार के प्रशासनिक अनुमोदन के लिए प्रस्ताव भेजें। प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि किसानों के हितों के संरक्षण के लिए नई योजनाएं तैयार की जाएं। किसान की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए ओटीएस स्कीम एवं अन्य ब्याज अनुदान की योजनाओं पर जोर दिया जाए।

रजिस्ट्रार सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने कहा कि प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों के लिए लाई गई ऋण माफी योजना से करीब 29 हजार किसानों के लगभग 294 करोड़ के ऋण माफ हुए हैं।

साथ ही, 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना से प्रतिवर्ष करीब 25 करोड़ रूपए का अनुदान किसानों को मिल रहा है। इस योजना से 5 प्रतिशत पर कृषि ऋण उपलब्ध हो रहा है। एसएलडीबी के प्रबंध निदेशक विजय शर्मा ने बैंकों के टर्न-अराउन्ड-प्लान के बारे में प्रजेन्टेशन दिया। बैठक में संयुक्त शासन सचिव सहकारिता नारायण सिंह, अतिरिक्त रजिस्ट्रार मार्केटिंग धनसिंह देवल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला उपभोक्ता आयोग को हटाने के लिए सीएम को शिकायत भेजी

जयपुर । अभिभाषक परिषद, बूंदी ने जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार माहेश्वरी पर आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, मुख्य सचिव और राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग सहित अन्य को पत्र भेजा है।पत्र में कहा गया कि अध्यक्ष रविन्द्र कुमार माहेश्वरी की कार्य प्रणाली हाईकोर्ट की कोविड अधिसूचना के खिलाफ है। बूंदी में फैल रहे कोविड संक्रमण और हाईकोर्ट के ऑफ लाइन कार्य नहीं करने के निर्देश के बावजूद अध्यक्ष वकीलों को ऑफ लाइन काम करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।

# रीट पेपर लीक का मास्टमाइंड भजनलाल गुजरात से गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। एसओजी ने रीट पेपर लीक मामले में मास्टर माइंड भजनलाल विश्नोई को गुजरात से गिरफ्तार किया है। टीम गुरुवार को आरोपी को लेकर जयपुर पहुंची। बत्तीलाल समेत 20 आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान भजनलाल का नाम सामने आया था, तभी से एसओजी उसे ढूंढ़ रही थी। भजनलाल से पूछताछ में रीट पेपर लीक से जुड़े कई खुलासे होने की भी संभावना है। पुलिस के मुताबिक भजनलाल ने रीट का पेपर 30 से 40 लाख रुपए में अभ्यर्थियों को बेचा था। एसओजी की टीम पिछले 4 महीने से भजनलाल की तलाश में जुटी थी। इंस्पेक्टर मोहनलाल पोसवाल लगातार राजस्थान के अलावा मध्यप्रदेश, गुजरात व उत्तरप्रदेश में दबिश दे रहे थे। इस बीच एसओजी को भजनाल के गुजरात में होने की सूचना मिली। टीम गुजरात पहुंची और भजनलाल को गिरफ्तार कर लिया। भजनलाल विश्नोई जालोर के रानोदर, चितलावना का रहने वाला है। गौरतलब है कि इसके बाद बत्तीलाल मीणा और पृथ्वीराज मीणा ने सवाईमाधोपुर और गंगापुरसिटी में कई अभ्यर्थियों को 10 से 12 लाख रुपये लेकर रीट का पेपर बेचा था।प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि भजन लाल तीन साल पहले भी कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा में डमी कैंडिडेट बनकर बैठा था। इस दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। इतना ही नहीं भजनलाल फर्जी डिग्रियों का भी मास्टर माइंड है।

# निदेशक शपथ पत्र पेश कर बताए, क्यों नहीं हटाए अपात्र सफाई कर्मचारी?

■ केकड़ी नगर पालिका में अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर हाईकोर्ट ने नाराजगी जताई

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने केकडी नगर पालिका में अदालती आदेश के बावजूद अपात्र सफाई कर्मचारियों को नहीं हटाने के मामले में नाराजगी जताई है। इसके साथ ही अदालत ने स्थानीय निकाय निदेशक और केकड़ी नगर पालिका के तत्कालीन व मौजूदा अधिशासी अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगा है।

अदालत ने मामले में अवमानना की कार्रवाई करने की चेतावनी देते हुए स्थानीय निकाय निदेशक से पूछा है कि लापरवाही के लिए दोषी अधिशासी अधिकारी पर क्या कार्रवाई की गई है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश रोहित कुमार की अवमानना याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि मामले में जिम्मेदार अधिकारियों का रवैया निदंनीय रहा है।

ऐसे में स्थानीय निकाय निदेशक मामले को गंभीरता से लेते हुए अदालती आदेश की पालना नहीं होने के कारणों का पता लगाए और इस संबंध में शपथ पत्र पेश कर अदालत को अवगत कराए। अवमानना याचिका में कहा गया कि 19 सितंबर 2019 को हाईकोर्ट ने केकड़ी नगर पालिका को अपात्र व गलत दस्तावेज से चयनित सफाई कर्मियों की नियुक्ति रद्द करने के आदेश दिए थे, लेकिन अब तक उसकी पालना नहीं की गई है। ऐसे में अवमानना कर्ता दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाए।

वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नियुक्ति में अनियमितता के कारण करीब 60 अभ्यर्थी प्रभावित हुए थे। जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर अपात्र अभ्यर्थियों को हटा दिया गया, लेकिन कुछ अभ्यर्थियों को अदालती रोक के चलते हटाया नहीं जा सका।

# जयपुर में करोना से दो और लोगों की मौत

■ टोंक रोड और वैशाली नगर में सर्वाधिक 99-99 नए संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में गुरूवार को भी करोना संक्रमण से दो और लोगों की मौत हुई है। वहीं 2919 नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा टोंक रोड और वैशाली नगर में 99-99 नए मरीज पाए गए हैं। हालाकि इस बीच साढ़े तीन हजार से ज्यादा संक्रमित ठीक हुए हैं।

राजधानी जयपुर में गुरूवार को 102 इलाकों में नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सर्वाधिक वैशाली नगर और टोंक रोड इलाके में 99-99 नए संक्रमित सामने आए हैं। इसके अलावा गोविंदगढ़ में 98, सोडाला में 95, आमेर में 91, प्रतापनगर में 90, मालवीय नगर में 87, झोटवाड़ा में 85, दुर्गापुरा में 83, जगतपुरा में 82, मानसरोवर में 78, शास्त्री नगर में 77, एयरपोर्ट में 74, जवाहर नगर में 72, सांगानेर में 71, किरण पथ में 67, विद्याधर नगर में 62, पत्रकार कॉलोनी में 59, गोपालपुरा में 58 और अजमेर रोड इलाके में 50 नए संक्रमित मिले हैं। इस बीच 5 रोगी ऐसे है जिन्होंने जांच करवाते समय अपना नाम और पता सही नहीं लिखवाया।

जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 3656 मरीज रिकवर भी हुए हैं। हालाकि अभी 20 हजार 90 एक्टिव केस मौजूद हैं।

राजधानी में गुरूवार को करोना से 2 और मरीजों की मौत हो गई। इसके साथ ही इस बीमारी अब तक जिले में 1995 लोगों की मौत हो चुकी है।

# लोहामंडी योजना की 35 बीघा भूमि की 22 वर्ष पहले 90बी हुई थी, लोग अभी तक पट्टे की खातिर तरस रहे

## दूसरी तरफ 130 बीघा जमीन का 250 करोड़ रुपये मुआवजा उठा चुके काश्तकारों ने अब इस जमीन को खुद की बताकर संभागीय आयुक्त के पास अपील कर 90बी को चुनौती दी

■ ताज्जुब की बात यह है कि जेडीए प्रशासन भी काश्तकारों को एकतरफा समर्थन करते हुए 90बी शुदा जमीन के भूखंडधारियों को मुआवजा और आवंटन पत्र नहीं दे रहा

**जयपुर** । सीकर रोड पर स्थित लोहामंडी योजना की जमीन का 250 करोड़ का मुआवजा उठाने के बाद अब काश्तकारों की निगाहें 90बी शुदा 35 बीघा जमीन पर खराब हो चुकी है। उन्होंने 22 साल पहले हुए 90बी के फैसले को अब संभागीय आयुक्त के यहां अपील दायर कर चुनौती दी है। जेडीए भी काश्तकारों को एक तरफा समर्थन करते हुए 90बी शुदा जमीन के भूखंडधारियों को मुआवजा और आवंटन पत्र नहीं दे रहा है।

सूत्रों के मुताबिक इस मामले में सुरेन्द्र कुमार वर्मा व अन्य ने यह कहते हुए संभागीय आयुक्त के यहां अपील की है कि 22 साल पहले जेडीए ने 16 अक्टूबर 1999 को उनकी 35 बीघा जमीन की 90 बी कर दी थी। इसमें 22 साल पूर्व के विलंब को क्षमा करते हुए इस जमीन का मालिकाना हक खुद का बताया है। साथ ही इस जेडीए के 90बी के फैसले को गलत बताते हुए इसे निरस्त करने की मांग की गई है। इस जमीन को काश्तकारोंने इकरारनामा के जरिए मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति को बेच दिया था। इसके आधार पर जेडीए ने उनकी आपत्ति को खारिज कर दिया था।

सूत्रों की मानें तो जेडीए ने यह जमीन 2002 से लेकर 2003 तक अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी कर अवाप्त कर ली थी। इसे मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति व अन्य ने हाईकोर्ट में यह कहते हुए चुनौती दी थी कि इस जमीन पर 4 एस बी ब्लॉक के नाम से आवासीय योजना बस चुकी है। हाईकोर्ट ने अवाप्ति को सही ठहराते हुए समिति की याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद लोहामंडी की जमीन के मुआवजे के लिए लगे शिविर में जेडीए उपायुक्त अशोक कुमार योगी ने इनकी आपत्तियां खारिज कर दी थी। इस फैसले को काश्तकारों ने संभागीय आयुक्त के यहां चुनौती दी।

90बी शुदा जमीन के भूखंडधारियों का कहना है कि काश्तकारों को लगातार जेडीए प्रशासन से फेवर मिल रहा है। संभागीय आयुक्त के यहां 90बी के फैसले को चुनौती मिलने के बाद जेडीए के जोन उपायुक्त-6 अशोक कुमार योगी ने भूखंडधारियों को मुआवजा देने के सारे काम रोक दिए हैं। उनका कहना है कि काश्तकारों को मिल रहे फेवर के कारण अगर भूखंडधारियों के हित किसी भी प्रकार प्रभावित होते हैं तो इसके लिए जोन उपायुक्त ही जिम्मेदार होंगे।

# महिला अधिवक्ता की मौत की जांच अति. पुलिस अधीक्षक से कराओ

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष सोनल तनेजा की अलवर में संदिग्ध अवस्था में मौत के मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से जांच कराने के आदेश दिए हैं। अदालत ने याचिकाकर्ता को इस संबंध में अलवर एसपी को अपना अभ्यावेदन देने को कहा है। अदालत ने कहा है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मामले की जांच दो माह में पूरी करें और एसपी मामले की मॉनिटरिंग करें। जस्टिस फरजंद अली ने यह आदेश डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के महासचिव गजराज सिंह की आपराधिक याचिका पर दिए। याचिका में कहा गया कि एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष सोनल तनेजा का शव अलवर में संदिग्ध अवस्था में मिला था। घटना को लेकर गत 29 जून को एफआईआर दर्ज कराई गई थी। मामले में मृतक के आत्महत्या करने की बात की जा रही है, लेकिन अब तक मामले की जांच पूरी नहीं हुई है। वहीं सरकारी वकील ने कहा कि मामले में हर पहलू पर जांच की जा रही है।

# प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना संक्रमण के 681 और मामले बढ़े

## राज्य में गुरूवार को 14 हजार 79 नए संक्रमित मिले हैं, इससे पहले बुधवार को 13 हजार 398 रोगी पाए गए थे

■ हालाकि, इस बीच राजधानी जयपुर में थोड़ी कमी के बाद 2919 नए संक्रमित मिले हैं।

■ राज्य में गुरूवार को करोना से 13 और संक्रमितों की मौत हो गई है।

■ राहत की बात यह है कि पिछले चौबीस घंटों में साढ़े 10 हजार मरीज ठीक हुए हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में लगातार करोना संक्रमण के मामलों में भारी वृद्धि हो रही है। गुरूवार को राज्य में 681 और मामले बढ़ने के साथ ही 14 हजार 79 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि राजधानी जयपुर में इनकी संख्या में कुछ कमी आई है। वहीं राज्य में 10 हजार से ज्यादा मरीज ठीक भी हुए हैं। इस बीच प्रदेश में करोना से 13 और लोगों की मौत हो गई है।

प्रदेश में करोना संक्रमण का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है। इसके चलते राज्य में गुरूवार को 14 हजार 79 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले बुधवार को 13 हजार 398 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 391 मामले कम आने के साथ ही 2919 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि अलवर में थोड़ी और वृद्वि के बाद 1410 नए मरीज पाए गए हैं। इसके अलावा जोधपुर में 851, भरतपुर में 841, उदयपुर में 810, कोटा में 716, अजमेर में 570, चित्तौड़गढ़ में 512, बीकानेर में 464, गंगानगर में 390, हनुमानगढ़ में 378, पाली में 364, सीकर में 362, बाड़मेर में 353, भीलवाड़ा में 293, डूंगरपुर में 292, सवाईमाधोपुर में 261, टोंक में 201, चूरू में 199, प्रतापगढ़ में 198, बांसवाड़ा में 187, जैसलमेर में 185, झालावाड़ में 176, नागौर में 173, राजसमंद में 170, झुंझुनूं में 161, दौसा में 157, सिरोही और बारां में 118-118, करौली में 114, बूंदी में 64, धौलपुर में 60 और जालौर में 12 नए संक्रमित सामने आए हैं।

प्रदेश में करोना से मरने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। गुरूवार को भी राज्य में इससे 13 लोगों की जान चली गई। इनमें बीकानेर, जयपुर और कोटा में 2-2 तथा बाड़मेर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, जोधपुर, नागौर और राजसमंद में 1-1 संक्रमित की मौत हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9044 लोगों की मौत हो चुकी है।

इधर राहत की बात यह है कि राज्य में करोना से रिकवरी में लगातार सुधार हो रहा है। इसके चलते पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश में 10 हजार 528 मरीज ठीक हुए हैं। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9 लाख 96 हजार 940 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में अभी भी 78 हजार 99 एक्टिव केस मौजूद है।

इनमें सबसे ज्यादा 20 हजार 90 मरीज जयपुर जिले में हैं। इसके अलावा अलवर में 7300, जोधपुर में 5384, उदयपुर में 4730, भरतपुर में 3588, कोटा में 3094, बीकानेर में 2907, अजमेर में 2795, पाली में 2750, बाड़मेर में 2544, चित्तौड़गढ़ में 2041, भीलवाड़ा में 1999, हनुमानगढ़ में 1891, सीकर 1666, सवाईमाधोपुर में 1616, गंगानगर में 1464, डूंगरपुर में 1061, प्रतापगढ़ में 1062 और चूरू में 1049 तथा शेष जिलों में इससे कम सक्रिय मरीज हैं।

# आतंक का पर्याय बने कौडिया गैंग के मुख्य सरगना सहित तीन गिरफ्तार

## आरोपियों से एक 12 बोर बंदूक और चार अवैध देसी कट्टा सहित नौ कारतूस बरामद

**हिंडौन सिटी,** (कासं)। जिला स्पेशल टीम और श्री महावीर जी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए क्षेत्र में आतंक का पर्याय बने कौडिया के मुख्य सरगना 5000 रुपये के इनामी बदमाश लाला कौडिया सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से इस गैंग से जुड़े अन्य बदमाशों के बारे में पूछताछ कर रही है।

पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौरिया ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ ऑपरेशन क्लीन स्वीप और ऑपरेशन वांटेड चलाया जा रहा है जिसके तहत कार्रवाई करते हुए जिला स्पेशल टीम एवं श्री महावीरजी थानाधिकारी धर्म सिंह ने मय जाप्ता संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पूर्वी राजस्थान में आतंक का पर्याय बने 5000 के इनामी बदमाश कौडिया गैंग के मुख्य सरगना लाला और कमल किशोर पुत्र कालूराम और कार्ड जाति मीणा निवासी कौडिया थाना श्री महावीर जी व उसके सहयोगी बने गैंग के सक्रिय सदस्य 2000 रुपये के इनामी बदमाश पप्पू उर्फ पीएल पुत्र गोपाल


जिला स्पेशल टीम और महावीरजी थाना पुलिस ने बदमाशों को गिरफ्तार किया।

मीणा निवासी भड़क्या थाना कुड़गांव तथा ओमप्रकाश उफ ओपी पुत्र मानसिंह जाति मीणा निवासी नयागांव थाना सरमथुरा जिला धौलपुर को एक 12 बोर बंदूक व चार अवैध देसी कट्टा सहित गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे 9 जिंदा कारतूस और परिवहन में काम में ली जा रही बोलेरो गाड़ी भी जप्त कर ली है। उलूखनीय है कि श्री महावीरजी के कौडिया गांव में दो गैंग सक्रिय हैं। जिनमें एक भोरू कोडिया जिसका सरगना भोरू उर्फ भूर सिंह मीणा निवासी कौडिया है। वहीं गैंग के सक्रिय सदस्य उसके दोनों भाई राजेश मीणा व राजकुमार मीणा तथा उसके चचेरे भाई अजय और हनी मीना है। जिन्हें थाना श्री महावीर जी द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। दूसरी गैंग लाला कोडिया गैंग है। जिसका मुख्य सरगना लाला उर्फ कमल किशोर मीणा जिस के सक्रिय सदस्य पप्पू उर्फ पी एल, ओपी उर्फ ओमप्रकाश सहित हिस्ट्रीशीटर मुकेश मीणा है।

उन्होंने बताया कि भोरु कौडिया व लाला कोडिया गैंग एक दूसरे के जान के दुश्मन बने हुए थे। दोनों के गैंगो में कभी भी गैंगवार की घटना हो सकती थी। गत 10 जनवरी की रात को सदर थाना क्षेत्र के गांव कोटरा ढहर में कौडिया गैंग के एक सदस्य लाला उर्फ कमल किशोर, पीएल व ओपी ने

■ **पुलिस आरोपियों से इस गैंग से जुड़े अन्य बदमाशों के बारे में पूछताछ कर रही है**

घर में घुसकर जान से मारने की नियत से फायरिंग की और दहशत फैला दी। इस मामले को लेकर सोशल मीडिया पर गैंगवार की सूचना प्राप्त हो रही थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक इंदोलिया ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद के नेतृत्व में पुलिस की टीमें गठित की और आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।

गत दिवस डीएसटी को जरिए मुखबिर सूचना मिली की लाला कोडीया गैंग के बदमाश एक बोलेरो गाड़ी में सवार होकर रानोली की ओर से किरवाड़ा की ओर आ रहे हैं। जिसमें बदमाश और उसके पास अवैध हथियार है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने गैंग के सरगना सहित तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया।

# सांसद दीया कुमारी ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से की मुलाकात

## लम्बित व नई रेल परियोजनाओं के निस्तारण की रखी मांग

**राजसमंद,** (निसं)। सांसद दीया कुमारी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र के मेड़ता, डेगाणा, ब्यावर, जैतारण और राजसमंद में ब्रॉडगेज, नई रेल लाइनों, यात्री सुविधाओं का विकास तथा ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। केंद्रीय रेलमंत्री से मुलाकात के दौरान सांसद दीया ने रेलवे की विभिन्न समस्याओं को विधानसभावार प्रस्तुत किया।

**इन स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की मांग :-** संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र डेगाना और गोटन में जैसलमेर, बाडमेर से चलकर नई दिल्ली सराय रोहिल्ला को जाने वाली मालाणी एक्सप्रेस का ठहराव था। इस ट्रेन को शालीमार एक्सप्रेस बनाकर जम्मूतवी तक विस्तारित किया गया। परन्तु विस्तारीकरण के साथ ही इसका ठहराव गोटन और डेगाना में बंद कर दिया गया। यह क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र है और ठहराव बंद होने से यहां से यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिसका ठहराव सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसी तरह मेडता रोड, ब्यावर, सेंदडा, रेन आदि स्टेशन पर भी विभिन ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी।

सांसद ने मावली-मारवाड रेलवे लाइन के आमान परिवर्तन की मांग रखते हुए कहा कि आगामी रेल बजट में इस कार्य को पूर्ण करने के लिए नाथद्वारा से देवगढ और देवगढ से


सांसद दीया कुमारी ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।

मारवाड जंक्शन नई रेल लाइन दो चरणों में बिछाने की आवश्यकता है। संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली मावली-मारवाड रेल लाइन के आमान परिवर्तन की मांग वर्षों पुरानी और बहुप्रतीक्षित है। वर्तमान में मेवाड और मारवाड को जोड़ने के लिए छोटी रेलवे लाइन है। इन दोनों ही क्षेत्रों में आवागमन और माल के आदान-प्रदान के लिए सड़क मार्ग का ही उपयोग करना पड रहा है। इन दोनों क्षेत्रों के बीच ब्रॉडगेज लाइन बिछने के बाद उद्योग जगत में खासा उछाल भी आएगा।

मेवाड क्षेत्र का मार्बल उद्योग मारवाड क्षेत्र तक पहुंचेगा। वहीं मारवाड के उत्पाद मेवाड में सीधे रेलवे मार्ग के माध्यम से पहुंचेंगे। योनान्तर्गत पूर्व में रेलवे मंत्रालय ने मंजूरी प्रदान की थी, लेकिन कुछ तकनिकी कारणों से यह कार्य अधूरा रहा गया। इस रेलवे ट्रैक का आमान परिवर्तन कराने के लिए रेलवे मंडल ने कई बार सर्वे कराया है। ट्रैफिक सर्वे में रेलवे अधिकारियों ने इस मार्ग को उपयुक्त पाया है।

# कोहरे के कारण ट्रक-कैंटर में भिड़ंत, तीन जनों की मौत

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। गंगानगर में ट्रक और कैंटर की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दोनों वाहनों के ड्राइवर और ट्रक का क्लीनर शामिल है। हादसा कोहरे के कारण सूरतगढ़ में नेशनल हाईवे- 62 पर गांव पालीवाला में गुरुवार सुबह हुआ। हादसे के बाद सुबह 8 से 8:30 बजे तक जाम लग गया। पुलिस ने मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दोनों वाहनों के आगे के हिस्से पिचक गए। दोनों वाहनों ड्राइवर और ट्रक का क्लीनर केबिन में फंस गए। लोगों की

■ **हादसे में वाहनों का अगला हिस्सा पिचका**

मदद से पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। कैंटर ड्राइवर का शव केबिन काटकर निकाला गया। सूरतगढ़ में नेशनल हाईवे- 62 पर गांव पालीवाला के पास हादसे के बाद टैंकर पलटा। टैंकर सूरतगढ़ ,पंजाब से चावल से लदा ट्रक सुबह श्रीगंगानगर से सूरतगढ़ की तरफ जा रहा था। पालीवाला के नजदीक श्रीगंगानगर की तरफ आ रहे टायरों से भरे कैंटर से उसकी भिड़ंत हो गई। टक्कर से तेज धमाका हुआ। आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग घटनास्थल की ओर दौड़े।

हादसे के बाद टायर और अन्य सामान मौके पर बिखर गया। पुलिस ने बताया कि कैंटर ड्राइवर की पहचान सरदारशहर के भानीपुरा का रहने वाले रामचंद्र (24) पुत्र बिलूराम के रूप में हुई है। ट्रक ड्राइवर और क्लीनर लुधियाना के रहने वाले थे। दोनों के परिजनों को सूचना दे दी हैं। तीनों शव सूरतगढ़ के सरकारी अस्पताल की मॉर्चरी में रखवाए गए है।

## दुष्कर्म का मामला दर्ज

**उदयपुर,** (कासं)। अपहरण का महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले व उसके परिजनों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता ने रोमी नाथ उर्फ रोमा कालबेलिया, मुकश कालबेलिया, दिनेश उर्पु समुरा व उसकी पत्नी गंगा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। कि 18 जनवरी को घर आए आरोपी अपहरण कर ले गए। जहां एक कमरें ले जाकर रोमा ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपी की बहन युवक की पत्नी के रूप में उसके साथ रह रही थी। एवं पीड़िता युवक की बहन के रूप में रह रही थी।

# सतीश पूनिया को समर्पण निधि के चैक सौंपे

**मांडलगढ़,** (निस) भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के मांडलगढ़ प्रवास के दौरान उन्हें मांडलगढ़ ओर बिजौलिया मंडल में आर्थिक सुचिता एवं स्वालंबन हेतु संचालित आजीवन सहयोग निधि समर्पण अभियान के अंतर्गत संग्रहित राशि के चैक सौंपे। डॉ. सतीश पुनिया का भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई जगह अभिनन्द किया।बूंदी से भीलवाड़ा जाते समय सतीश पुनिया बिजौलियां में खान व्यवसायी संघ के पदाधिकारी रामप्रसाद विजयवर्गीय के आवास पर पहुँचे।जहाँ विजयवर्गीय की माताजी रामकन्या विजयवर्गीय के निधन पर शोक सभा मे शिरकत की।इसके बाद भीलवाड़ा सांसद सुभाष बहेड़िया के भ्राता के निधन पर शोक व्यक्त करने भीलवाड़ा पहुँचे।

बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पुनिया के मांडलगढ़ दौरे के दौरान भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष लादू लाल तेली, विधायक गोपाल खंडेलवाल, भगवान सिंह,मंडल अध्यक्ष मनोज गोधा,जिला उपाध्यक्ष संजय धाकड़ के नेतृत्व में एक लाख दस हजार रुपये के चैक सौपे। वहीं मेनाल रिसोर्ट पर जिला परिषद सदस्य हरिलाल जाट ने समर्पण निधि की राशि के चैक सुपुर्द किए। धाकड़ स्टोन इंपेक्स ऑफिस पर प्रदेश अध्यक्ष पुनिया का 11 किलो फूलों की माला, दुपट्टा पहना कर सरपाव भेंट किया।कार्यक्रम में माणिक्य लाल वर्मा स्मारक समिति के अध्यक्ष भूरा लाल धाकड़ समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। माण्डलगढ़ में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया सर्किट हाउस बाई पास कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। इस दौरान माण्डलगढ़ नगर मण्डल, महुआ मण्डल, ग्रामीण मण्डल के भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद के साथ फूलों के हार एवं पार्टी के दुपट्टे से स्वागत किया। पुनिया ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन में चल रहे समर्पण निधि व संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली।

स्वागत के दौरान जिला मंत्री अनिल पारीक, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष जमना लाल सेन,महुआ मण्डल अध्यक्ष सांवरमल रेबारी,ठाामीण मण्डल अध्यक्ष हरि लाल जाट,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय कुमार डांगी, विनोद ओस्तवाल, भंवर लाल स्वर्णकार,पूर्व मंडी चैयरमैन रतन लाल खटीक, पूर्व मण्डल अध्यक्ष मुरली मनोहर गट्टाणी, मण्डल महामंत्री अशोक जीनगर, रितेश व्यास, कैलाश सुखवाल, मुकेश जोशी, राकेश ओस्तवाल,समाज सेवी मनोज सनाढ्य, मोर्चा अध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, पार्षद नीलकमल पटवा, पार्षद पवनेश ओस्तवाल, हर्षित पंवार, ईश्वर चावरिया, पूर्व पार्षद शक्ति केंद्र सयोंजक आलोक कैलानी, सूंदर ब्रहभट्ट, रमेश सुथार, पूर्व पार्षद जाकिर भुट्टो, अशोक धोबी, परमेश्वर माली, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जमीन विवाद को लेकर घर में तोड़फोड़ एवं जानलेवा हमले के सात अभियुक्त गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। धम्बोला थानान्तर्गत गत 17 दिसम्बर को जमीन संबंधी विवाद को लेकर सारण खास गांव में एक परिवार पर हमला करने के मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धम्बोला पुलिस सूत्रो के अनुसार प्रार्थी शंकरलाल पिता काना डामोर निवासी सारण खासथाना कुंआ ने एक लिखित रिपोर्ट दी जिसमे प्रार्थी व भुरालाल पुत्र रूमाल ताबियाड नि डूंगर के बीच जमीन विवाद चला आ रहा है जिसके चलते 16 दिसम्बर की रात को जब वह अपने परिवार सहित घर में सोया हुआ था तो भूरालाल व उसके परिवार जनों ने उसके घर पर पहुंच कर बाहर आने के लिए आवाज लगाई लेकिन उसने कहा कि जो भी बात होगी वह सवेरे करेंगे।

इतने मे जेसीबी मशीन से घर के पीछे से मकान गिराना चालु कर दिया मै व मेरी पत्नि बच्चे डर के मारे घर के बाहर निकल गये। देखा तो मौके पर भुरालाल पुत्र रूमाल ताबियाड निवासी डूंगर, राजमल पुत्र गोतम पारगी निवासी ढेबरा व जैसीबी ओपेरेटर राजु गोदा जिन्होने मिलकर उसके मकान का हिस्सा गिरा दिया। जिससे लगभग 5 लाख का नुकसान हुआ। प्रार्थी की रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान के पश्चात पुलिस ने इस मामले में गुरूवार को भुरालाल



मारपीट व तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुत्र रूमालजी ताबियाड निवासी डूंगर थाना कुंआ, राजमल पुत्र गौतम पारगी निवासी बरूनाडा थाना कुंआ, राजू पुत्र मोतीलाल गोदा निवासी बरूनाडा थाना कुंआ, लक्ष्मण पुत्र कानाजी डामोर, शंकरलाल पुत्र कानाजी डामोर, कल्पेश पुत्र कानाजी डामोर, पोपट उर्फ पप्पु पुत्र कानाजी डामोर निवासीयान सारण खास थाना कुंआ को गिरफ्तार किया है। तथा अभियुक्तगण द्वारा घटना में कारित वाहन जेसीबी व बोलेरो को जप्त किया गया।

## राजसमंद में 170 नए संक्रमित मिले

**राजसमन्द,** (निसं)। राजसमंद जिले में गुरूवार को सुबह आई जांच रिपॉर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में 170 पॉजिटिव नए केस मिले हैं। जिले में बढते कोरोना के मामले के बाद जिला प्रशासन के सख्त निर्देश पर चिकित्सा विभाग ने सैंपलिंग भी बढा दी है। एक दिन पूर्व बुधवार को आई जांच रिपॉर्ट में राजसमंद में 145 कोरोना मिले थे, जिसके बाद गुरूवार को आई रिपॉर्ट में पॉजिटिव का आंकडा बढते हुए 170 कोरोना के नए मामले सामने आए थे।

पॉजिटिव आए लोगों में अधिकांश शहरी क्षेत्र में निवास करते है। चिकित्सा विभाग से हर रोज आ रही कोरोना जांच रिपॉर्ट के मुकाबले पिछले एक पखवाडे से कोरोना पॉजिटिव का आंकडा 1 हजार से पार होते हुए गुरूवार को यह संख्या 1056 पर जा पहुंची है। हालांकि राहत की बात यह है कि मरीजों की रिकवरी दर भी बढी है, जिसके बाद गुरूवार तक जिले में कोरोना पॉजिटिव के मुकाबले एक्टीव मामलों की संख्या में कमी होते हुए फिलहाल 787 कोरोना के एक्टीव कैस है।

## लूटेरी दुल्हन लाखों रुपये के जेवर व नगदी लेकर फरार

**बयाना,** (निसं)। बयाना के गांव सिकंदरा निवासी एक जने की पत्नी बीती रात्रि को अपने ही पति को नशीला पदार्थ मिला दूध पिलाकर पति के मूर्छित होने के बाद घर में रखे लाखों रूपए के जेवरात व नगदी और एंड्रॉयड फोन को लेकर चम्पत हो गई।

वारदात का पता सुबह 10 बजे बाद तब लगा जब पति घर से बाहर नहीं निकला और उसकी पत्नी भी घर में नजर नहीं आई तो पड़ोसियों ने आवाजें दी। पीड़ित पति भगवान सिंह निवासी सिकंदरा को अर्द्धमूर्छित अवस्था में परिजन व गांववासी बयाना के अस्पताल लाए, जहां उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार बताया है। लुटेरी दुल्हन की तलाश में उसके पति के परिजन दो अलग-अलग गाड़ियां लेकर उसके रिश्तेदारों के यहां गए हुए हैं। जिसके चलते समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी है। सूचना पर पुलिस

■ **एक रिश्तेदार ने 10 लाख रूपए लेकर इस दुल्हन से कराई थी। शादी हुए करीब ढाई माह हुए हैं**

भी अस्पताल पहुंची।

पीड़त भगवानसिंह निवासी सिकंदरा ने बताया है कि उसकी शादी धौलपुर जिले के बाडी थाना क्षेत्र के गांव मोहरीकापुरा में उसके मामा के एक रिश्तेदार ने 10 लाख रूपए लेकर इस दुल्हन से कराई थी। शादी हुए करीब ढाई माह हुए है। बीती रात्रि को उसकी पत्नी नीलम पुत्री सतीश गूजर निवासी गुडो गांव धौलपुर घर में रखे करीब 1 लाख रूपए के जेवरात, एक एंड्रायड फोन व 40 हजार रूप्ए लेकर रफूचक्कर हो गई। नीलम के मायके पक्ष में केवल उसकी मां बताई। उसके पिता की पूर्व में हत्या हो चुकी बताई और उसके दो भाई जेल में बताए गये हैं।

## मंगलसूत्र तोड़ने वाले बदमाश को लोगों ने दबोचा

**गंगापुर सिटी,** (निस)। प्राईवेट बस स्टैण्ड पर दिनदहाड़े गुरुवार दोपहर एक बदमाश ने झपट्टा मारकर एक महिला के गले से मंगलसूत्र तोड़ लिया। बदमाश मंगलसूत्र तोड़कर चलती बस में चढ़ गया जिस पर शोर मचाने पर लोगों ने पकड़ लिया। जमकर पिटाई के बाद बदमाश को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि थाने के हवाले किए गया बृजेश मीना करौली का रहने वाला है।

घटनाक्रम के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब 11 बजे प्राइवेट बस स्टैंड पर महिला सफाईकर्मी रेशमा काम कर रही थी। इसी दौरान आरोपी ने झपट्टा मारकर उसके गले से मंगलसूत्र तोड़ लिया। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने बदमाश का पीछा किया और बस में चढ़े बदमाश को नीचे उतार कर धुन दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस के हवाल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार पुलिया की दीवार से टकराई, बच्ची की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। जिले के बैकरिया थाना क्षेत्र में अनियंत्रित कार पुलिया की दीवार से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे से बेलुन खुलने से चालक व पत्नी की जांच बच गई। जबकि एक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गुरूवार सवेरे बेकरिया थाना क्षैत्र पीण्डवाड़ा उदयपुर मार्ग पर स्थित पुलिया की दिवार से अनियंत्रित कार टकराने पर क्षतिग्रस्त होगई।

हादसे के दौरान बेलून खुलने से चालक सिरोही निवासी मृणाल व उसकी पत्नी श्रेया की जांच बच गई तथा पांच वर्षीय बच्चा कयान तथा तीन वर्षीय बच्ची अनाईता गंभीर घायल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर बैकरिया थानाधिकारी शंकरलाल राव मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां अनाईता की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि सवेरे पिण्डवाड़ा से रोड़वेज बस उदयपुर आ रही थी। इस दौरान कार लेकर मृणाल भी पिण्डवाड़ा से उदयपुर आ रहा था।

# हनुमानगढ़ जिले में एक ही दिन में 514 नए रोगी

**हनुमानगढ़,** (निसं)। तीसरी लहर में कोरोना रोज नए रिकॉर्ड बना रहा है। एक ही दिन में 514 नए पॉजिटिव रोगी मिले। यह जनवरी में मिले रोगियों में एक दिन का सर्वाधिक आंकड़ा है। इसमें एसपी के अलावा आरटीपीसीआर लैब में कोविड सैंपलों की जांच कर रहे डॉक्टर सहित कई संक्रमित पाए गए। चिंताजनक बात है कि कोरोना संक्रमण से पुलिस, स्वास्थ्यकर्मी और फ्रंटलाइन वर्कर भी चपेट में आ रहे हैं। सभी संक्रमितों को होम आइसोलेट किया जा रहा है।

2088 सैंपलों की सुबह आई रिपोर्ट में 514 पॉजिटिव, एक दुबारा पॉजिटिव, 1366 निगेटिव, 156 को दुबारा फ्रेश सैंपल देने को कहा गया है जबकि 51 लोग सैंपल देने नहीं आए। इनमें गांव पक्काभादवां के सरकारी स्कूल में 9, जंडावाली स्कूल के 5 बच्चे, पुलिस लाइन व पुलिस थानों में 8, सरकारी स्कूल पक्काभादवां में 10 बच्चे, जंडावाली स्कूल में 5 बच्चे, हरदयालपुरा में 19 बच्चे, डबली मौलवी में 11, ओएसिस स्कूल 18 एसपीडी में 3, भादरा जेल में 1, गांधीबड़ी में 11, लिखमीसर में 4, जंक्शन कोर्ट कैंपस में 2, एचडीएफसी बैंक मुंडा में 2, एएसपी ऑफिस नोहर में 1, आईसीआईसीआई बैंक हनुमानगढ़ में 1, आदर्श एन्कलेव टाउन में एक ही परिवार के 4, जिला अस्पताल में 3 कर्मी संक्रमित मिले हैं।

जिले में सर्वाधिक एक्टिव केस 638 हनुमानगढ़ ब्लॉक में है जिससे हनुमानगढ़ ब्लॉक रेड जोन में आ गया है। राहत की बात है कि जिले अभी एक भी रोगी की हालत गंभीर नहीं है और 99 प्रतिशत से अधिक संक्रमित होम क्वारेंटाइन है। इनको स्वास्थ्य विभाग की ओर से दवा किट भिजवाई जा रही है। प्रशासन की ओर से लोगों से दो गज की दूरी मास्क जरूरी के साथ ही वैक्सीनेशन करवाने की अपील की जा रही है। बुधवार को 3707 लोगों ने वैक्सीनेशन करवाया।

कोरोना की पहली और दूसरी लहर में जिले में 3 लाख 91 हजार 718 कोविड सैंपल लिए गए थे। इनमें 23720 लोग पॉजिटिव आए थे और 23425 लोग रिकवर होकर डिस्चार्ज हुए थे। सरकारी आंकड़ों की मानें तो 289 लोगों की मौत हुई थी। तीसरी लहर में राहत की बात है कि जिले में रोगी गंभीर स्थिति में नहीं है और 7 दिनों में ठीक हो रहे हैं।

## 90 ग्राम अफीम के दूध के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह इंदौरिया के निर्देशन में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ ऑपरेशन फ्लैश ऑउट के दौरान 90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम के दूध के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार थानाधिकारी वीर सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल राधा चरण, कांस्टेबल रामनारायण ,कांस्टेबल सुरेंद्र, कांस्टेबल हरेंद्र, कांस्टेबल राघवेंद्र, कांस्टेबल चंद्रभान सिंह ने चेक पॉइंट गौशाला के पास नाकाबंदी के दौरान एक मोटरसाइकिल चालक को केशवपुरा की तरफ आता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस जाब्ता को देखकर अपनी मोटरसाइकिल को तेज गति से वापस घुमा कर ले जाने लगा इस पर पुलिस ने अपनी तत्परता दिखाते हुए उस शख्स को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम जीतू उर्फ जितेंद्र पुत्र सुगन उम्र 23 साल जाति गुर्जर निवासी केशव पूरा हिंडौन बताया। जिसकी तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 90 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया गया।

# भीण्डर सड़क मार्ग पर दो बाइकों की टक्कर में पांच जने घायल


## घायल दंपत्ति का प्राथमिक उपचार कर उदयपुर एमबी अस्पताल पहुंचाया

**कानोड़,** (निसं। नगर से भीण्डर सडक मार्ग पर रेल्वे स्टेशन रोड पर पेट्रोल पंप के पास एक सड़क हादसे में दंपति एक मासूम सहित पांच लोग घायल हो गए जिनमें से गंभीर घायल दंपति का प्राथमिक उपचार कर उदयपुर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार भाणपा निवासी लालुराम पुत्र चेनाराम मीणा उम्र 38 वर्ष अपनी पत्नी लीला बाई उम्र 35 वर्ष व चार वर्षीय मासूम भानजी कोमल के साथ बाइक पर झालकों का खेडा गांव में बहन से मिलकर अपने गांव भाणपा की ओर जा रहे था की सामने से तेज गति से आए बाईक सवारों सूर्यभान सिंह पुत्र भगवत सिंह चुण्डावत उम्र 20 वर्ष निवासी डूंगला व राजेश पुत्र राजमल खटीक उम्र 22वर्ष, निवासी कानोड ने टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार सडक पर जा गिरे जिन्हे राहगिरों की मदद से 108 एम्बूलेंस द्वारा कानोड सामुदायिक चिकित्सालय पहुँचाया गया जहां डॉ. आरके सिंह की टीम ने


सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई।

प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर हालात में दंपति को उदयपुर रेफर किया। सडक हादसे के दौरान सडक मार्ग से गुजरते कानोड तहसीलदार लक्ष्मीनारायण सिंह ने हादसा देखा तो थानाधिकारी घेवरचंद से चर्चा कर पुलिस को मौके पर बुलाया तब तक तहसीलदार ने आवागमन बाधित नहीं हो जिसको लेकर व्यवस्था को संभाला जिसके बाद पुलिस वाहन मौके पर पहुँचा ओर दुसरी बाईक पर सवार दो घायल युवकों को कानोड चिकित्सालय पहुँचाया।



सभी कॉमेंटेटर्स से अनुरोध है कि कृपया डेथ ओवर्स न कहें। या तो इन्हें स्लॉग ओवर्स कहें या फिर एंड ओवर। हम एक मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं। डेथ एक अच्छा शब्द नहीं है। आखिरी 10 ओवर्स बेशक बहुत अहम होते हैं लेकिन अगर ये टीम के हिसाब से नहीं जाएं तो कोई मरता नहीं है। -एल. शिवरामाकृष्ण

साथी कॉमेंटेटर्स से अपील करते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** — लियोनल मैसी



**लियोनल** मैसी चिली और कोलंबिया के खिलाफ अर्जेंटीना के 2022 विश्व कप क्वालीफायर में भाग नहीं ले सकेंगे, क्योंकि वह कोविड-19 से उबर रहे हैं। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने यह जानकारी दी। यह सूचना अर्जेंटीना के कप्तान द्वारा चार सप्ताह मैदान के बाहर रहने के बाद अपने क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन के लिए ट्रेनिंग पर लौटने के एक दिन बाद आई है। अर्जेंटीना पहला क्वालीफायर 27 जनवरी को उत्तरी चिली के कैलामा में और दूसरा पांच दिन बाद मध्य अर्जेंटीना के शहर कॉर्डोबा में खेलेगी।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिकेट खिलाड़ियों की आत्मकथाओं की पुस्तक का सबसे छोटा नाम पाकिस्तानी क्रिकेटर जहीर अब्बास की पुस्तक का है। इसका शीर्षक जेड है।

## ओकोनेल, इंगलिस ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में

### ऑस्ट्रेलियन ओपन

मेलबोर्न, 20 जनवरी। ऑस्ट्रेलियाई टेनिस खिलाड़ियों क्रिस्टोफर ओकोनेल और मैडिसन इंगलिस ने गुरुवार को दूसरे दौर के अपने-अपने मैच जीत कर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। ओकोनेल ने जहां दूसरे दौर में अर्जेंटीना के डिएगो श्वाट्र्जमैन को हराकर करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की, वहीं महिला एकल में मैडिसन इंगलिस ने अमेरिका की हैली बैप्टिस्ट को हराया। ओकोनेल ने अर्जेंटीना के 13वीं वरीयता प्राप्त श्वाट्र्जमैन को लगातार सेटों में 7-6 (6), 6-4, 6-4 से हरा कर वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि इंगलिस ने अमेरिकी क्वालीफायर बैप्टिस्ट को 7-6(4), 2-6, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई।

ओकोनेल ने मैच के बाद कहा, यह टेनिस कोर्ट पर अब तक का सबसे अच्छा अहसास है। इस तरह के पलों को देखना एक सपने के सच होने जैसा है। मैंने सिर्फ कठिन परिश्रम किया और प्रशंसकों की ऊर्जा का इस्तेमाल करने की कोशिश की, जो मैंने अतीत में ज्यादा नहीं किया है। मैंने सच में इसे स्वीकार कर लिया है और कोर्ट को जान लिया है। मुझे लगता है कि प्रशंसकों के उत्साह से मुझे पहला सेट जीतने में मदद मिली। इंगलिस ने जीत के बाद कहा, यहां मेलबोर्न में एक और जीत हासिल करना खास है। मार्गरेट कोर्ट (एरिना) पर खेलना सपना सच होने जैसा है। मैं सच में आभारी और भाग्यशाली महसूस कर रही हूं।

## सानिया, राम ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में

मेलबोर्न, 20 जनवरी। वर्ष 2022 के बाद खेल को अलविदा कहने वाली भारतीय स्टार महिला टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा अपने अमेरिकी जोड़ीदार राजीव राम के साथ गुरुवार को शानदार जीत के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत-अमेरिकी जोड़ी ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में प्रारंभिक दौर में एलेक्जेंड्रा क्रुनिक और निकोला कैसिक की सर्बियाई जोड़ी को 6-3, 7-6 से हराया। सानिया और राम का अगला मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त एन मेलिचर-मार्टिनेज और रॉबर्ट फराह या एलेन पेरेज और मैटवे मिडेलकोप की वाइल्ड कार्ड जोड़ी से होगा।

## एशिया कप में अहम होगा भारत का अनुभव : सविता

मस्कट, 20 जनवरी। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया ने गुरुवार को कहा कि एशिया कप में टीम का अनुभव उसके प्रदर्शन के लिए अहम कुंजी होगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत टूर्नामेंट में 21 जनवरी को मलेशिया के खिलाफ करेगा। यह टूर्नामेंट एफआईएच महिला विश्व कप 2022 के लिए एक क्वालीफाइंग इवेंट भी है। सविता ने कहा, ''इस टीम की सबसे अच्छी बात यह है कि हम में से कई लोग लंबे समय से एक साथ खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि यह अनुभव और टीम का आपसी तालमेल हमें अन्य टीमों पर बढ़त देगा।'' गोलकीपर ने कहा, ''हमारी मुख्य प्राथमिकता अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करना है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम बिना किसी गलती के हर टीम के खिलाफ अपने प्लान को लागू करें।''

# भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला

## दक्षिण अफ्रीका से दूसरा वनडे आज

पारल, 20 जनवरी। पहला मैच 31 रन से हारने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को जब मेजबान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां दूसरे वनडे में खेलने उतरेगी तो यह उसके लिए करो या मरो का मुकाबला होगा। भारत यदि इस मैच में भी हारा तो सीरीज उसके हाथ से निकल जायेगी जबकि जीतने की स्थिति में सीरीज का फैसला निर्णायक मैच में होगा।

भारत ने निराशजनक गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में चार विकेट पर 296 रन बनाने दिए थे जबकि खुद वह आठ विकेट पर 265 रन ही बना पाया था। भारत के आठ विकेट तो 214 रन पर ही गिर गए थे। शार्दुल ठाकुर ने अर्धशतक बनाकर हार का अंतर कम किया था। पहले वनडे में वेंकटेश अय्यर से गेंदबाजी न कराना काफी चर्चा में रहा जबकि एक दिन पहले कप्तान लोकेश राहुल ने कहा था कि वेंकटेश छठे गेंदबाजी विकल्प हैं। भारत को न केवल मध्य ओवरों में अपनी गेंदबाजी की दुरुस्त करना है बल्कि मध्य ओवरों की अपनी बल्लेबाजी को भी सुधारना है। ओपनर शिखर धवन के 79 और पूर्व कप्तान विराट कोहली के 51 रन बनाकर आउट हो जाने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गयी और आगे के बल्लेबाज कोई संघर्ष ही नहीं कर पाए। श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और रविचंद्रन अश्विन सस्ते में आउट हुए जिसके बाद शार्दुल ठाकुर ने अंत तक टिके रहकर पारी को पूरी तरह ढह जाने से बचाने का काम किया।

मैच के बाद कप्तान लोकेश राहुल का कहना था, हमें मध्य ओवरों में विकेट लेना सीखना होगा, साथ ही जिस तरह से हमारे बल्लेबाजों ने रन बनाए तो मध्य क्रम के बल्लेबाजों को संभालना था। पिच इतनी धीमी नहीं थी। मैंने कोहली और धवन से बात की तो उनका ऐसा मानना नहीं था। हम उनको 300 रनों के अंदर रोक पाए यह बड़ी बात है। हमारे गेंदबाजों ने कुछ 25 से 30 रन अधिक दिए लेकिन हमने खराब गेंदबाजी नहीं की। 290 से ज्यादा उन्हें नहीं पहुंचना चाहिए था, उनको 270 रनों तक रोका जा सकता था।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने दूसरी तरफ कहा, पिच मेरे या डुसेन के लिए नहीं बदली थी। हमने गैप में गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया और हमारी साझेदारी ही इस मैच में अहम अंतर साबित हुई। यानसन के लिए अच्छा पदार्पण रहा। वह खिलाड़ी के तौर पर लगातार सुधार कर रहे हैं। उनको जब भी नई गेंद मिले तो वह हमें निराश नहीं करते हैं। हमारे पास छह गेंदबाजी विकल्प हैं, अच्छा है कि मारक्रम ने हमारे लिए गेंद से अच्छा प्रदर्शन किया। केशव, मारक्रम, शम्सी तीनों हमारे स्पिनरों ने अच्छा काम किया। डिकॉक को वापस आते देखना अच्छा था। वह हमारे लिए बेहद अहम खिलाड़ी हैं।

भारत टेस्ट सीरीज पहले ही गंवा चुका है और वह वनडे सीरीज जीतना चाहता है। भारतीय खिलाड़ियों को सीखना होगा कि मैच इस तरह नहीं गंवाए जा सकते। भुवनेश्वर कुमार ने 10 ओवर में 64 रन लुटाये थे जबकि ठाकुर ने 10 ओवर में 72 रन दिए थे। अब यह देखना होगा कि गेंदबाजी में कोई परिवर्तन कर दीपक चाहर को लाया जाता है या फिर यही कम्पोजिशन चलता है।

## सिंधु का विजय अभियान जारी, प्रणय भी क्वार्टरफाइनल में



लखनऊ, 20 जनवरी। शानदार कोर्ट कवरेज और उम्दा स्मैश व ड्राप शॉट की बदौलत शीर्ष वरीय पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुर सुपर 300 में गुरूवार को अमेरिका की लॉरेन लैम को सीधे गेम में मात देकर अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित कर लिया।

गोमतीनगर स्थित बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में सिंधु छठीं वरीय थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग से भिड़ेंगी। सुपानिदा ने पिछले सप्ताह खेले गए इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में सिंधु को मात दी थी। महिला एकल के अंतिम 16 के मुकाबले में टॉप सीड पीवी सिंधु ने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी को 33 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेम में 21-16, 21-13 से हराया। कुछ मौकों पर उन्हें लॉरेन के खिलाफ अंक जुटाने के लिए जूझना पड़ा तो उन्होंने कुछ अंक भी गंवाए। सिंधु ने 7-6 से बढ़त के बाद पिछड़ गयी लेकिन उन्होंने 9-10 के स्कोर पर वापसी करते हुए ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधु ने अंक बटोरते हुए 21-16 से जीत दर्ज की।

दूसरे गेम में भी सिंधु ब्रेक तक 11-6 से आगे रही और उम्दा खेल के सहारे 21-13 से जीत दर्ज की। इससे पहले पीवी सिंधु ने ने पहले दौर के मुकाबले में हमवतन तान्या हेमंत को 21-9, 21-9 से मात दी थी। उधर थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग ने एक अन्य मुकाबले में भारत की कीर्ति भारद्वाज को 21-11, 21-7 से मात दी।

चैंपियनशिप के चौथे दिन कोर्ट नंबर वन के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर लाइव किया जाएगा। इस कोर्ट पर सभी बड़े खिलाड़ियों के आठ महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाएंगे। चैंपियनशिप में कल दोपहर दो बजे मुकाबले शुरू होंगे जबकि सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबलों का भी सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर होगा।

चैंपियशिप में तीसरे दिन भारत की शीर्ष वरीय आकर्षी कश्यप ने भी जीत से क्वार्टर फाइनल में इंट्री कर ली। दूसरी ओर पुरूष एकल में दिग्गज भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने भी तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत से अंतिम आठ में जगह बना ली। पुरुष एकल में भारत की ओर से प्रबल दावेदार और पांचवी वरीय एचएस प्रणय को 19 साल के प्रियांशु राजावत के खिलाफ जीत मे पसीना बहाना पड़ा। प्रणय ने एक घंटा चार मिनट चले तीन गेम के मुकाबले में राजावत को 21-11, 16-21, 21-18 से मात दी। हालांकि प्रियांशु ने खासी तेजी दिखाई लेकिन पूर्व वर्ल्ड टॉप टेन में रहे प्रणय ने अपने अनुभव के सहारे जीत की बाजी अपने नाम कर ली।

## विराट कोहली को कारण बताओ नोटिस भेजने वाले थे अध्यक्ष सौरव गांगुली

नई दिल्ली, 20 जनवरी। साउथ अफ्रीका के दौरे पर जाने से पहले विराट कोहली ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की थी। इसी प्रेस कॉन्फ्रेंस से कुछ दिन पहले विराट कोहली से वनडे इंटरनेशनल टीम की कप्तानी छीन ली गई थी। सितंबर 2021 में वे टी20 इंटरनेशनल टीम की कप्तानी छोड़ चुके थे। उनके पास सिर्फ टेस्ट क्रिकेट की कमान थी।



जब विराट ने टी20 टीम की कमान छोड़ी थी तो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने एक बयान में कहा था कि उन्होंने विराट से कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए कहा था। हालांकि, विराट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि किसी ने उनसे कप्तानी नहीं छोड़ने के लिए नहीं कहा था।विराट कोहली के इस बयान से एक बात तो साफ थी कि या तो सौरव गांगुली झूठ बोल रहे हैं या फिर विराट कोहली सच्चाई छिपा रहे हैं। विराट के इस बयान से सौरव गांगुली काफी नाराज थे। इस तरह की रिपोर्ट अब सामने आई है।

हालांकि, सौरव गांगुली ने विराट के बयान के बाद कहा था कि बीसीसीआई इस मामले से निपट लेगी, लेकिन अब जो खबर सामने आ रही है, वो काफी चौंकाने वाली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीसीसीआई के बॉस सौरव गांगुली कप्तान विराट कोहली के उस बयान से नाखुश थे और उनके खिलाफ नोटिस भेजने वाले थे। हालांकि, बोर्ड के अन्य सदस्यों ने उन्हें रोक लिया था।

## विंडीज के खिलाफ घरेलू मैच कोलकाता और अहमदाबाद में

मुंबई, 20 जनवरी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की दौरा एवं कार्यक्रम समिति ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज और तीन मैचों की टी 20 सीरीज अहमदाबाद और कोलकाता में कराने की सिफारिश की है। पहले इन्हे छह स्थलों अहमदाबाद, जयपुर, कोलकाता, कटक, विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में कराने की योजना थी लेकिन कोविड 19 के बढ़ते मामलों के चलते बाध्यताओं के कारण सीरीज के लिए स्थलों की संख्या को घटाना पड़ा। इस बीच वेस्ट इंडीज क्रिकेट बोर्ड को स्थलों में परिवर्तन को लेकर कोई आपत्ति नहीं है।

# भारत ने आयरलैंड को 174 रन से हराया



त्रिनिदाद एंड टोबैगो, 20 जनवरी। भारत ने अपने नियमित कप्तान यश धुल सहित छह खिलाड़ियों के कोरोना से संक्रमित होने के बावजूद गुरुवार को यहां ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में आईसीसी विश्व कप अंडर-19 क्रिकेट में आयरलैंड पर 174 रन की आसान जीत दर्ज की और क्वार्टरफाइनल में स्थान बना लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 5 विकेट पर 307 रन बनाए और आयरलैंड को 39 ओवर में 133 रन पर समेट दिया।

टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी (79) और हरनूर सिंह (88) ने 25.4 ओवर में पहले विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी कर शानदार तरीके भारतीय पारी की शुरुआत की।इस साझेदारी को जेमी फोर्ब्स ने समाप्त किया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज को जोश कॉक्स द्वारा कैच करवाया। रघुवंशी के 79 रन में दस चौके और दो छक्के शामिल थे। निशांत सिंधु (36) और राजंगद बावा (42) ने तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर पारी को और मजबूत किया। भारत ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 307 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज मुजामिल शेरजाद ने 79 रन देकर तीन विकेट लिए। वह आयरलैंड के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे।

जीत के लिए 308 रनों के कठिन स्कोर का पीछा करते हुए, आयरलैंड ने सलामी बल्लेबाज लियाम डोहर्टी (18) और जैक डिक्सन (0) को सस्ते में खो दिया।नियमित अंतराल पर आयरलैंड विकेट गंवाता रहा और 133 रन पर समेट गया।

आयरलैंड की ओर से स्कॉट मैकबेथ (32) और जोश कॉक्स (28) मुख्य स्कोरर रहे। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए 30 रन की साझेदारी की। इसके अलावा स्कॉट मैकबेथ और नाथन मैकगायर (14) ने सातवें विकेट के लिए 39 रन का योगदान दिया।

## वेंकटेश को गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी : धवन

पार्ल (दक्षिण अफ्रीका), 20 जनवरी। भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज शिखर धवन ने कहा कि छठे गेंदबाजी विकल्प के रूप में ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे मैच में गेंदबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी।

गौरतलब है कि भारत तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच बुधवार को 31 रन से हार गया।तेम्बा बावुमा और रैसी वान डेर डुसेन के शतकों के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 296/4 रन का स्कोर खड़ा किया। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 204 रनों की ग्रेस साझेदारी की।

जब भारत के मुख्य गेंदबाज बीच के ओवरों में सफलता हासिल नहीं कर पाए तो सभी की निगाहें इस बात का इंतजार कर रही थीं कि कप्तान लोकेश राहुल पदार्पण करने वाले अय्यर को गेंद कब सौंपेंगे। हालांकि, ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद यह सवाल उठ रहे हैं कि जब वह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज को गेंद से अपने कौशल को साबित करने का मौका नहीं देना चाहते, तो भारत ने अय्यर को प्लेइंग इलेवन में क्यों चुना?

धवन ने बुधवार को मैच के बाद वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''अय्यर की जरूरत नहीं थी। स्पिनरों ने अच्छा किया क्योंकि विकेट टर्न हो रहा था। इसलिए उसकी जरूरत नहीं थी। जब बीच के ओवरों में विकेट नहीं गिर रहे थे, तो मुख्य गेंदबाजों को एक सफलता दिलाने के लिए वापस लाने की योजना थी। लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली इसलिए, अंत में स्पिनरों को वापस लाया गया।''

पिच के बारे में पूछे जाने पर धवन ने कहा कि विकेट धीमा था और साथ ही थोड़ा सा टर्न भी दिया।''हमने अच्छी शुरुआत की थी। मुझे लगता है कि विकेट धीमा था, इसमें गेंद थोड़ा सा टर्न भी हो रही था इसलिए जब आप 300 रनों का पीछा कर रहे होते हैं तो बीच में शॉट खेलना इतना आसान नहीं होता है।''

इस बीच रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में भारत की अगुवाई कर रहे राहुल ने कहा कि टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार से सीखेगी। मैच के बाद राहुल ने कहा, '' हार से सीखने के लिए बहुत कुछ है। हमने वास्तव में अच्छी शुरुआत की, लेकिन बीच में विकेट नहीं ले सके।''

297 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दक्षिण अफ्रीका के लिए एडेन मार्कराम ने राहुल को 12 रन पर आउट किया। इसके बाद धवन और पूर्व कप्तान विराट कोहली ने धीरे-धीरे पारी को संभाला। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी की, जिसके बाद केशव महाराज ने धवन को 79 रनों पर बोल्ड आउट कर दिया।

# भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा

## भारत-न्यूज़ीलैंड को पछाड़ कंगारू शीर्ष पर

दुबई, 20 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया ने भारत और न्यूज़ीलैंड को पछाड़कर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है।

दक्षिण अफ्रीका से 1-2 से सीरीज़ हारकर भारत पहले से तीसरे स्थान पर खिसक गया है, जबकि बांग्लादेश से 1-1 से सीरीज़ ड्रॉ करने वाली न्यूज़ीलैंड की टीम पहले की ही तरह दूसरे स्थान पर है। भारत के ख़िलाफ़ सीरीज़ में जीत के बाद दक्षिण अफ्रीका को फ़ायदा हुआ है और वह एक स्थान के उछाल के साथ पांचवें स्थान पर आ चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एशेज़ में 4-0 के बड़े अंतर से हराया। चौथे स्थान पर काबिज इंग्लैंड इस सीरीज़ में सिर्फ़ एक मैच ड्रॉ करा पाया।

इस सीरीज़ को जीतने से साउथ अफ्रीका को ना सिर्फ़ रैंकिंग में फ़ायदा हुआ है, बल्कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में भी वह भारत को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वहीं पाकिस्तान एक स्थान नीचे जाकर रैंकिंग में छठे स्थान पर आ गया है। वहीं श्रीलंका, वेस्टइंडीज़, बांग्लादेश, ज़िम्बाब्वे, अफ़ग़ानिस्तान और आयरलैंड ने अपने पुराने स्थान को बरकरार रखा है।

बल्लेबाज़ी रैंकिंग में रोहित शर्मा और विराट कोहली को एक-एक स्थान का नुक़सान हुआ है और वे क्रमश: छठे और सातवें स्थान पर आ गए हैं। वहीं एशेज़ में जबरदस्त प्रदर्शन करने वाले मैन ऑफ़ द सीरीज़ ट्रेविस हेड को छह स्थानों का उछाल प्राप्त हुआ है और वह अब पांचवें स्थान पर हैं।

मार्नस लाबुशेन, जो रूट और केन विलियम्सन पहले तीन स्थानों पर क्रमश: बने हुए हैं, वहीं एशेज़ में उम्मीद के मुताबिक़ प्रदर्शन ना करने के कारण स्टीव वॉ को एक स्थान का नुक़सान हुआ है और वह चौथे स्थान पर हैं। गेंदबाज़ी में पैट कमिंस पहले, आर अश्विन दूसरे और कैगिसो रबादा तीसरे स्थान पर हैं।

## स्टार तीरंदाज दीपिका कुमारी और अतानु दास टॉप्स योजना से बाहर

नयी दिल्ली, 20 जनवरी। स्टार भारतीय तीरंदाज दीपिका कुमारी और उनके पति अतानु दास को गुरुवार को राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट में उनके खराब प्रदर्शन के कारण खेल मंत्रालय की लक्ष्य ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से हटा दिया गया। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने पिछले महीने हैदराबाद में राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी टूर्नामेंट के बाद दुनिया की पूर्व नंबर एक रिकर्व तीरंदाज दीपिका और अतानु को समर्थन जारी रखने की समीक्षा करने का फैसला किया था। खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा, टूर्नामेंट में उनके खराब प्रदर्शन को देखते हुए एमओसी ने उन्हें अभी के लिए टॉप्स सूची में शामिल नहीं करने का फैसला किया है। दोनों तीरंदाजों को विभिन्न विश्व कप में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद उच्च दर्जा दिया गया था, लेकिन दीपिका और अतानु दोनों ही समय-समय पर बहु-खेल आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रहे, जिसमें टोक्यो ओलंपिक 2020 शामिल है, जहां उनसे बहुत उम्मीदें थी।

## चीनी ने चीनी ताइपे को 4-0 से हराया

मुम्बई, 20 जनवरी। चीन ने अपने एएफसी महिला एशिया कप इंडिया 2022 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए गुरुवार को मुंबई फुटबॉल एरिना में खेले गए टूर्नामेंट के पहले मैच में चीनी ताइपे पर 4-0 से प्रभावशाली जीत दर्ज की।

ग्रुप-ए के इस मुकाबले में चीन के लिए वांग शुआंग ने तीसरे और 68वें मिनट में गोल किए जबकि झांग जिन ने 54वें और वांग शानशान ने नौवें मिनट में गोल किए। जुलाई 2020 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर खेल होने के बावजूद स्टील रोजेज नाम से मशहूर चीनी टीम को लय हासिल करने में बिल्कुल भी समय नहीं लगा। चीनी टीम ने शुरुआती 10 मिनट में दो बार स्कोर करते हुए 2008 के बाद पहली बार फाइनल्स में चौंकाने वाला परिणाम देने की मंशा रखने वाली चीनी ताइपे की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

हेड कोच के तौर पर शुई जिंगजिया का यह पहला मैच था और शुआंग ने दो गोल और एक एसिस्ट के साथ उन्हें बेहतरीन तोहफा दिया। इस काम में झांग जिन और वांग शानशान ने भी उनका बखूबी साथ दिया। 2022 फाइनल्स के पहले मैच में दो ऐसी टीमों के बीच मुकाबला था, जिन्होंने सम्मिलित रूप से 11 बार यह खिताब जीता है। लेकिन कुछ ही मिनटों के भीतर यह स्पष्ट हो गया कि चीन आने वाले हफ्तों में अपनी झोली में एक और ट्रॉफी डालने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## बीडब्ल्यूएफ ओपन 2022 की मेजबानी के लिए तैयार है ओडिशा

भुवनेश्वर, 20 जनवरी। ओडिशा के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट, बीडब्ल्यूएफ ओपन 2022 में 18 देशों के 300 से अधिक खिलाड़ी शीर्ष सम्मान के लिए मुकाबला करेंगे। ओडिशा पहली बार इस आयोजन की मेजबानी कर रहा है और स्पोर्टस एंड यूथ सर्विस बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया और ओडिशा स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन के साथ मिलकर काम कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह आयोजन बीडब्ल्यूएफ मानकों के अनुसार सुचारू रूप से आयोजित किया जा सके।

# पुजारा और रहाणे को ग्रुप-ए के केन्द्रीय अनुबंध से हटा सकता है बीसीसीआई

नई दिल्ली, 20 जनवरी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) जब कुछ दिन में आगामी सत्र के लिए अनुबंधित खिलाड़ियों की नयी सूची पर फैसला करेगा तो अनुभवी बल्लेबाजचेतेश्वर पुजाराऔर अजिंक्य रहाणे के 'ग्रुप ए' केंद्रीय अनुबंध पर विचार किया जा सकता है। एक अन्य बड़ा सवाल यह है कि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी क्या भविष्य में कप्तानी के दो दावेदारों -केएल राहुलऔरऋषभ पंत- के अनुबंध को अपग्रेड करके उन्हें रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह के साथ एलीट 'ए प्लस' कैटेगरी में शामिल करने के मूड में हैं या नहीं।



बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की चार कैटेगरी – ए प्लस, ए, बी और सी – हैं जिसमें सालाना रिटेनरशिप क्रमश: सात करोड़ रुपये, पांच करोड़ रुपये, तीन करोड़ रुपये और एक करोड़ रुपये है। सामान्य तौर पर तीन अधिकारी, पांच चयनकर्ता और राष्ट्रीय मुख्य कोच 'रिटेनरशिप' पर फैसला करते हैं। हालांकि अंतिम सूची में शामिल 28 नामों में ज्यादा बड़ा बदलाव नहीं होगा लेकिन पिछले साल बनाए गए मौजूदा ग्रुप के संयोजन के बारे में कुछ गंभीर चर्चा हो सकती है। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, 'निश्चित रूप से सभी प्रारूपों के तीन महत्वपूर्ण खिलाड़ी रोहित, कोहली और बुमराह बिना किसी संदेह के 'ए प्लस' कैटेगरी में बरकरार रहेंगे।

## जमशेदपुर के सामने घायल मुंबई की चुनौती

बैम्बोलिन, 20 जनवरी। हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 की दो हैवीवेट टीमें जमशेदपुर एफसी और मुंबई सिटी एफसी शुक्रवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में जब आपस में भिड़ेंगी, तो रोमांच से भरपूर हाई-वोल्टेज फुटबॉल की गारंटी तय है। हैदराबाद के खिलाफ जमशेदपुर का मैच स्थगित हो गया था लेकिन यह टीम पिछले छह मैचों से अपराजित चल रही है। पिछले खेले अपने मैच में जमशेदपुर ने ईस्ट बंगाल को हराया था। कोच ओवेन कोयले की टीम 11 मैचों से 19 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर है। शीर्षस्थ केरला ब्लास्टर्स के 20 अंक हैं लेकिन एटीके मोहन बगान के खिलाफ उसका मैच आज शाम को नहीं खेला जाएगा, क्योंकि यह स्थगित हो गया है, लिहाजा जमशेदपुर के पास टॉप पर पहुंचने का सुनहरा अवसर होगा।

## बाबर आजम वनडे और विलियम्सन चुने गए आईसीसी टेस्ट टीम ऑफ द ईयर के कप्तान

दुबई, 20 जनवरी। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 2021 की पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर जबकि न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियम्सन को टेस्ट टीम ऑफ द ईयर का कप्तान चुना गया है। आईसीसी की ओर से गुरुवार को घोषित 2021 की पुरुष आईसीसी वनडे टीम में पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका बंगलादेश और आयरलैंड के खिलाड़ी शामिल हैं, जबकि टेस्ट टीम में भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान के खिलाड़ी शामिल हैं।

वनडे टीम में कप्तान बाबर आजम सहित पाकिस्तान के दो, बंगलादेश के तीन, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और आयरलैंड के दो-दो खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं टेस्ट टीम में तीन भारतीय, तीन पाकिस्तानी, दो न्यूजीलैंड तथा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका का एक-एक खिलाड़ी शामिल है।

बाबर आजम को 2021 में वनडे प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए वनडे टीम, जबकि केन विलियम्सन को टेस्ट प्रारूप में शानदार प्रदर्शन के लिए टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। बाबर ने छह वनडे मैचों में 67.50 के औसत से 405 रन बनाए थे। वहीं विलियम्सन ने 2021 में न्यूजीलैंड को पहला विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) खिताब जिताने सहित कई अच्छी पारियां खेलीं, जिसके लिए उन्हें टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। उन्होंने चार टेस्ट मैचों में 65.8 के औसत से 395 रन बनाए, जिसमें एक शतक शामिल है।

भारतीय खिलाड़ियों रोहित शर्मा, ऋषभ पंत और रविचंद्रन अश्विन को भी उनके शानदार प्रदर्शन के लिए टेस्ट टीम में जगह मिली है। रोहित ने 2021 में टेस्ट में 47.68 के औसत से 906 रन बनाए, जिसमें दो महत्वपूर्ण शतक शामिल हैं। वहीं पंत ने 12 मैचों में 39.36 के औसत से 748 रन बनाए। उन्होंने इसी के साथ 23 पारियों में 39 बार बल्लेबाजों को स्टं/कैच आउट भी किया। अश्विन का भी 2021 साल शानदार रहा। उन्होंने नौ मैचों में 16.64 के औसत से 54 विकेट लिए।

आईसीसी पुरुष वनडे टीम ऑफ द ईयर : बाबर आजम (कप्तान, पाकिस्तान), पॉल स्टर्लिंग (आयरलैंड), यानेमन मलान (दक्षिण अफ्रीका), फखर जमान (पाकिस्तान), रैसी वान डेर डुसेन (दक्षिण अफ्रीका), शाकिब अल हसन (बंगलादेश), मुशफिकुर रहीम (विकेटकीपर, बंगलादेश), वनिन्दु हसरंगा (श्रीलंका), मुस्तफिजुर रहमान (बंगलादेश), सिमी सिंह (आयरलैंड), दुष्मंता चमीरा (श्रीलंका)।

आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम ऑफ द ईयर : केन विलियम्सन (कप्तान, न्यूजीलैंड), रोहित शर्मा (भारत), मार्नस लाबुशेन (ऑस्ट्रेलिया), जो रूट (इंग्लैंड), फवाद आलम (पाकिस्तान), ऋषभ पंत (भारत), रविचंद्रन अश्विन (भारत), काइल जैमिसन (न्यूजीलैंड), हसन अली (पाकिस्तान), शाहीन आफरीदी (पाकिस्तान)।



*बार्सिलोना की टैराकोटा बालकनी हमेशा से इस "सिटी ऑफ लव" का प्रतीक रही हैं। लेकिन एक प्रस्तावित मेक ओवर के तहत यह सब कुछ बदल सकता है। मेक ओवर में, गर्म हवाओं के नुकसानदायक प्रभाव को कम करने के लिए स्पेन के इस शहर की छतों पर सफेद रंग किया जाएगा। गर्म हवाओं के कारण शहर का तापमान 8 डिग्री तक बढ़ गया है। जलवायु बदलाव की वजह से यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना के वैज्ञानिकों ने एक नाटकीय प्रस्ताव रखा, जिससे शहर का स्वरुप बदल सकता है, पर शहर के अच्छे के लिए। वैज्ञानिकों का दावा है कि शहर की छतों पर सफेद रंग करने से गर्मी में तापमान 4.7 डिग्री तक कम हो सकता है। हालिया आंकड़ों के अनुसार वैश्विक औसत की तुलना में यूरोप ज्यादा तेजी से गर्म हो रहा है। यहां वार्षिक तापमान 1.7 से 1.9 डिग्री के बीच बढ़ रहा है। बार्सिलोना भी कोई अपवाद नहीं है। सन् 2020, इस शहर का गत दो सौ सालों में सबसे गर्म वर्ष रहा है, जब यहां औसत तापमान 16.8 डिग्री दर्ज किया गया। इस समस्या के जवाब में क्लाइमेट चेन्ज पर शोध कर रहे वैज्ञानिक शहर की छतों पर सफेद रंग करने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। ऑटोनोमस यूनिवर्सिटी ऑफ बार्सिलोना के मौसम विज्ञानी सैर्जी वैन्चुरा ने कहा, "अध्ययन में हमने पाया कि "हीटवेव" के दौरान तापमान 0.8 डिग्री तक कम हो गया। कुछ जगहों पर तथा दिन के कुछ घंटों में तापमान 4 डिग्री तक कम हो गया।" रिसर्च बताती है कि, बार्सिलोना में जो भवन निर्माण सामग्री इस्तेमाल होती है वह दिन में सौर विकिरणों को थामे रखती है जिससे शहर भर में गर्मी बढ़ जाती है। इसकी बजाय छत पर सफेद रंग करने से छतों को ठंडा दिया जा सकता है, इससे धूप परावर्तित हो जाएगी और इमारतों का तापमान कम हो जाएगा। इसके लिए वैज्ञानिक अरबन मास्टर प्लान जैसी इकाइयों को साथ जोड़ रहे हैं जो छतों पर सफेद रंग करने को तैयार हो गए हैं।*

# कोटा थर्मल के ठेका श्रमिकों को 3 माह से वेतन नहीं मिला

- **राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ की कोटा थर्मल इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि, कोटा थर्मल की सात इकाइयों के संचालन, रख रखाव, कोल हैंडलिंग प्लांट का काम बड़ी कम्पनियों को ठेके पर दे रखा है, ये कम्पनियां अपने श्रमिकों को समय पर वेतन नहीं दे रही हैं।**
- **श्रमिकों ने बताया कि करोना की तीसरी लहर एवं महंगाई की मार से आर्थिक स्थिति पहले ही खराब है और वेतन नहीं मिलने से तो हालत दयनीय हो गई है।**

कोटा, 20 जनवरी (निसं)। कोटा सुपर थर्मल में कार्यरत 2500 से अधिक ठेका श्रमिकों में से अधिकांश को पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिल पर रहा है। बिजलीघर में नियमित बिजली पैदा करने के बावजूद समय पर वेतन नहीं मिलने से गरीब मजदूर परिवारों को आर्थिक संकट से जूझना पड़ रहा है।

राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ की कोटा थर्मल इकाई के अध्यक्ष रामसिंह शेखावत ने बताया कि कोटा थर्मल की सातों इकाइयों के संचालन, मेंटिनेंस, कोल हैण्डलिंग प्लांट आदि में बाहर की बड़ी कम्पनियों को ई-टेंडर दिये हुये हैं।

इनके अधीन काम करने वाले ठेका श्रमिकों को हर महीने समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि ई-टेंडर लेने वाली बड़ी कंपनियां छोटे ठेकेदारों को कम दरों पर पेटी आधार पर ठेका दे देती है, जिससे ठेका श्रमिकों को 6 से 7 हजार रुपये का मासिक वेतन भी समय पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्लांट की अधिकांश लोकेशनों को ठेके पर दे दिया गया है, इसके बावजूद ठेका मजदूरों को प्रतिमाह समय पर वेतन भुगतान नहीं करके श्रम कल्याण कानून का सरासर उल्लंघन किया जा रहा है।

कोटा थर्मल से लगभग 4 रूपये प्रति यूनिट की दर से बिजली पैदा की जा रही है, जिसे डिस्कॉम द्वारा घरेलू उपभोक्ताओं को 10 रूपये यूनिट की दर से बेचा जाता है। इसके बावजूद डिस्कॉम कम्पनियां विद्युत उत्पादन निगम को बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रही है, जिससे निगम के बिजलीघरों के समक्ष कोयला संकट सहित वेतन भुगतान की समस्याएं खड़ी हो गई हैं।

ठेका श्रमिकों ने बताया कि करोना की तीसरी लहर एवं महंगाई की मार से परिवारों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। प्रतिमाह किराना, बच्चों की फीस, बिजली के बिल एवं मकान किराया देने के लिये उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

वेतन नहीं मिलने से कई मजदूर 6 माह से मकान किराया नहीं दे पा रहें हैं। समय पर वेतन देने की मांग करने पर संवेदक उन्हें काम से निकालने की धमकी देते हैं।

उन्होंने थर्मल प्रशासन से मांग की कि श्रमिकों का बकाया वेतन शीघ्र दिलवाने के लिये कठोर कदम उठायें। शेखावत ने कहा कि कोटा थर्मल में कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को पिछले तीन माह से ओवरटाइम भुगतान भी नहीं किया गया है, जबकि बिना भुगतान किये उनकी अग्रिम आयकर कटौती कर ली गई है। कर्मचारी संगठनों द्वारा आवाज उठाने पर निगम प्रशासन एक ही तर्क देता है कि सस्ती बिजली खरीदकर महंगी दरों पर बेचने के बावजूद डिस्कॉम कम्पनियां उत्पादन निगम को समय पर भुगतान नहीं कर रही हैं, जिससे हर स्तर पर आर्थिक संकट पैदा हो गया है।

## मूल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समक्ष टीएसपी क्षेत्र का निवासी होने का प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए आवेदन किया। उसका आवेदन इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि वह वर्तमान में जिस स्थान पर निवास करती है वह टीएसपी क्षेत्र में शामिल नहीं है। अत: उसे यह प्रमाण पत्र नहीं दिया जा सकता।

**कोर्ट ने कहा- मूल निवास नहीं बदला जा सकता :**

न्यायाधीश दिनेश मेहता ने अनिता का पक्ष सुनने के बाद कहा कि सिर्फ शादी होने के आधार पर किसी का मूल निवास स्थान नहीं बदल सकता। शादी से पहले यदि वह ट्राइबल सब प्लान(टीएसपी) क्षेत्र में रहती थी तो वह विशेष मूल निवास(टीएसपी) प्रमाण पत्र की हकदार है।

खंडपीठ ने अनिता से कहा कि वह इस फैसले की प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ बड़ी सादड़ी के तहसीलदार के समक्ष नए सिरे से आवेदन करें। साथ ही कोर्ट ने तहसीलदार को आदेश दिया कि वह पंद्रह दिन के भीतर इस मामले का निस्तारण करें।

## रणथंभौर: टैरिटोरियल फाइट में पैंथर की मौत

- **बताया जाता है कि, पैंथर की किसी बाघ से लड़ाई हुई थी।**

सवाई माधोपुर, 20 जनवरी (निस)। सवाई माधोपुर स्थित रणथंभौर टाइगर रिजर्व के रवाजना डूंगर क्षेत्र के कालीभाट नाका वन क्षेत्र में एक पैंथर का शव मिला है। मृत पैंथर का पोस्टमार्टम करने वाले डा. राजीव गर्ग का मानना है कि इसकी मौत टैरिटोरियल फाइट में हुई है। इस पैंथर का किसी बाघ के साथ खूनी संघर्ष हुआ है।

पैंथर का शव मिलने की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पंहुँची और उसे कब्जे में लेकर राजबाग नाका वन चौकी पहुँचाया गया। जहां वनाधिकारियों की मौजूदगी में उसका पोस्टमार्टम करने के बाद अंतिम संस्कार किया गया।

## सीसीटीवी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक सवारी उतारी थी, पर एक्सीडेंट नहीं देखा। पुलिस का मानना है कि बाइक अचानक आई थी, जो बगल से निकली। उसी दौरान बालिका को बाइक से टक्कर लगी है। घटना सीसीटीवी में इसलिए नहीं आई कि बस की आड़ हो गई थी।

पुलिस को सीन रिक्रिएट करने के लिए दो बार जाना पड़ा। पहली बार पुलिस पहुंची तो वहां भीड़ एकत्रित हो गई। आधी-अधूरी तैयारी के बाद पुलिस को लौटना पड़ा। बुधवार आधी रात बाद पुलिस और एफएसएल टीम दोबारा घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद सीन रिक्रिएट किया गया। मामले को लेकर एक समुदाय विशेष आंदोलन की तैयारी में हैं। अलवर बंद कराने की रणनीति भी बनाई जा रही है। इस कारण पुलिस पर दबाव भी है कि जल्दी मामले का खुलासा किया जाए। सरकार इस मामले में पहले ही सीबीआई जांच की सिफारिश कर चुकी है।

## ब्रिटेन लगभग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

किसी संक्रमण से ठीक हो जाने के सबूत की कोई जरूरत नहीं रहेगी।

जॉनसन ने कहा, "हम इंग्लैंड की जनता के फैसले पर आस्था रखेंगे। हमारा देश ओमक्रॉन की लहर से सबसे पहले उबरने वाला देश है।"

ताजातरीन जानकारी के अनुसार, जॉनसन की "कन्ज़र्वेटिव पार्टी का एक सदस्य बुधवार को पार्टी छोड़कर "लेबर पार्टी" में चला गया। उस सदस्य ने कहा कि उसने अविश्वास प्रस्ताव की जरूरत बताने वाला एक पत्र भी प्रस्तुत कर दिया है। जॉनसन इस बात पर जोर दे रहे हैं कि वह सदस्य इस्तीफा नहीं देगा। इगलैंड में कोविड केसों की संख्या बहुत अधिक बनी हुई थी, लेकिन पिछले सप्ताह की तुलना में अभी हाल के सात दिन में केसो की संख्या 39 प्रतिशत कम हो गई थी।

## विदेशी पक्षी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हजारों प्रवासी पक्षियों ने डेरा डाल रखा है। अगर बर्ड फ्लू की दस्तक होती है तो ये इन पक्षियों के लिए बहुत बड़ा खतरा साबित हो सकता है।

# शादियों में पुन: 100 मेहमान बुलाने की छूट दी राज्य सरकार ने

## गृह विभाग ने 22 दिन में छठी बार गाइडलाइन जारी की

- **वीकैन्ड कर्फ्यू सिर्फ शहरी क्षेत्र में रहेगा, जबकि नाइट कर्फ्यू पूरे प्रदेश में जारी रहेगा।**
- **होटल व मैरिज हॉल वालों को बुकिंग रद्द करने पर रीफण्ड देना होगा।**
- **1 फरवरी से सभी बाजारों, दफ्तरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को, अपने कार्मिकों को वैक्सीन की दोनों डोज़ लगे होने की सूचना सार्वजनिक बोर्ड पर लगानी होगी।**

जयपुर, 20 जनवरी (कासं)। प्रदेशभर में होने वाले शादी-समारोह में अब 100 मेहमान इकट्ठा हो सकेंगे। बैंड-बाजा वादक अलग से होंगे। गृह विभाग ने 22 दिन में गाइडलाइन जारी करके पाबंदियों में छठी बार फेरबदल किया। अब वीकैंड कर्फ्यू (शनिवार रात 11 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक) प्रदेशभर के बजाय सिर्फ शहरी क्षेत्रों में लागू रहेगा। जबकि पूरे प्रदेश में प्रत्येक रात 11 से सुबह 5 बजे तक रहने वाला नाइट कर्फ्यू जारी रहेगा। गृह विभाग की यह गाइडलाइन 24 जनवरी से लागू होगी।

दरअसल राज्य सरकार ने पिछली गाइडलाइन में कहा था कि गांवों की शादियों में 100 तथा शहरों में 50 मेहमान इकट्ठा हो सकेंगे। इस नई गाइडलाइन में शहर और गांव दोनों में यह संख्या बराबर कर दी गई है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में वीकेंड कर्फ्यू शनिवार रात 11 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक पहले की तरह ही रहेगा। हालांकि हर दिन रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक नाइट कर्फ्यू प्रदेश भर में लागू होगा। वीकेंड कर्फ्यू में 14 कैटेगरी को पहले दी गई छूट जारी रहेगी। किराना की दुकानें, फल-सब्जी मंडी और इसकी दुकानें, दूध डेयरी, मेडिकल दुकानें पूर्ववत खुली रहेंगी।

1 फरवरी से सभी बाजारों, दफ्तरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को अपने यहां काम करने वालों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाने की सूचना सार्वजनिक रूप से बोर्ड पर लगानी होगी। जिन दफ्तरों, बाजारों और प्रतिष्ठानों पर यह सूचना चस्पा नहीं होगी, उनके खिलाफ महामारी एक्ट में कार्रवाई होगी। नई गाइड लाइन में यह प्रावधान किया गया है कि करोना के कारण कोई होटल या मैरिज गार्डन की बुकिंग रद्द करवाता है या डेट आगे करता है तो पैसा रिफंड करना होगा।

ज्ञात रहे कि करोना महामारी को लेकर सरकार बीते 22 दिन में 6 गाइडलाइन जारी कर चुकी है। सबसे पहले 29 दिसंबर को गाइडलाइन जारी की गई। इसके बाद 2 जनवरी और 5 जनवरी को। फिर 9 जनवरी को गाइडलाइन जारी करके संडे कर्फ्यू, रात 8 बजे बाजार बंद करने, शहरों में 12वीं तक के स्कूल बंद करने जैसी पाबंदियां लगाईं। गत 13 जनवरी को संशोधित गाइडलाइन जारी कर संडे कर्फ्यू में आवश्यक वस्तुओं की दुकानों को छूट दी गई। अब 20 जनवरी की गाइडलाइन में शादी समारोह में 100 लोगों के शामिल होने की अनुमति दी है।

## यू.पी. चुनाव...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के सपा की ओर खिंच आने की संभावना रहेगी। भाजपा के नजरिये के हिसाब से अगर यादव उसके जाल में फँस जाते हैं तथा अपना नामांकन पत्र भर देते हैं तथा पार्टी (भाजपा) को यह अवसर मिल जायेगा कि वह अखिलेश को एक ही सीट से बाँधे रखे तथा उन्हें पूरे राज्य में प्रचार करने के लिये थोड़ा बहुत समय ही मिल पाये। लेकिन सार्वजनिक "फिज़ीकल" जनसभाओं पर लगी चुनाव आयोग की रोक की अवधि के बढ़ने की संभावना के चलते चुनाव लड़ना यादव के लिए नुकसान का सौदा नहीं होगा।

## राहुल व प्रियंका यू.पी. चुनाव का घोषणा पत्र आज जारी करेंगे

नई दिल्ली, 20 जनवरी (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को नई दिल्ली पार्टी मुख्यालय में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे।

कांग्रेस ने कहा है कि प्रियंका वाड्रा और राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर 12 बजे पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के लिए पार्टी का घोषणा पत्र जारी करेंगे। करोना से बचाव के लिए सरकार पर कदम उठाने का दबाव बनाने वाले राहुल गांधी ऐसे समय में यह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रहे हैं जब राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना नियमों के पालन के लिए सख्त दिशानिर्देश जारी हुये हैं। कांग्रेस के लिए इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन बड़ी चुनौती होगा।

- **दोनों नेता नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय से ही यू.पी. चुनाव घोषणा पत्र जनता के समक्ष पेश करेंगे।**

# 2020 के दिल्ली दंगों में पहली सजा

## दिल्ली सैशन कोर्ट ने दिनेश नाम के युवक को लूटपाट, दंगे फैलाने एवं आगजनी के मामले में दोषी मानते हुये पांच साल कैद की सजा सुनाई

नई दिल्ली, 20 जनवरी (वार्ता)। राजधानी दिल्ली में 2020 के दंगे के एक मामले में यहां की एक अदालत ने गुरुवार को एक व्यक्ति को पांच साल कैद की सजा दी।

माना जाता है वर्ष 2020 के दंगों के मामले में पहली बार किसी व्यक्ति को सजा मिली। इससे पहले कई आरोपी रिहा हो गए थे।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र भट्ट की अदालत ने दिनेश यादव को दंगा, लूटपाट और आगजनी समेत विभिन्न आपराधिक मामलों में परिस्थिति जन्य सबूतों के आधार पर दोषी ठहराते हुए में सजा दी।

पूर्वी दिल्ली की कड़कड़डूमा स्थित इस अदालत ने गत छह दिसंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

यह मामला गोकुलपुरी के भागीरथी विहार का है, जहां 25 दिसंबर 2020 को दंगे हुए थे। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि 150-200 लोगों की बेकाबू भीड़ ने कई मकानों पर हमले किए थे। बेकाबू लोगों की भीड़ द्वारा लूटपाट और आगजनी की घटनाएं की गई थी। दिनेश की पड़ोसी एक मुस्लिम परिवार ने लूटपाट आगजनी एवं दंगा करने के आरोप लगाया थे। दिनेश को तीन जून 2020 को एक अन्य अपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## विधानसभा सत्र

- **15वीं राजस्थान विधानसभा का सप्तम अधिवेशन 9 फरवरी से**

जयपुर 20 जनवरी। राज्यपाल कलराज मिश्र ने 15वीं राजस्थान विधानसभा के सप्तम अधिवेशन को बुधवार 9 फरवरी को प्रात: 11.00 बजे आहूत किया है। इस संबंध में राजस्थान विधान सभा के सचिव महावीर प्रसाद शर्मा की ओर से राजस्थान राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित करवाई गई। इससे पहले राजस्थान मंत्रिमंडल ने मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र आहूत करने को लेकर अपनी अनुशंसा की थी।

# एक के बाद एक सर्वे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बाइडन ने राष्ट्र को एकजुट करने को लेकर चुनाव प्रचार किया था और पिछले वर्ष 6 जनवरी को दिए गए अपने भाषण में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा था: "मैं राष्ट्रपति पद की शक्ति में विश्वास करता हूँ और उसका उद्देश्य इश देश को एकजुट करना है, ना कि विभाजित करना (उद्देश्य हमें ऊपर उठाना है, ना कि हमारी धज्जियां उड़ाना। यह "हमारे" लिए, "हमारे" लिए होना चाहिए ना कि "मेरे" लिए।"

वाइट हाउस के लिए और निराशाजनक यह है कि अधिकांश प्रतिभागियों (42 प्रतिशत) ने कहा कि उनका मानना है के राष्ट्रपति के रूप में बाइडन का प्रदर्शन अगले तीन वर्षों में और खराब होगा। इस बीच, 29 प्रतिशत वोटर्स ने कहा कि, उनका मानना है कि इसमें सुधार होगा और 23 प्रतिशत ने कहा कि बाइडन का प्रदर्शन फिलहाल जैसा है, वैसा ही रहेगा।

उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को मिले अंक भी निराशाजनक हैं। प्रतिभागियों से जब यह पूछा गया कि हैरिस के प्रति वे कोई अनुकूल राय रखते हैं या प्रतिकूल, तो आधे से भी अधिक 54 प्रतिशत ने कहा कि हैरिस को लेकर उनकी राय प्रतिकूल है। चूंकि डैमोक्रेट्स का लक्ष्य इस वर्ष के मध्यावधि चुनावों में कांग्रेस को अपने नियंत्रण में रखना है, ऐसे में जनता की राय बाइडन सरकार के लिए एक गंभीर समस्या है, लेकिन चुनाव सर्वेक्षणों में दोनों पार्टियों में बराबर की टक्कर मानी जा रही है क्योंकि 41 प्रतिशत वोटर्स ने कहा कि चुनाव आज ही कराए जाए तो वे कांग्रेस के लिए डैमोक्रेट उम्मीदवार को अपना समर्थन देंगे, जबकि 42 प्रतिशत ने कहा कि वे रिपब्लिकन उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ ने कहा कि स्थिति ज्यादा उत्सावर्धक नहीं है कि इस प्रार्थना पर विचार किया जा सके। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सिर्फ 20 जज के सहारे काम हुआ जिन्हें दस बैंचों में तैनात किया गया था। हरेक बैंच में दो-दो जज थे। सर्वोच्च न्यायालय में कुल 32 जज हैं। लेकिन गुरुवार को 12 जज अनुपलब्ध थे क्योंकि उन्हें कोविड संक्रमण हो गया है। वैसे सुप्रीम कोर्ट में कुल 34 जज होने चाहिए दो पद अभी रिक्त है। एक नम्बर कोर्ट के मुखिया चीफ जस्टिस एन.वी. रमना हैं एक नम्बर कोर्ट में गुरुवार को काम नहीं हुआ। दो नम्बर कोर्ट के मुखिया उदय उमेश उलित भी नहीं बैठे। जस्टिस ललित के कोर्ट ने बुधवार को भी काम नहीं किया। शुक्रवार के लिए जारी कॉज़ लिस्ट के अनुसार कुछ दिनों तक यही स्थिति रहेगी तथा दस बैंचों में 20 जजों की तैनाती होगी।

# सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को दूसरा पारिवारिक झटका लगा

## मुलायम सिंह यादव के साढ़ू एवं पूर्व विधायक प्रमोद कुमार गुप्ता ने भाजपा जॉइन की

- **लखनऊ में प्रमोद गुप्ता के साथ कांग्रेस की पोस्टर गर्ल के नाम से चर्चित रही डा. प्रियंका मौर्या ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली।**

लखनऊ, 20 जनवरी। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान शुरू होने से पहले समाजवादी पार्टी को परिवार से ही दूसरा झटका मिला है। समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव (नेताजी) के साढ़ू पूर्व विधायक प्रमोद गुप्ता भाजपा में शामिल हो गए। लखनऊ में उनके साथ कांग्रेस की पोस्टर गर्ल डा. प्रियंका मौर्या ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

समाजवादी पार्टी के औरैया के बिधूना से 2012 में विधायक रहे प्रमोद कुमार गुप्ता के साथ कांग्रेस की पोस्टर गर्ल डा. प्रियंका मौर्या, अयोध्या की लोक गायिका वंदना मिश्रा तथा कानपुर की गोविन्द नगर सीट से बसपा के प्रत्याशी रहे सुनील शुक्ला ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। भाजपा ज्वाइनिंग कमेटी के प्रमुख पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा. लक्ष्मीकांत बाजपेई ने इन सभी को पार्टी सदस्यता दिलाई।

भाजपा में शामिल होने के बाद औरैया के बिधूना से विधायक रहे प्रमोद कुमार गुप्ता ने अखिलेश यादव पर बेहद गंभीर आरोप लगाया। मुलायम सिंह के साढ़ू प्रमोद गुप्ता ने कहा कि अखिलेश यादव ने तो नेताजी को बंधक बना रखा है। समाजवादी पार्टी में तो गुंडों का ही बोलबाला है। प्रमोद गुप्ता बोले कि अखिलेश यादव चाटुकारों से घिर गए हैं। मुलायम सिंह बुजुर्ग हो गए हैं। उनकी बात अब न अखिलेश सुनते हैं और न ही पार्टी में कोई सुनता है। अखिलेश ने मुलायम को बहुत रुलाया है।

आज उनकी यह हालत अखिलेश की वजह से ही है।

## एंजेला मर्केल ने यू.एन. में बड़ा पद ठुकराया

- **संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटरेस ने यू.एन में हाई रैंक का पद देने का प्रस्ताव रखा था जिसे मर्केल ने हाथों-हाथ खारिज कर दिया।**

बर्लिन, 20 जनवरी (वार्ता)। जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के संयुक्त राष्ट्र में हाई रैंक पद लेने के प्रस्ताव से इनकार कर दिया है।

पोलिटिको ने बुधवार को पूर्व चांसलर के कार्यालय के एक अधिकारी के हवाले से कहा, मर्केल ने पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासचिव से फोन पर बात की, उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह इस प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करेंगी।

गौरतलब है कि पिछले हफ्ते महासचिव ने मर्केल को वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं पर संयुक्त राष्ट्र सलाहकार बोर्ड का नेतृत्व करने की पेशकश की थी।

# अमेरिका ने यूक्रेन पर रूस के हमले की प्रबल आशंका जताई

## अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि, यूक्रेन पर हमला हुआ तो रूस ही उसका जिम्मेदार होगा, लेकिन ऐसा करने पर रूस को भी माकूल जवाब दिया जायेगा

- **बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा है कि, अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो हम रूस पर ऐसे कड़े प्रतिबंध लगाएंगे जो उन्होंने कभी नहीं देखे होंगे।**

वॉशिंगटन, 20 जनवरी। यूक्रेन को लेकर अमेरिका और रूस के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। मामले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि यूक्रेन पर हमला करने पर रूस को जवाबदेह ठहराया जाएगा। रूस अगर यूक्रेन पर हमला करता है तो रूस के लिए बहुत बड़ी मुसीबत का वक्त होगा। हमारे साथी और सहयोगी रूस और उसकी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान पहुंचाने के लिए तैयार हैं। बाइडन ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर रूस यूक्रेन पर हमला करता है तो हम रूस पर ऐसे प्रतिबंध लगाएंगे जो उन्होंने कभी नहीं देखे होंगे।

वाइट हाउस की प्रेस सचिव जेस साकी ने भी रूस को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर रूसी सेना यूक्रेन बॉर्डर को पार करती है तो उन्हें अमेरिका और उसके सहयोगियों से गंभीर और एकजुट प्रतिक्रिया मिलेगी। साकी ने कहा है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ स्पष्ट हैं। यदि कोई रूसी सैन्य बल यूक्रेनी सीमा के पार जाता है तो यह आक्रमण है और इसका अमेरिका और उसके सहयोगियों की ओर तेजी से गंभीर और एकजुट प्रतिक्रिया दी जाएगी।

साकी ने आगे बताया है कि राष्ट्रपति बाइडन अपने लंबे अनुभव से जानते हैं कि रूसियों के पास साइबर हमले और अर्धसैनिक रणनीति सहित सैन्य कार्रवाई से कम आक्रामकता की एक व्यापक प्लेबुक है। उन्होंने आज पुष्टि की है कि रूसी आक्रामकता के उन कृत्यों को एक निर्णायक, पारस्परिक और एकजुट प्रतिक्रिया के साथ पूरा किया जाएगा।

इसके बीच यूक्रेन के मसले पर अमेरिका और रूस के बीच तनाव को दूर करने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कीव की यात्रा की है। रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मुलाकात की और बताया कि रूसी सेना बहुत ही कम नोटिस पर हमला कर सकती है। करीब एक लाख रूसी सैनिक सीमा पर जमा हो गए हैं।

बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए रक्षात्मक सैन्य सहायता में अतिरिक्त 200 मिलियन डॉलर की मंजूरी दी है। इसके अलावा, ब्लिंकन 22 जनवरी को जिनेवा में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मिलने वाले हैं।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: घूघरा घाटी, जयपुर रोड, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स: 0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908